सूर्योदय : 6:10
सूर्यास्त : 6:17
अधिकतम तापमान : 32.0
न्यूनतम : 16.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-284 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 24 मार्च 2024
13 रमजान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com

13 रमजान, २४.03.2024

सुन्नी हज़रात

सेहरी	इफ्तार
04 : 41	06 : 22

शिया हज़रात

सेहरी	इफ्तार
04 : 38	06 : 31

उमरा, ज़ियारत
उमरा और ईरान-ईराक़, शाम की जियारत के लिये संपर्क करें
अलजवाद टूर्स एण्ड ट्रेवेल्स
लखनऊ
मौलाना सलीम अब्बास ज़ैदी
मो. 9897328277
7905439594

संविधान से ऊपर नहीं हो सकती शरियत: योगी

जवाब

- हम हिंदू आस्था से खिलवाड़ नहीं कर पाए, शायद इसलिए नहीं बनी मुसलमानों के मन में हमारे लिए जगहः मुख्यमंत्री
- पूरी दुनिया को परिवार मानने की अवधारणा पर है सीएए

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शरियत संविधान से बड़ी नहीं है। ये देश संविधान से चलेगा। शरियत भारत से बड़ी नहीं हो सकती है। मुस्लिमों को घर-मकान सब मिल रहा है, लेकिन उन्हें भारत का कानून भी मानना चाहिए। उन्होंने मदरसों के आधुनिकीकरण पर भी जोर दिया।

एक निजी टीवी चैनल के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मदरसों के आधुनिकीकरण के सवाल पर कहा कि शरियत हमारा व्यक्तिगत विषय हो सकता है, मगर वो संविधान से ऊपर नहीं हो सकता। हम मदरसों का आधुनिकीकरण कर रहे हैं। हमे वैज्ञानिक, इंजीनियर और कुशल मानव संसाधनचाहिए। हमें अपने शिक्षण संस्थानों को उसी अनुरूप बनाना होगा। प्रदेश की शिक्षण व्यवस्था में एकरूपता लाना हमारी प्राथमिकता है। मुसलमानों की चिंता की सवाल पर सीएम योगी ने कहा, मुस्लिमों की कौन चिंता नहीं करता। उन्हें मकान मिल रहा है। खाने को मिल रहा है। लेकिन, वे भारत का कानून भी तो मानें। भारत के संविधान का सम्मान करें। शरियत संविधान से बड़ी नहीं हो सकती। अगर मुसलमान इस बात को मानें तो भारत की जनता उन्हें सिर आंखों पर बिठाएगी।

कानून से बड़ा कोई नहीं: सीएम

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई भी कानून से बड़ा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र है। इसलिए अरविंद केजरीवाल बार-बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बन सके। मगर, लोकतंत्र किसी व्यक्ति, पार्टी या संस्था को डकैती डालने की छूट नहीं देता। मुख्यमंत्री प्रदेश का मालिक नहीं होता। हमारा काम जनसेवक और कस्टोडियन का होता है। उन्होंने कहा कि कोई भी, फिर चाहे मैं ही क्यों न हूं, अगर नियम विरुद्ध आचरण करूंगा तो मुझ पर भी देश का कानून लागू होगा। कोई व्यक्ति या सरकार खुद को कानून से ऊपर मानने लगे तो ये गलत है। ईडी एक स्वतंत्र नियामक संस्था है और केजरीवाल का मामला कोर्ट में है। इसे अब कोर्ट ही तय करेगी। सीएम योगी ने सीएए के सवाल पर कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में हिन्दू आबादी कई गुना घटी है। सीएए भारत के वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा है।

हत्याकांड के दोषियों को छोड़ेंगे नहीं: पुतिन

चेतावनी

- क्रॉकस सिटी में हुई गोलीबारी में 140 से अधिक लोगों की मौत
- राष्ट्रीय शोक का एलान किया

मॉस्को। 24 मार्च को राष्ट्रीय शोक रूस के क्रॉकस सिटी में हुई गोलीबारी में 140 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। इसी बीच राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 24 मार्च के दिन राष्ट्रीय शोक का एलान किया। पुतिन ने कहा कि इस हत्याकांड के दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि जांच के बाद हत्याकांड के दोषियों को सख्त सजा दिलाई जाएगी। गौरतलब है कि रूस में हुए हमले के बारे में रूसी सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक, हमलावरों के यूक्रेन में संपर्क थे और वह बॉर्डर की तरफ भाग रहे थे। हालांकि, रूस-यूक्रेन बॉर्डर तक पहुंचने से पहले ही उन्हें ब्रायन्स्क प्रांत में पकड़ लिया गया। मॉस्को की गोलीबारी पर निराशा और दुख का इजहार करते हुए हाल ही में पांचवीं बार राष्ट्रपति चुने गए पुतिन ने देशवासियों से मुखातिब होकर कहा, मैं आज आपसे उस खूनी, बर्बर आतंकवादी कृत्य के संबंध में बात कर रहा हूं, जिसमें दर्जनों निर्दोष, शांतिपूर्ण लोग शिकार बने। मैं 24 मार्च को राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित करता हूं। आतंकियों ने क्रॉकस सिटी में मासूम लोगों को निशाना बनाते हुए हॉल में धमाका किया और जमकर गोलियां बरसाई। इस घटना के बाद मॉस्को में हाई अलर्ट जारी करते हुए रूस की सुरक्षा एजेंसी और पुलिस ने मिलकर अभियान चलाया। अब तक इस घटना पर 11 संदिग्ध गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इनमें से चार वह बंदूकधारी हैं, जो हमले में सीधे तौर पर शामिल रहे।

न्यूज डायरी

मनोज पांडेय को वाई प्लस सुरक्षा

लखनऊ। राज्यसभा चुनाव में सपा से बगावत भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने वाले सपा के तीन और विधायकों मनोज पांडेय, राकेश प्रताप सिंह और विनोद चतुर्वेदी को केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने वाई श्रेणी की सुरक्षा दे दी है। इनमें मनोज पांडेय को वाई प्लस श्रेणी और अन्य दोनों विधायकों को वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। अब ये विधायक सीआरपीएफ जवानों के सुरक्षा घेरे में रहेंगे। बता दें कि बीते दिनों राज्यसभा सदस्यों के लिए हुए चुनाव में सपा में भारी बगावत हुई थी। सपा के इन विधायकों को खुलकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया था। इसके बाद केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने अब इन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा दिया है।

केजरीवाल को हाईकोर्ट से झटका

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कथित शराब नीति घोटाला मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी और छह दिन की रिमांड को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को रात करीब 9 बजे गिरफ्तार किया था। कल, ट्रायल कोर्ट ने उन्हें 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया था। याचिका में कहा गया है कि गिरफ्तारी और रिमांड अवैध है और इसलिए केजरीवाल तुरंत रिहा होने के हकदार हैं। केजरीवाल ने मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की थी। इस पर कोर्ट ने उनकी याचिका को तत्काल सूचीबद्ध और सुनवाई के इनकार कर दिया है। केजरीवाल को केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद ट्रायल कोर्ट में पेश किया गया था, जिसके कुछ घंटों बाद दिल्ली उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने उन्हें दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम संरक्षण देने के आदेश पारित करने से इनकार कर दिया था। केजरीवाल ने ईडी द्वारा उन्हें जारी किए गए नौ समन को नजरअंदाज कर दिया था। इस मामले में आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसौदिया और संजय सिंह भी आरोपी हैं।

अवकाश सूचना

होली के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों एवं विज्ञापन दाताओं व प्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 'अवधनामा' प्रेस व कार्यालय में दिनांक 24 और 25 मार्च को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 27 मार्च को निकलेगा।

सम्पादक

सभी देश व प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

एस के मिश्रा
निदेशक मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल नैनी
इलाहाबाद लोकसभा प्रयागराज

शहीदी दिवस के अवसर पर भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव का देश की आजादी में योगदान विषय पर विचार गोष्ठी का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। युवराज दत्त महाविद्यालय में शहीदी दिवस के अवसर पर महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव का देश की आजादी में योगदान विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस अवसर पर प्राचार्य प्रो हेमन्त पाल ने स्वतंत्रता आंदोलन के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव कम उम्र में ही देश की आजादी के लिए आगे आए और उन्होंने बहादुरी के साथ अंग्रेजों से संघर्ष किया और शहीद होकर स्वतंत्रता आन्दोलन को नई दिशा दी। चीफ़ प्रॉक्टर प्रो सुभाष चन्द्रा ने कहा कि स्वतंत्रता आन्दोलन के वीर अमर शहीदों के कार्य एवं जीवन शैली युवाओं के लिए अनुकरणीय है।आज के युवा विद्यार्थी उनके महान बलिदान को जाने-समझें और देश को आजाद कराने में उनके योगदान से प्रेरणा लें और नागरिक दायित्वबोध के साथ समाज को नया रूप देने में भागीदार बनें। इसीक्रम में इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर रचित कुमार ने शहीदी दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि व महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि स्वतंत्रता आन्दोलन में कान्तिकारियों का योगदान अतुलनीय है। इनके बलिदान से संबंधित इतिहास की जानकारी विद्यार्थियों को होनी चाहिए क्योंकि युवा क्रांतिकारियों ने देश को आजाद कराने में महती भूमिका निभाई थी । गोष्ठी में महाविद्यालय के शिक्षक ,कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्रएं उपस्थित रहे।

52 लाख 56 हजार का मकान व सहयोगी अभियुक्त का 55 हजार रूपये मूल्य का दो पहिया वाहन कुर्क

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत अपराध से अर्जित की गयी संपत्ति को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही निरंतर रूप से की जा रही है जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में आज दिनांक 23.03.2024 को नायब तहसीलदाल, तहसील पलिया एवं प्रभारी निरीक्षक थाना पलिया के नेतृत्व में थाना पलिया पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा यूपी गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित अभियुक्त शातिर हिस्ट्रीशीटर अपराधी दिनेश कुमार गुप्ता उर्फ डी0के0 गुप्ता निवासी कस्बा व थाना पलिया का करीब 52 लाख 56 हजार का पक्का मकान व सहयोगी अभियुक्त अभिषेक जयसवाल निवासी टेहरा शहरी थाना पलिया जनपद खीरी का 55 हजार रूपये मूल्य का दो- पहिया वाहन 14(1) गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत जब्त उल्लेखनीय है कि अभियुक्त गैंग लीडर दिनेश कुमार गुप्ता

उर्फ डी0के0 पुत्र स्व0 भगवानदीन निवासी मो0 बाजार-2 कस्बा व थाना पलिया द्वारा अपने गैंग के अन्य सदस्य अभिषेक जयसवाल पुत्र रामनरेश जयसवाल निवासी मो0 टेहरा शहरी थाना पलिया के साथ मिलकर हत्या, आर्म्स एक्ट व एनडीपीएस के अन्तर्गत अपराधों को कारित किया है इस गिरोह द्वारा अपराध घटित करके अवैध धन अर्जित किया गया है गैंग लीडर दिनेश गुप्ता उर्फ डी0के0 उपरोक्त द्वारा अपराध से अर्जित काफी धन अपनी सुख सुविधाओं में खर्च किया जा चुका है अवैध सम्पत्ति को उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम की धारा 14(1) के तहत कुर्क किये जाने हेतु गणेश प्रसाद शाहा, पुलिस अधीक्षक द्वारा विवेचक के माध्यम से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर जब्तीकरण हेतु रिपोर्ट प्रेषित की गई थी । प्रेषित रिपोर्ट के आधार पर श्री महेन्द्र बहादुर सिंह, जिला मजिस्ट्रेट जनपद द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण दिनेश गुप्ता उर्फ डी0के0 व अभिषेक जयसवाल उपरोक्त द्वारा अपराध घटित करके अवैध रूप से अर्जित की गयी सम्पत्तियों को जब्त / कुर्क करने का आदेश निर्गत किया गया था उपरोक्त आदेश के क्रम में आज दिनांक 23.03.2024 को राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा हिस्ट्रीशीटर दिनेश कुमार गुप्ता उर्फ डी0के0 द्वारा अवैद्य धन अर्जित कर बनाया गया 01 पक्का मकान मूल्य करीब 52 लाख 56 हजार व अभिषेक जयसवाल का 01 दो-पहिया वाहन मूल्य 55 हजार, जब्त/कुर्क करने की कार्यवाही सम्पादित की गई है । उक्त जब्तीकरण से अपराधियों में कड़ा संदेश प्रेषित हुआ तथा आम जन-मानस ने उक्त कार्यवाही की काफी सराहना की अपराध में लिप्त अभियुक्तो के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही का अभियान प्रचलित रहेगा।

होली पर 10 से चार बजे तक बंद रहेंगी शराब की दुकानें

लखीमपुर खीरी। जिले में होली पर सुबह 10 से शाम चार बजे तक शराब की दुकानें बंद रहेंगी। शाम को चार बजे दुकानें खुलेंगी। इसे लेकर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने निर्देश जारी किए हैं। अगर कोई दुकान खुली मिलेगी तो उसके खिलाफ कार्यवाही होगी और संबंधित आबकारी निरीक्षक व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगा।होली के पावन पर्व को शान्तिपूर्ण वातावरण में मनाने एवं लोक शान्ति बनाये रखने के लिए उप्र आबकारी अधिनियम की धारा-59 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने 25 मार्च (रंग खेलने के दिन) प्रातः10 से सांय 04 बजे तक जनपद खीरी में स्थिति समस्त थोक व फुटकर के आबकारी अनुज्ञापनों को बन्द रखने का आदेश दिया है। इस बन्दी के लिए अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नही होगा। इस आदेश का कडाई से अनुपालन

ड्यूटी में लापरवाही पर होगी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही: डॉ.दिनेश चन्द्र

सहारनपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट डॉ.दिनेश चन्द्र ने निर्देश दिए है कि कतिपय उडनदस्ता टीम एवं स्थैतिक निगरानी टीम में नामित प्रभारी मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देशों के उपरान्त भी अभी तक निर्वाचन ड्यूटी पर उपस्थित नहीं होकर घोर अनुशासनहीनता, लापरवाही एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने कहा कि निर्वाचन जैसे अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य में इस प्रकार की अनुशासनहीनता अक्षम्य होगी तथा ऐसे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु बाध्य होना पडेंगा, जिसके लिए वे स्वयं उत्तरदायी होगें। उन्होने कहा कि यह भी परिलक्षित हो रहा है कि अधिकांश अधिकारी एवं कर्मचारी निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त होने के लिए भांति-भांति के बहाने एवं

होली महोत्सव में कवियों की रचनाओं ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। लघु उद्योग भारती के तत्वावधान में आयोजित होली महोत्सव में कवियों द्वारा अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को गुदगुदाने के लिए मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के पदाधिकारियों व अतिथियों द्वारा फूलों से होली खेलकर आपसी सौहार्द के साथ होली पर्व मनाने का आह्वान किया गया।

दिल्ली रोड स्थित एक गार्डन में आयोजित होली महोत्सव का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से विभाग प्रचारक प्रवीर, विभाग संचालक राकेश वीर, विभाग कार्यवाह अरविंद त्यागी, महानगर कार्यवाह रमेश, महानगर संघ चालक अशोक, महानगर सह संघ चालक देवेंद्र, नलनीश, भाग संचालक आलोक, संपर्क प्रमुख राजीव अग्रवाल, नगर विधायक राजीव गुंबर व महापौर डॉक्टर अजय सिंह ने दीप प्रज्जवलित एवं

श्री गणेश वंदना के साथ किया। तत्पश्चात कवि सौरभ शर्मा सहारनपुर, डॉक्टर सौरभ कांत शर्मा संभल, एलेस अवस्थी आगरा, श्रीमती डॉ. शुभम त्यागी मेरठ एवं श्रीमती प्रीति त्रिपाठी दिल्ली ने अपनी हास्य कविताओं से श्रोताओं को होली के रंग में रंग दिया। तत्पश्चात लघु उद्योग भारती के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा फूल और गुलाल से होली खेली गई। इस दौरान लघु उद्योग भारती के मण्डल अध्यक्ष अनुपम गुप्ता, जिलाध्यक्ष वरुण अग्रवाल, मुख्य संयोजक पूनम जैन, अनुज जैन, स्वाति जैन, अंबर जैन, आशीष जैन, डिंपल जैन, बृजेश प्रजापति, अंजू प्रजापति, श्रेयांश बजाज, आकाश कच्छल, अंबिका कच्छल, प्रदीप सिंघल, सारिका सिंघल, विपिन जैन, पायल जैन, मुकेश शर्मा कामधेनु, इंदु शर्मा, सीए सचिन जैन, गौरी जैन, नवनीत, प्रवेश विज, प्रियंका विज आदि मौजूद रहे।

निगम में भी उड़े हर्ष, उल्लास और खुशियों के रंग

सहारनपुर। फागुनी बयार के बीच नगर निगम में भी आज हर्ष और उल्लास के रंग फिजा में ऐसे बिखरे कि पूरा माहौल झूम उठा। नगरायुक्त संजय चौहान व अपर नगरायुक्त राजेश यादव सहित अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक दूजे को रंग लगाकर व फूलों की पाखुरियों से होली खेलते हुए एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। नगर निगम में उस समय फागुनी बयार बह चली जब नगरायुक्त संजय चौहान ने एक से बढ़कर एक शेर सुनाते हुए वाहवाही लूटी। उन्होंने कहा कि रंगों के इस पर्व को खुशी और उल्लास के साथ मनाएं और रंगों की रंगीनियों को अपने जीवन में भी शामिल करें। उन्होंने निगम कर्मचारियों से कहा कि वे इस अहसास के साथ जिए कि जो काम जटिल से जटिल परिस्थितियों में भी वह कर सकते हैं उसे कोई नहीं कर सकता।

स्विफ्ट डिजायर के ऊपर पलटा अनियंत्रित ट्रक

अवधनामा संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी। कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी अमीरनगर अन्तर्गत पुल के पास अनियंत्रित ट्रक स्विफ्ट डिजायर के ऊपर पलट गया जिससे स्वीफ्ट डिजायर में बैठे ग्राम दभौरा निवासी विजयपाल (40), मजना देवी (35), अंशिका पुत्री (13), सावित्री देवी (60), मोनिका (19), पंकज (28) गम्भीर रूप से घायल हो गये घटना की सूचना पाते ही उप जिलाधिकारी डॉ0 अवनीश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अरूण कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी चन्द्रशेखर सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। समाजसेवी शिवम राठौर ने तत्काल मौके पर पहुंच कर जानकी एम्बुलेन्स व 108 एम्बुलेंस से घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहम्मदी में भर्ती कराया। जहां घायलो का इलाज चल रहा है। एक घायल को रेफर कर दिया बाकी का इलाज जारी बताते चले कि विजयपाल अपने परिवार के साथ अपने नाना के यहां द्वारा के लिए ग्राम अजान जा रहे थे जैसे ही इनकी कार अमीर नगर पुलिस चौकी के आगे पुल के पास पहुंची तभी अनियंत्रित गति से आ रहा ट्रक उस कार पर पटल गया।

एमडीएस पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ परीक्षाफल कार्यक्रम मनाया गया

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज रायबरेली। कस्बे के रायबरेली रोड स्थित एमडीएस पब्लिक स्कूल में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ वार्षिक परीक्षाफल कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल अकेला एवं विशिष्ठ अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा उत्कृष्ठ अंक पाने वाले मेधावियों कों प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र दिया गया।

बताते चले की शनिवार कों हनुमान गढ़ी स्थित एमडीएस पब्लिक स्कूल मे हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों की प्रस्तुति ने जहा अभिभावकों कों मुदित किया वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल अकेला भी प्रफुल्लित नजर आए। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक अमित श्रीवास्तव (एडवोकेट) द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्री अकेला ने कहा की लड़के लड़कियों में भेद करने का समय चला गया हैं आज बार्डर में पहरेदारी करने के अलावा लड़ाकू विमान उड़ाने से लेकर बड़ी बड़ी परीक्षाओं सहित खेल जगत में देश का नाम बेटियां रौशन कर रही। चेयरमैन प्रभात साहू ने कहा की बच्चों कों देश के लायक बनाने का सौभाग्य शिक्षकों कों प्राप्त हैं। प्रबंधक अमित श्रीवास्तव व प्रधानाचार्या सुप्रिया श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत सत्कार किया। मौके पर शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा अभिभावकों के समक्ष बच्चों की परीक्षा कापियों का अवलोकन भी करा परीक्षाफल वितरित किया। इस दौरान ऋषिका, रानी, स्नेहा, सकीना, प्रींसा, गरिमा, रुचि, अर्चना, दिव्या, आदि अध्यापिकाएं तथा अरशद, माहिरा, एंजल, शौर्य, दीपांशी आदि बच्चे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

ड्यूटी में लापरवाही पर होगी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही: डॉ.दिनेश चन्द्र

सहारनपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट डॉ.दिनेश चन्द्र ने निर्देश दिए है कि कतिपय उडनदस्ता टीम एवं स्थैतिक निगरानी टीम में नामित प्रभारी मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देशों के उपरान्त भी अभी तक निर्वाचन ड्यूटी पर उपस्थित नहीं होकर घोर अनुशासनहीनता, लापरवाही एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने कहा कि निर्वाचन जैसे अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य में इस प्रकार की अनुशासनहीनता अक्षम्य होगी तथा ऐसे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु बाध्य होना पडेंगा, जिसके लिए वे स्वयं उत्तरदायी होगें। उन्होने कहा कि यह भी परिलक्षित हो रहा है कि अधिकांश अधिकारी एवं कर्मचारी निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त होने के लिए भांति-भांति के बहाने एवं सिफारिशों की चेष्टा

डॉ.राम मनोहर लोहिया की जयंती पर किया भावपूर्ण स्मरण

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। समाजवादी चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की जंयती पर आज सपा कार्यकर्ताओं में उन्हें भावपूर्ण करते हुए उनके आदर्श और सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया और लोकसभा चुनाव में गठबंधन उम्मीदवारों को पूरी मजबूती के साथ जीताने का संकल्प लिया। अंबाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर आज समाजवाद चिंतक एंव जननायक डॉ.राम मनोहर लोहिया की जंयती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी पुष्पाजंलि दी। जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने डॉ.राम मनोहर लोहिया श्रद्धांजलि करते हुए कहा कि ऐसे महापुरुषों के आदर्शो को अंगीकार कर समाजवादी पार्टी ने सदैव राजनीति की है। पिछडे, दलित एवं कमजोर वर्ग को उनके अधिकार दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा की वर्तमान में लोकसभा चुनाव की सफलता का लक्ष्य निर्धारित कर प्रत्येक कार्यकर्ता गठबंधन उम्मीदवारों को जिताने में अपना सहयोग करें और चुनाव में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष इंजीनियर विजेश शर्मा एवं वरिष्ठ नेता चौधरी अब्दुल कपूर ने कहा कि पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने डॉ.राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों पर चलते हुए समाजवाद को मजबूत करने की राजनीति की और उन्होंने कभी भी सिद्धान्तों से समझौता नहीं किया।

फोटो 2-शिविर में आंखों की जांच कराते सिवानिवृत्त पेशंनर्स

रेलवे पेंशनर्स ने निशुल्क नेत्र परीक्षण में करायी आंखों की जांच

सहारनपुर। रेलवे पेंशनर्स समाज एवं आई क्यू हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवानिवृत्त रेल कर्मियों व उनके परिजनों की आंखों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। रेलवे पेंशनर्स समाज के कार्यालय पर आयोजित निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में डॉक्टर कवलीन कौर के नेतृत्व में उनकी टीम के सदस्यों कर्मवीर सिंह, सुरेंद्र कुमार, अंकुश कुमार, राजेंद्र रतूड़ी ने 77 सदस्यों एवं उनके परिजनों के नेत्रों की जांच की। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को विशेषकर होली व ग्रीष्म ऋतु के मौके पर नेत्र सुरक्षा संबंधी गुर बताये।

संस्थापक आरसी शर्मा ने डॉ.कवलीन कौर एवं उनकी सहयोगी टीम का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण शिविर वरिष्ठ नागरिकों के लिए बहुत ही आवश्यक व महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक स्वयं परीक्षण कराने के लिए जाने में लापरवाही बरतते है तथा ऐसे अवसर मिलने पर अपना परीक्षण करा लेते है, जिससे उन्हें अपनी स्थिति के बारे में सही जानकारी मिल जाती है।

अध्यक्ष आरके धींगड़ा, महामंत्री एनएस चौहान व कोषाध्यक्ष जेपी शर्मा ने बताया कि संस्था का 11वा वार्षिक सम्मेलन आगामी 27 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इस दौरान हरीश कुमार, बीपी श्रीवास्तव, अरविंद शर्मा, मूलचंद रांगड़ा, देवेंद्र कुमार, जेएन शर्मा, अमरनाथ त्यागी, वेद प्रकाश, बलजीत जायसवाल, इंद्रजीत कुमार, स्वतंत्र भारद्वाज, विजय तलवार, इकबाल अजीम, उषा शर्मा, माया दुबे, उर्मिला शर्मा, विनीता कुमारी, सविता जायसवाल आदि मौजूद रहे।

होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

गोण्डा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद गोंडा के तत्वाधान

में फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज गोंडा में जिला अध्यक्ष अजीत सिंह की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि होली प्यार भरे रंगों से सजा हुआ पर्व है यह पर्व धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन को तोड़कर भाईचारे का संदेश देता है। इस दिन सभी लोग अपने पुराने गिले शिकवे भूल कर गले लगते हैं। जिला मंत्री राधा मोहन पांडेय कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्यौहार है। यह त्यौहार हमें एकता एवं भाईचारा का संदेश देता है। सभा को संबोधित करते हुए ओ पी द्विवेदी ने कहा कि यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। इस दिन हमें अपनी कोई बुराई छोड़नी चाहिए। इस दौरान शिक्षकों ने एक दूसरे को अबीर- गुलाल लगाकर खुशियां मनाई । इस अवसर पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के संयुक्त मंत्री दिलीप सिंह, राजेश सिंह, उपाध्यक्ष डॉ शिवानंद नंदू, संरक्षक बृजेश द्विवेदी, दीपक चौबे, अरविंद कुमार शुक्ला, संतोष मिश्रा, के के सिंह, प्रदीप पांडे, तरुण सिंह जितेन सिंह अंबेडकर पांडे, अशोक कुमार, धीरेंद्र प्रताप सिंह, आनंद स्वरूप तिवारी, वशिष्ठ शुक्ला, रामकुमार दुबे, अमित पांडे, राजेंद्र मिश्रा, रामचंद्र गुप्ता, अजय पांडे, जगदीश तिवारी, ओमप्रकाश पटवा, राजेंद्र मिश्रा, आशीष जायसवाल आदि सैकड़ों की संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

खाद्य सुरक्षा दल के छापेमारी से क्षेत्र में हड़कंप

अवधनामा संवाददाता

गोंडा। खाद्य सुरक्षा दल के छापेमारी से क्षेत्र में हड़कंप मच गया, छापेमारी की सूचना मिलते ही आसपास के बाजारों के भी प्रतिष्ठानों के शटर गिर गए। सिटी मजिस्ट्रेट के अगुवाई में पहुंची टीम ने तीन नमूने एकत्र किए। मिली जानकारी के अनुसार मनकापुर तहसील क्षेत्र के झिलाही बाजार में कल एक होटल पर दो लोग छेना खाए थे। आरोप है कि दोनों लोगों को छेना खाने के बाद दस्त शुरू हो गया। इसके बाद मामले की शिकायत दूरभाष के जरिए उच्च अधिकारियों से की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला अधिकारी नेहा शर्मा ने सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा के अगवाई में जांच टीम का गठन कर दिया। शनिवार के दोपहर जांच टीम के पहुंचते ही व्यवसाईयों में हड़कंप मच गया। झिलाही बाजार में छापेमारी की सूचना से मनकापुर बाजार सहित आसपास के होटल, किराना प्रतिष्ठानो के शटर गिर गए। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय सिंह ने दूरभाष पर बताया कि शिकायत मिलने पर सिटी मजिस्ट्रेट के अगुवाई में झिलाही बाजार के दीपक स्वीट हाउस व दीपक स्वीट हाउस के सामने संचालित प्रतिष्ठान जो दीपक स्वीट हाउस के द्वारा उनके पत्नी पूजा गुप्ता के नाम पंजीकृत कराया गया है एवं दीपक के पिता राम सूरत मोदनवाल के द्वारा संचालित की जा रही है, पर छापेमारी करके छेना चमचम, दूध और खोया का तीन नमूना लिया गया है।मुख्य खास सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता ने कूड़ासन बाजार क्षेत्र में संचालित एक दूध डेयरी की भी शिकायत की थी। जहां पहुंची जांच टीम ने पाया कि उक्त डेयरी गोंडा जनपद के सीमा के उस पार पड़ोसी जनपद बलरामपुर में संचालित है। इसलिए बिना कोई जांच किए वापस लौटना पड़ा। छापेमारी के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, उपजिलाधिकारी मनकापुर यशवंत, डीओ अजीत मिश्रा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार, जयप्रकाश के साथ मनकापुर पुलिस बल मौजूद रहा। गोंडा-रोडवेज बस के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना होते ही रोडवेज बस चालक बस छोड़कर मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के लिए जिला मुख्यालय रवाना कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार गोंडा के तरफ से लखनऊ के तरफ रोडवेज बस जा रही थी, वहीं दूसरी तरफ बाइक पर सवार होकर बाइक सवार कर्नलगंज के तरफ से गोंडा के तरफ जा रहा था। नगर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत तुल्लापुरवा के मजरे परेड सरवकर के रहने वाले अरुण यादव पुत्र धनीराम को गोंडा देहात कोतवाली क्षेत्र के बालपुर जाट पुलिस चौकी के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस ने सामने से ठोकर मार दिया। बस की ठोकर लगने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा होते ही बस चालक बस को छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस चौकी पर मौजूद सिपाहियों ने रोडवेज बस को कब्जे में लेते हुए पुलिस चौकी में खड़ा करवा लिया। वहीं देहात कोतवाली प्रभारी निरीक्षक व चौकी इंचार्ज विजय कुमार तिवारी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे, सबको कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया। वही दुर्घटना के बाबत मृतक युवक के भाई अर्जुन यादव ने मामले में लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए दुर्घटना करने के आरोप में देहात कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है।

वही इस बाबत देहात कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने दूरभाष पर बताया कि मृतक के भाई के शिकायती पत्र पर मुकदमा दर्ज किया गया है। दुर्घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया है।

चेयरमैन प्रतिनिधि व अन्य कई नामजद लोगों के विरूद्ध गंभीर मामले में पीड़ित ने दी तहरीर

अवधनामा संवाददाता

कर्नलगंज,गोण्डा। नगर पालिका परिषद कर्नलगंज में व्याप्त बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व उससे संबंधित शिकायत करना और सूचना मांगना एक समाजसेवी को महंगा पड़ गया। मामले में फर्जीवाड़े का खुलासा होने व अपनी गर्दन फंसने के भय से नगर पालिका के जिम्मेदार लोगों व कर्मचारियों सहित कई लोगों द्वारा दबंगई दिखाते हुए एक राय होकर शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय में आवेदक के साथ अभद्रता करते हुए जातिसूचक भद्दी भद्दी गाली देते हुए लाठियों से मारने पीटने और उसका बाल पकड़कर खींचते हुए एक राय होकर कार्यालय का गेट बंद कर अपमानित कर जान से मारने का प्रयास करने का गंभीर शर्मनाक मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर उसकी डाक्टरी करवाकर घटना की कार्यालय नगर पालिका परिषद करनैलगंज के सीसीटीवी फुटेज से मिलान कर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

पीड़ित सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने निवासी मोहल्ला गांधीनगर गुरूद्वारा रोड कस्बा व थाना कोतवाली कर्नलगंज (गोंडा) ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह शुक्रवार दिनाँक 22.03.2024 को नगर पालिका परिषद करनैलगंज कार्यालय में समय लगभग 10.30 मिनट पर गया था। जहाँ उसके पगड़ी को पकड़कर आशीष सिंह क्लर्क व दिलीप कु?मार गुप्ता, सत्यप्रकाश तिवारी, कन्हैया सोनी आदि लोगों ने अभ्रदता करते हुए कहाँ जटायू साले कार्यालय क्यों आये हो और भद्?दी-भददी गालियाँ दी तथा लाठी से मारा-पीटा और बाल पकड़ कर खींचा। उक्त लोगों ने एक राय होकर कार्यालय का गेट बन्द कर दिया। हल्ला गुहार पर रामजी लाल पुत्र श्याम लाल चैयरमैन प्रतिनिधि द्वारा ललकारते हुए कहा देखते क्या हो मारो साले को,बहुत लिखा पढ़ी करता है। मेरी भी शिकायत करता है मार डालो साले को व जटायू शब्द बोलकर मुझे जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया गया।

पुलिस कर्मी मुस्तैदी से दायित्वों का करें निर्वहन

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने तहसील स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, वी.वी. पैट वेयर हाउस का राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, संबंधित अधिकारियों के साथ त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण करते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को हिदायत देते हुए कहा कि वेयर हाउस प्रांगण में किसी भी दशा में कोई अनाधिकृत, बाहरी व्यक्ति प्रवेश न करें, तैनात पुलिसकर्मी पूरी मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, सी.सी.टी.वी. कैमरे 24 घंटे क्रियाशील रहें। उन्होने उपस्थित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि एफ.एल.सी. के बाद आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को संपन्न कराने हेतु इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वेयरहाउस में कड़ी सुरक्षा में रखी गई है, इन्हीं इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का प्रयोग मतदान प्रक्रिया में होगा, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा कर्मी 24 घंटे वेयरहाउस पर तैनात किए गए हैं, वेयर हाउस की निगरानी सी.सी.टी.वी. कैमरों के माध्यम से 24 घंटे की जा रही है।

गोरक्षपीठाधीश्वर की अगुवाई में चटक होते हैं सामाजिक समरसता के रंग

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। गुरु गोरखनाथ की साधना स्थली गोरखपुर में होली का उल्लास सामाजिक समरसता के चटक रंगों में उफान पर होता है। होलियाना माहौल में यहां निकलने वाली दो प्रमुख शोभायात्राएं खास संदेश देते हुए पूरे प्रदेश के लिए आकर्षण का केंद्र बनती हैं। इन दोनों शोभयात्राओं (होलिका दहन और होलिकोत्सव) में गोरक्षपीठ की सहभागिता होने से गोरखपुर का रंगपर्व दशकों से विशिष्ट बना हुआ है। इन शोभायात्राओं में सामाजिक समरसता और समतामूलक समाज का प्रतिबिंब नजर आता है।

बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री बनने के बाद भी तमाम व्यस्तताओं के बावजूद शोभायात्राओं में शामिल होते हैं। इस साल भी 24 मार्च की शाम को पांडेयहाता से निकलने वाली होलिका दहन शोभायात्रा तथा 26 मार्च की सुबह घंटाघर से निकलने वाली भगवान नृसिंह की रंगभरी शोभायात्रा में सीएम योगी के सम्मिलित होने की उम्मीद है। बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर रंगपर्व के

26 मार्च को मनाई जाएगी गोरखपुर की होली

आयोजनों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सहभागिता गोरक्षपीठ के मूल में निहित संदेश के प्रसार का हिस्सा है। रंगों के प्रतीक रूप में उमंग व उल्लास का पर्व होली गोरक्षपीठ के सामाजिक समरसता अभियान का ही एक हिस्सा है। इस पीठ की विशेषताओं में छुआछूत, जातीय भेदभाव और ऊंच नीच की खाई पाटने का जिक्र सतत होता रहा है। समाज मे विभेद से परे लोक कल्याण ही नाथपंथ का मूल है और ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ द्वारा विस्तारित इस अभियान की पताका वर्तमान गोरक्षपीठाधीश्वर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फहरा रहे हैं। गोरक्षपीठ की अगुवाई वाला रंगोत्सव सामाजिक संदेश के ध्येय से विशिष्ट है। सामाजिक समरसता का स्नेह बांटने के लिए ही गोरक्षपीठाधीश्वर दशकों से होलिकोत्सव (भगवान नृसिंह शोभायात्रा) में शामिल होते रहे हैं। 1996 से 12019 तक शोभायात्रा का नेतृत्व करने वाले

नानाजी देशमुख ने की थी रंगोत्सव शोभायात्रा की शुरूआत

गोरखपुर में भगवान नृसिंह रंगोत्सव शोभायात्रा की शुरुआत अपने गोरखपुर प्रवासकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक नानाजी देशमुख ने 1944 में की थी। गोरखनाथ मंदिर में होलिका दहन की राख से होली मनाने की परंपरा इसके काफी पहले से जारी थी। नानाजी का यह अभियान होली के अवसर पर फूहड़ता दूर करने के लिए था। नानाजी के अनुरोध पर इस शोभायात्रा का गोरक्षपीठ से भी गहरा नाता जुड़ गया। ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ के निर्देश पर महंत अवेद्यनाथ शोभायात्रा में पीठ का प्रतिनिधित्व करने लगे और यह गोरक्षपीठ की होली का अभिन्न अंग बन गया। 1996 से योगी आदित्यनाथ ने इसे अपनी अगुवाई में न केवल गोरखपुर बल्कि समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश में सामाजिक समरसता का विशिष्ट पर्व बना दिया। अब इसकी ख्याति मथुरा-वृंदावन की होली सरीखी है और लोगों को इंतजार रहता है योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाले भगवान नृसिंह शोभायात्रा का। पांच किलोमीटर से अधिक दूरी तय करने वाली शोभायात्रा में पथ नियोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता करते हैं और भगवान नृसिंह के रथ पर सवार होकर गोरक्षपीठाधीश्वर रंगों में सराबोर हो बिना भेदभाव सबसे शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करते हैं।

योगी वर्ष 2020 और 2021 के होलिकोत्सव में लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए इसमें शामिल नहीं हुए थे। सफल कोरोना प्रबंधन का पूरी दुनिया में लोहा मनवाने और इस वैश्विक महामारी को पूरी तरह काबू में करने के बाद सीएम योगी 2022 से पांडेयहाता से निकलने वाले होलिका दहन शोभायात्रा और घंटाघर से निकलने वाली भगवान नृसिंह होलिकोत्सव शोभायात्रा में सम्मिलित होने लगे। **होलिका दहन की राख के तिलक से होती है गोरखनाथ मंदिर में होली की शुरुआतः** गोरक्षपीठाधीश्वर की अगुवाई में गोरखनाथ मंदिर में होलिकोत्सव की शुरुआत होलिका दहन या सम्मत की राख से तिलक लगाने के साथ होती है। इस परंपरा में एक विशेष संदेश निहित होता है। होलिका दहन की राख से तिलक लगाने के पीछे का मन्तव्य है भक्ति की शक्ति को सामाजिकता से जोड़ना। होली के दिन दोपहर बाद गोरक्षपीठाधीश्वर के सानिध्य में गोरखनाथ मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन भी होता है।

एसएचजी ने लगाया होली के सामानों का स्टाल

अमेठी अवधनामा संवाददाता। होली को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में एनआरएलएम के अन्तर्गत संचालित स्वामी महिला स्वंय सहायता समूह द्वारा स्टाल लगाया गया। जिसमें पापड़ चिप्स गुझिया आदि के साथ गाय के गोबर से निर्मित हर्बल रंग व गुंलाल की बिक्री की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा समूह के उत्पादों की खरीदारी की गई तथा समूह को प्रोत्साहित किया। विकास भवन परिसर सहित जनपद के समस्त विकास खण्डों में विभिन्न स्वंय सहायता समूह द्वारा रंग-गुलाल तथा खाद्य पदार्थो के स्टाल लगाकर बिक्री की गयी।

संवेदनशील ग्रामों व बूथों का किया गया निरीक्षण

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे स्थानीय प्रशासन ने क्षेत्र के संवेदनशील ग्रामों व बूथों पर जाकर निरीक्षण कर तैयारी शुरू करदी है। जालौन के उप जिलाधिकारी अतुल कुमार, क्षेत्राधिकारी राम सिंह वकोतवाली प्रभारी विमलेश कुमार ने संसदीय क्षेत्र के जालौन तहसील के अंतर्गत आने वाल क्रिटिकल बूथ के गांव सहाव में भ्रमण कर बूथों का निरीक्षण किया सभी बूथों के संदर्भ में ग्रामीणों से बातचीत कर जानकारी ली। उप जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से ग्राम सहाव की मतदान से संबंधित अतीत की सभी घटनाओं के संबंध में विस्तार से बातचीत की। उन्होंने बूथ पर जाकर व्यवस्थाएं भी परखीं। उप जिलाधिकारी में साधन सहकारी समिति भवन पर जाकर आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराया। उन्होंने राजनेताओं के चित्रों को पर आवरण रखने का निर्देश दिया, जो की केंद्रीय चुनाव आयोग के द्वारा निर्देशित है।

बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर हुई ट्रकों की टक्कर

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पॉइंट नंबर 221 पर दो ट्रकों की आपस में हुई भिडन्त भयंकर रूप से हुई दुर्घटना होने पर चालक बृजराज शाक्य पुत्र हरिहेत ग्राम गवड़ी थाना विजयपुर जिला शिवपुर मध्य प्रदेश की मृत्यु हो गई। वहीं क्लीनर राज पुत्र गनपत निवासी जूर थाना फुलारस जनपद शिवपुरी मध्य प्रदेश गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना थाना पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त चालक तथा क्लीनर को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

बोनी कपूर के जीवन को पुस्तक का रूप देंगे विपिन

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। पुरस्कार विजेता लेखक और फिल्म निर्देशक विपिन अग्निहोत्री बोनी कपूर पर एक कॉफी टेबल बुक लिखेंगे। विपिन अग्निहोत्री बोनी कपूर पर कॉफी टेबल बुक के बारे बताते हैं कि एक व्यक्तित्व के रूप में बोनी कपूर ने मुझे हमेशा उत्साहित किया है और जब मैंने इस कॉफी टेबल बुक के बारे में बोनी जी से बातचीत की तो वह बहुत प्रसन्न हुए। बोनी कपूर के बचपन से लेकर उनके विभिन्न पहलुओं को दर्शाती दौ सौ पेज की यह कॉफी टेबल बुक मई के महीने में मुम्बई में लॉन्च की जायेगी। विपिन इससे पहले भी कई पुस्तकें लिखने के अलावा फिल्मों और वीडियो एल्बम का निर्माण कर चुके हैं। अभी पुस्तक के अलावा वो एक रियल्टी शो के निर्माण में जुटे हैं।

होली मिलन समारोह आज

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शाखा नौगढ़ नगर द्वारा रविवार को प्रातः 6:30 बजे से कलक्ट्रेट परिसर में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया है। जिसमें नगर के सभी स्वयंसेवक बंधुओं की उपस्थिति अपेक्षित है। उक्त आशय की जानकारी नगर कार्यवाह सौरभ त्रिपाठी ने दी है।

कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए आगरा के प्रो. डॉ. सुनील बाबू चौधरी, केशव दयाल सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर और ज्ञान सिंह ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सबको पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह और प्रवक्ता डॉ. अमरनाथ पासवान भी उपस्थित थे। पार्टी प्रवक्ता पुनीत पाठक ने बताया कि इसके अलावा गोरखपुर के डॉ. विजयनाद तिवारी, विक्रम तिवारी, विपिन मिश्रा, कृष्णानन्द दुबे, स्वतंत्र कुमार दुबे, अभिषेक राय, शिवानन्द, शुभांगी, रुद्रप्रताप राय, अरविन्द कुमार राय, प्रार्थना वारसी, वीनू यादव, विजय वर्मा, अनिरुद्ध कुमार आदि ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

चारबाग रेलवे स्टेशन भीड़ से पटा

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। होली पर घर जाने वालों की भीड़ से शनिवार की शाम चारबाग रेलवे स्टेशन पट गया। हर प्लेटफॉर्म पर आने वाली ट्रेनों में सुरक्षा बलों की निगरानी में यात्री धक्का मुक्की कर बोगी में चढ़े। शाम करीब साढ़े पांच बजे प्लेटफॉर्म नम्बर तीन पर लखनऊ बनारस इंटरसिटी पहुंची। ट्रेन अभी प्लेटफॉर्म पर रेंग ही रही थी तभी यात्री पायदान पर चढ़कर सीटें कब्जाने की होड़ में लग गये। यात्रियों की भीड़ प्लेटफॉर्म पर जुटी तो ट्रेनों में सीटें कम पड़ गईं। वहीं लखनऊ से होकर गुजरने वाली ट्रेनों में यात्री सीटों पर जबरन कब्जा करते नजर आये। ट्रेन के भीतर यात्रियों की भीड़ इस कदर रही कि लोग ऊपर बैठे नजर आये। जहां महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भीड़ के आगे बेबस दिखे। रविवार को लखनऊ से मुम्बई और दिल्ली जाने वाली ट्रेनों के लिए तत्काल कोटे की सीटों पर बुकिंग के लिए शनिवार सुबह आरक्षण केन्द्रों पर पहुंचे। यहां पुणे एक्सप्रेस, पुष्पक, कुशीनगर, लखनऊ मेल और एसी एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में तत्काल कोटे की करीब 490 सीटें खाली थीं। मगर तत्काल कोटा खुलते मात्र पांच मिनट में सीटें फुल हो गईं। सैकड़ों यात्रियों बिना टिकट लिए ही लौट गये। सूत्र बताते हैं कि प्रतिबंधित सॉफ्टवेयर की मदद से टिकट दलालों ने तत्काल की सीटों पर हाथ साफ कर दिया।

उप्र युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कार्यकारी अंकित तिवारी द्वारा होली मिलन समारोह

होली का त्योहार हम सभी को आपस में प्रेम, सौहार्द की प्रेरणा देता है : अंकित तिवारी

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। होली के पावन पर्व के मौके पर उप्र युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कार्यकारी अंकित तिवारी द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री नकुल दुबे प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, पार्षद मुकेश सिंह चौहान, अमित श्रीवास्तव त्यागी, विक्रम पाण्डेय, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, कैप्टेन बंशी धार मिश्रा, आशुतोष मिश्रा सहित भारी संख्या में स्थानीय साभ्रान्तजन मौजूद रहे। होली मिलन के मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि होली का त्योहार हम सभी को आपस में प्रेम, सौहार्द की प्रेरणा देता है। इस त्योहार में समाज के सभी लोग आपसी मनमुटाव को दूर कर गले मिलते हैं और सभी के गिले शिकवे दूर हो जाते हैं। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों को गुलाल लगाकर स्वागत किया गया एवं गुझियां, मिठाइयों का आनन्द लेकर लोगों ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करायें

मैनपुरी। जिला मजिस्ट्रेट अविनाश कृष्ण सिंह ने बताया कि होली का पर्व दि. 24, 25 मार्च को परम्परागत तरीके से मनाया जाना प्रस्तावित है। उन्होने अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने नगरीय निकाय क्षेत्र की नालियों एवं सड़कों की विशेष सफाई व्यवस्था कराने, पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करायें साथ ही आवारा पशुओं के स्वच्छन्द विचरण पर भी प्रभावी रोक लगाने हेतु पर्याप्त पुख्ता इन्तजाम किये जायें। श्री सिंह ने जिला पूर्ति अधिकरी एव सभी उप जिलाधिकारियों को आदेशित किया है कि होली के पर्व से पूर्व सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यानों को समय से वितरण करायें, अधिशासी अभियन्ता विद्युत होली के पर्व पर नगर, कस्बों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होने उप जिला मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत समस्त कार्यो एव व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालन करने, पर्याप्त सर्तकता, सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पूर्ण उत्तरदायी होगें।

बुद्धा इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का दीक्षान्त उपाधि वितरण समारोह सम्पन्न

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। बुद्धा इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गीडा, गोरखपुर का दीक्षान्त 'उपाधि वितरण' समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो (डा) पूनम टंडन, कुलपति, पं दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय व अध्यक्षता डॉ0 आरए अग्रवाल, चेयरमैन, बुद्धा इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गीडा, गोरखपुर ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो (डा) पूनम टंडन ने कहा कि छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना प्रत्येक शिक्षण संस्थान (विशेष तौर पर तकनीकी शिक्षण संस्थान) का धर्म है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संस्थान के चेयरमैन डॉ0 आर0ए0 अग्रवाल ने कहा कि यह संस्थान भारत का सर्वश्रेष्ठ तकनीकि संस्थान बने व हमारे संस्थान के छात्र विश्व के कोने-कोने में दिखायी दें ऐसा हमारा व हमारी सोसाइटी का सपना है। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रशासन दीपक अग्रवाल, निदेशक (एचआर) संतोष कुमार त्रिपाठी, निदेशक प्रों अरविन्द कुमार पाण्डेय, निदेशक डा आशीष सिंह, निदेशक डा अभिषेक त्रिपाठी निदेशक अभिनव कुमार श्रीवास्तव, निदेशक डा अरून कुमार पाण्डेय, एहराज सिद्धीकी सहित कालेज के सभी शिक्षकगण, कर्मचारीगण व मीडिया के लोग उपस्थित थे।

होली को दीजिये सेहत से भरा ट्विस्ट

अवधनामा संवाददाता

त्यौहार के लिये बादाम को अपना भरोसेमंद स्नैक बनाइये

लखनऊ। होली एक खुशनुमा त्यौहार है इस मौके पर अपने प्रियजनों के साथ उपहारों का आदान-प्रदान करना और स्वादिष्ट पकवानों पर टूट पड़ना लोकप्रिय परंपरा है। ऐसे में मुट्ठीभर बादाम को अपने आहार में शामिल करने से स्वाद तो बढ़ेगा ही, सेहत को फायदे भी मिलेंगे। इस तरह से उत्सव संतुलित और मजेदार हो जाएगा। बादाम 15 अनिवार्य पोषक-तत्वों का स्रोत होते हैं, जैसे कि विटामिन 'ई' मैग्नीशियम, प्रोटीन, राइबोफ्लेविन और ज़िंक। चाहे आप उपहार के तौर पर दें, पारंपरिक रेसिपीज में शामिल करें या स्नैक के रूप में मजा लें, बादाम समृद्धि और तंदुरुस्ती का प्रतीक होती हैं। उनका शानदार स्वाद और उन्हें चबाने से मिलने वाला संतोष होली के कई पकवानों के फ्लेवर में चार चांद लगा सकता है, जैसे कि मीठी गुजिया या स्वादिष्ट आलमंड चाट और तो और, बादाम का उपहार सेहत और प्रसन्नता की शुभकामनाएं देता है। होली के त्यौहार में बादाम को शामिल करने से हर कोई सेहतमंद जीवनशैली को अपनाते हुए इस मौके का आनंद बढ़ा सकता है। होली के उत्सव पर अपने विचार रखते हुए, बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान ने कहा अपने परिवार के लिये आमंड ब्रिटल बनाना मेरी परंपरा है। वह स्वाद और पोषण का एक खुशनुमा संगम होता है। यह डेज़र्ट न सिर्फ त्यौहार को लेकर हमारा मजा बढ़ा देता है, बल्कि शक्कर वाली चीजों का बेहतर विकल्प देकर सेहत भी बेहतर बनाता है।

अनुरागिनी संस्था के कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण कर नागरिकों को जल संरक्षण की दिलाई शपथ

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। अनुरागिनी संस्था के कार्यकर्ताओं ने डकोर विकासखंड के ग्राम राहिया स्थित तालाब के किनारे वृक्षारोपण कर नागरिकों से अपील कि है कि वे जल की प्रत्येक बूंद को सहेजें और उसे बचायें। जल का जीवन में बड़ा महत्व है। हम जल की महत्ता को समझें। जल है तो कल है। कल के भविष्य को सुरक्षित करने के लिये हर हाल में जल को बचाना ही होगा। आज हम जल के प्रति सचेत नहीं हुए, तो भविष्य में प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

अनुरागिनी संस्था जल संरक्षण और संवर्धन के प्रति कृत संकल्पित है। अनुरागिनी संस्था द्वारा विशेष अभियान चलाकर जल संरक्षण के लिये विशेष कार्य किये जा रहे है। नागरिकों को जल की प्रत्येक बूंद को बचाने, जल संरचनाओं को प्रदूषित नहीं करने, जल प्रदूषण रोकने, जल संरक्षण और संवर्धन तथा प्रबंधन के उपायो में सार्थक सहभागिता सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई गई। उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक एवं अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि जल के बिना जीवन नहीं है।

जल है तो जीवन है। जल बचाना वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। हमें पानी की प्रत्येक बुंद को बचाना होगा। जल संरक्षण के लिये जागरूकता लाना होगी। जल संरक्षण और संवर्धन के लिये सबको मिलकर कार्य करना होंगे। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए है। पिछले वर्षो में यहां बड़ी संख्या में नए तालाब बने है। वॉटर रिचार्जिंग के उल्लेखनीय कार्य भी किये गये है। उन्होंने कहा कि, जिले में तालाबों का संरक्षण भी बेहतर तरीके से हो रहा है। पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार भी किया जा रहा है। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से अनुरागिनी संस्था के परियोजना समन्वयक श्याम करण प्रजापति, लक्ष्मी प्रसाद राजपूत शशिकांत निराला, श्याम करण प्रजापति, लल्लू प्रजापति सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

सेंट जेवियर की छात्रा रही शिवांगी ने रचा इतिहास

भाटपार रानी (देवरिया)। नगर सलेमपुर के प्रतिष्ठित विद्यालयों में शुमार सेंट जेवियर स्कूल की छात्रा रही शिवांगी के गेट परीक्षा में ऑल इंडिया में 54वां रैंक प्राप्त करने पर विद्यालय के सभागार में प्रधानाचार्य वीके शुक्ल ने उसे पुष्प गुच्छ और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। शिवांगी शुरू से ही मेधावी छात्र रही है और वह 11वीं और 12वीं की परीक्षा में विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त की थी। शिवांगी ने मदन मोहन मालवीय अभियांत्रिकी विश्वविद्यालय से अभियांत्रिकी की परीक्षा प्रथम श्रेणी में सम्मान सहित उत्तीर्ण किया है। उक्त सम्मान समारोह में श्री शुक्ल ने शिवांगी के साथ-साथ उसके परिजनों के प्रति भी शुभकामनाएं व्यक्त किन। शिवांगी भाटपार रानी नगर के अजय बरनवाल की सुपुत्री है।

उक्त अवसर पर गोपाल जी त्रिपाठी, सोमनाथ त्रिपाठी, अमित वर्मा, वीएस तिवारी, ब्रजेश उपाध्याय, जगदीश तिवारी, प्रदीप जायसवाल, सुभद्रा शर्मा, रूपल वर्मा सहित तमाम शिक्षक गण मौजूद थे।

रविवार को देर रात 104 स्थानों पर होगा होलिका दहन, प्रशासन ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। होली का त्योहार आते ही ग्रामीण व नगर क्षेत्र में होली जलाने के लिए लकड़ी आदि एकत्रित होने लगे हैं। होली मनाने के लिए युवक उत्साह के साथ होली जलाने वाले स्थान पर सामग्री एकत्रित कर रहे हैं। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में 104 स्थानों पर होलिका दहन का कार्यक्रम होगा। स्थानीय प्रशासन होली जैसे बड़े पर्व , साथ में रमजान के महीने के दृष्टिगत पूरी तरह मुस्तैद है। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार ने क्षेत्राधिकारी राम सिंह, कोतवाली प्रभारी विमलेश कुमार व दल-बल के साथ होलिका दहन के स्थानों का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि प्रशासन होली पर शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु प्रतिबद्ध है।

फाल्गुन माह में पड़ने वाला रंगों का त्योहार होली का पर्व नगर व ग्रामीण क्षेत्र में हर साल धूम-धाम से मनाया जाता है। इस वर्ष होली को लेकर लोगों में उत्साह है तथा की तैयारियों में जुटे हैं। इस बार भद्रा के कारण होलिका दहन रात्रि में ग्यारह बजे के बाद ही सम्पन्न होगा। होलिका दहन के ठीक आठ दिन पूर्व होलिकाष्टक तिथि से ही घरों में जहां मिष्ठान के साथ नमकीन आदि बनाने का कार्य शुरू हो चुका है। महिलाओं ने होलिका दहन की अग्नि से घरों में जलाए जाने वाले गाय के गोबर के छोटे-छोटे उपलों (जिन्हें बुलबुलियां भी कहा जाता है) को भी बनाना शुरू कर दिया है। नगर के 25 वार्डों में 22 स्थानों पर एवं ब्लॉक क्षेत्र के 62 गांवों में 82 स्थानों पर होलिकाष्टक को होली जलाने के लिए होली के डांढा (लकड़ियों) की स्थापना की जा चुकी है। हुरियारों की टीमों के नवयुवक और किशोर अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए लकड़ियां इकट्ठी करने में जुटे हैं। नगर में प्रमुख रूप से होलिका दहन द्वारिकाधीश मंदिर परिसर में होता है। जिसकी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। होलिका दहन में गेहूं की बालियों को भूनने की प्रथा निभाने के बाद लोग रंगों के इस पर्व का लुत्फ उठाने के लिए पूरी तरह तैयार नजर आ रहे हैं। मौसम में ठंडक के चलते लोगों को हुरयाने में दिक्कत आ सकती है।

मनाई गई भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की शहीद दिवस

भाटपार रानी, देवरिया। भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के चकिया कोठी चौराहा पर पट्टा भूमि बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में देश की आजादी के महानायक क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की शहादत दिवस मनाई गई। इस मौके पर एक काव्य गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। इस दौरान तमाम रचनाकारों ने शहीदों की याद में अपनी रचनाएं पेश किया। कवि व शायर मकसूद अहमद भोपतपुरी ने अपनी रचना-जब तक सूरज चांद रहेगा, धरती व आकाश रहेगा, मिट जाएंगें दौलत वाले, शहीदों का सम्मान रहेगा प्रस्तुत कर मुल्क के शहीदों पर रौशनी डाली। शायर जियाउल्लाह अंसारी ने अपनी गज़ल- सौ बात मुहब्बत का करने का असर क्या है, वो दिल से नहीं लेते कहने का असर क्या है प्रस्तुत किया। दिनेश सिंह मामा व रविन्द्र सिंह ने देशभक्ति रचना प्रस्तुत किया। मधुसूदन द्विवेदी मृदुल ने हिंदू-मुस्लिम एकता से सम्बन्धित गीत प्रस्तुत किया। लोकगायक सुबाष यादव, विनीत मिश्र अंकित व प्रमोद चौधरी ने भी अमर सपूतों की याद में कविता व गीत प्रस्तुत किया।

आध्यात्मिक शिक्षा से बच्चों में बुद्धिमत्ता व ज्ञान का होता है विकास : डा. भारती गाँधी

उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने वाले छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया

लखनऊ। यदि हम बच्चों को प्रारम्भ से ही नैतिक व आध्यात्मिक शिक्षा प्रदान करेंगे तो उनमें स्वतः ही मानवीय गुण उत्पन्न होंगे, उनमें बुद्धिमत्ता व ज्ञान की वृद्धि होगी और वे सही और गलत में भेदभाव कर जीवन में सही निर्णय ले सकेंगे। ये विचार हैं सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी के, जो आज यहाँ सिटी मोन्टेसरी स्कूल, जॉपलिंग रोड कैम्पस द्वारा सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स में अभिभावकों को सम्बोधित कर रही थीं। आगे बोलते हुए डा. गाँधी ने कहा कि बालक में सद्विचार के बीज बोने के उपरान्त उन्हें प्रेम व स्नेह से सींचकर अपने विचारों को अभिव्यक्त करना भी सिखाना चाहिए। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, साँस्कृतिक कार्यक्रमों व खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती शिप्रा उपाध्याय ने विद्यालय के शिक्षकों व अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस द्वारा डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स का भव्य आयोजन आज विद्यालय के सजे-धजे विशाल प्रांगण में किया गया। समारोह में विद्यालय के छात्रों ने ईश्वरीय एकता व आध्यात्मिक चेतना का आलोक बिखेरते रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक प्रस्तुतियों से अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय की वरिष्ठ प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति कश्यप ने कहा कि सी.एम.एस. अपने छात्रों का सर्वांगीण विकास कर 'टोटल क्वालिटी पर्सन' बनाने को दृढ़-संकल्पित है तथा इसी उद्देश्य को लेकर यह आध्यात्मिक शिक्षा सम्मेलन आयोजित किया गया है। समारोह के अन्त में प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी सिंह नें अभिभावकों के प्रति हार्दि आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार, सी.एम.एस. आनन्द नगर कैम्पस द्वारा सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स में भी रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच विद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानाचार्या सुश्री रीना सोटी ने कहा कि छात्रों को भौतिक व सामाजिक शिक्षा प्रदान करने के साथ ही उनका चरित्र निर्माण भी बहुत आवश्यक है। सी.एम.एस. अपने छात्रों को व्यापक तथा समाजोपयोगी ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित करता है, जिससे ये छात्र आगे चलकर विश्व समाज का कल्याण कर सकें।

पशु उपचार के लिए निशुल्क एंबुलेस सेवा आरंभ

अयोध्या। प्रदेश सरकार ने ईशान ही नही अब सड़को घूम रहे पशुओं अथवा पालतू पशुओं के उपचार के लिए भी निशुल्क एंबुलेस सेवा 1962 का गठन किया है। जो मरीजों के समान ही पशुओं का उपचार से लेकर उन्हें पशु चिकित्सालय तक लेजाकर उनका समुचित उपचार करेगा। जिसका एक उदाहरण सोहावल ब्लॉक के रौनाही के रहने वाले शिवम यादव की भैंस बीमार थी, इन्होंने निशुल्क पशु उपचार एंबुलेस सेवा 1962 पर फोन किया, एंबुलेस के पशु उपचार स्वास्थ कर्मी डॉ. प्रकाश वर्मा, मेडिकल टेक्नीशियन सुशील पांडे साथ ही चालक शिव कुमार यादव के साथ पहुंच कर बीमार भैंस का उपकार किया। इस विषय पर पशु चिकित्सा डा. प्रकाश वर्मा ने बताया पशुपालन विभाग द्वारा घायल बीमार पशुओं के निशुल्क इलाज के लिए प्रत्येक ब्लॉक के अंतर्गत चलाई जा रही एंबुलेस सेवा 1962 पर कोई भी व्यक्ति घायल पशु उपचार के लिए सुबह 9 बजे से शाम 8 बजे तक फोन कर इसका लाभ उठा सकता है, इस बीच इमर्जेंसी एंबुलेस सेवा जारी रहती है जहां पहुंच कर घायल बीमार पशुओं का उपकार कर निशुल्क दवाईया दी जाती हैं।

आरोपी दरोगा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करें

अयोध्या। किशोरी को मारने-पीटने के मामले में दरोगा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश हुआ है।यह आदेश न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय अनुज सिंन्हा की अदालत से शुक्रवार को हुआ।आरोपी दरोगा इस समय अंबेडकरनगर में तैनात है।अधिवक्ता संतोष कुमार राय ने बताया कि घटना 12 जून 2020 की है।राम जन्मभूमि थाने में तैनात दरोगा संजय सिंह इसी थाना क्षेत्र के माता मंदिर के बगल में परिक्रमा मार्ग पर रहने वाली परमजीत कौर के यहां पहुंचा। जब किशोरी ने दरवाजा खोला तो उसे गाली देते हुए शराब के नशे में मारा-पीटा।उसी समय घर में दूध देने वाला आ गया तो दरोगा चले गए।इसकी शिकायत पीड़िता ने थाने में की लेकिन मामला विभागीय होने के कारण कोई कार्रवाई नहीं हुई।एसएसपी के स्तर से भी पीड़िता को न्याय नहीं मिला।तब पीड़िता ने अदालत से न्याय की गुहार की।सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी दरोगा को मारपीट व जान से मारने की धमकी देने में विचारण के लिए तलब किया।आदेश को दरोगा ने निगरानी के माध्यम से जिला जज की अदालत में चुनौती दी।अपर जिला जज प्रथम ने निगरानी खारिज कर दी।इसके बाद कोर्ट ने दरोगा को गिरफ्तार करके पेश करने का आदेश दिया है।

स्टांप विक्रेता और एडीओ पंचायत की बाइकें टकराई

मिल्कीपुर -अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील परिसर स्थित सीसी रोड पर एडीओ पंचायत मिल्कीपुर एवं स्टांप विक्रेता की बाइकों में भिड़ंत हो गई इसके बाद गुस्साए एडीओ पंचायत ने अपने सहकर्मी के साथ मिलकर स्टांप पर विक्रेता उदय राज की जमकर पिटाई कर दी। वाकया देख गुस्साए अधिवक्ताओं ने सहायक विकास अधिकारी को दौड़ा लिया। जिससे खौफ खाए एडीओ पंचायत एसडीम के अहलमद फौजदारी कक्ष में जाकर छुप गए और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद नाराज अधिवक्ताओं ने एसडीएम कार्यालय कक्ष घेर लिया व शोर शराबा करने लगे। मामले की जानकारी पाकर इनायतनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीएम राजीव रतन सिंह सहित क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने नाराज व उग्र अधिवक्ताओं को समझा बुझाकर शांत कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को करीब 11 बजे सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुरेंद्र कुमार राव अपने सहकर्मी एडीओ एजी रामसहाय गौतम के साथ बाइक से एसडीएम कार्यालय जा रहे थे। वह पुराने ट्रेजरी ऑफिस के पास पहुंचे थे कि बगल से अधिवक्ता भवन को जाने वाले सीसी मार्ग से आ रहे स्टांप विक्रेता उदय राज यादव की बाइक आपस में टकरा गए। इसके बाद गुस्साए सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुरेंद्र कुमार राव ने स्टांप विक्रेता की पिटाई शुरू कर दी। यह सब वाकया देख तहसील में मौजूद अधिवक्ता भारी संख्या में पहुंच गए और वह पंचायत कर्मी पर बिफर पड़े। माजरा भांप एडियो पंचायत एसडीएम कार्यालय में जाकर छुप गए। उधर गुस्साए अधिवक्ता कार्यालय में छिपे पंचायत कर्मी को बाहर निकालने की जिद पर अड़ गए। प्रशासनिक अधिकारियों एवं भारी पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचने के बाद मामला शांत हो सका और पुलिस ने स्टांप विक्रेता सहित पंचायत कर्मियों को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा। प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह ने बताया कि अभी किसी भी पक्ष से कोई भी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

मिल्कीपुर सीएचसी में डॉक्टरों के इंतजार में मरीज

मिल्कीपुर- अयोध्या। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर अस्पताल के ओपीडी में अक्सर समय पर डॉक्टर नहीं पहुंचने से मरीजों को परेशानी हो रही है। शनिवार को सुबह 11ः00 बजे तक डॉक्टर नहीं पहुंचे थे। अस्पताल परिसर में मरीज इधर-उधर बैठकर डॉक्टर के आने का इंतजार कर रहे है । जब अस्पताल पहुंच कर मौजूद कर्मचारियों से पूछा कि डॉक्टर साहब कहां पर है तो कर्मचारी ने बताया कि डॉक्टर साहब आते ही होंगे, इमरजेंसी है तो चिकित्सा अधिकारी कक्ष में डॉक्टर जी0पी0 विश्वकर्मा है उनको दिखा दीजिए बाकी अभी कोई डॉक्टर आया नहीं है। स्वास्थ्य विभाग का निर्देश है कि सभी डॉक्टर समय से ओपीडी में बैठे लेकिन सीएचसी मिल्कीपुर में अधीक्षक समेत कई डाक्टर अस्पताल ही नहीं पहुंचे जिसके चलते सभी डॉक्टरों के ओपीडी पर ताला लटका मिला। अधीक्षक का तो कमरा खुला मिला लेकिन कुर्सी भी डॉक्टर के आने का इंतजार कर रही थी। अस्पताल में नदारत डॉक्टरों के संबंध में जानकारी के लिए अधीक्षक डॉ प्रदीप कुमार के दूरभाष पर संपर्क किया गया, लेकिन बात नहीं हो सकी। अस्पताल के कुछ कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में होंगे वहीं एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कभी वे समय से नहीं आते और ना ही मुख्यालय पर रुकते ही हैं। इनायत नगर के शोनस गांव निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि हमारा हाथ फैक्चर है डॉक्टर साहब ने एक्स-रे कराने को लिखा था जब एक्स रे कक्षा में पहुंचा तो मौजूद कर्मचारियों ने कहा कि 20 एक्सरे फिल्म ही बची है, जो वीआईपी लोगों के लिए रखी गई है। ऐसे में आपका एक्सरे कैसे करें।ऐसी दशा में जब अस्पताल में डॉक्टर ही नहीं रहेंगे तो क्षेत्र के गरीब जनता का उपचार कैसे संभव होगा क्षेत्र की जनता पैसे के अभाव में सरकारी अस्पतालों का सहारा लेती है लेकिन जब अस्पताल में डॉक्टर ही नहीं रहेंगे तो मरीजों का उपचार कैसे होगा।

रेलवे स्टेशन अयोध्या कैंट व अयोध्या धाम जंक्शन स्टेशन पर जीआरपी ने चलाया चेकिंग अभियान

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। होली पूर्व की खुमारी जिले भर में छा गई है। त्योहार का उत्साह व उमंग लोगों के चेहरों पर होली के रंग देखकर ही स्पष्ट झलक रहा है। होली पूरी तरह से सुरक्षित रहे, इसको लेकर जीआरपी आरपीएफ पुलिस ने तैयारियां कर ली हैं और सुरक्षा के दायरे को पहले से ज्यादा मजबूत किया है। होली पर हुड़दंग न हो, इसको लेकर भी पुलिस अलर्ट है। होली पर्व पर यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ प्रशान्त वर्मा द्वारा रेलवे स्टेशन अयोध्या कैंट व अयोध्या धाम जंक्शन का भ्रमण व निरीक्षण करके विशेष सतर्कता के साथ होली पर्व को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु समस्त अधिकारी कर्मचारी गण को दिए आवश्यक दिशा निर्देश पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ प्रशान्त वर्मा अनुभाग लखनऊ द्वारा आगामी होली त्यौहार के मद्देनजर थाना जीआरपी अयोध्या कैंट व अयोध्या धाम जंक्शन पर प्रभारी निरीक्षक अयोध्या कैंट, जीआरपी आरपीएफ जनपदीय पुलिस व बीडीएम टीम के साथ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सर्कुलेटिंग एरिया/बुकिंग पार्किंग एरिया के साथ- साथ अयोध्या आने वाली यात्री ट्रेनों में चेकिंग किया गया। जीआरपी अयोध्या कैंट क्षेत्र में स्टेशनों एवं प्लेटफॉर्म रेलवे लाइन के किनारे होने वाले होलिका दहन के विषय में अवगत होकर होलिका दहन एवं रंगो पर्व होली के दिन विशेष सतर्कता के साथ होली पर्व को सकुशल संपन्न कराए होली के मद्देनजर जीआरपी कैंट थाना एसएचओ के नेतृत्व में टीमों ने स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया।

अवध विवि में डॉ. राममनोहर लोहिया की जयंती मनाई गई

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में डॉ0 लोहिया की जयंती पर परिसर स्थित लोहिया वाटिका में लोहिया जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देशन में शनिवार को कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. विनोद श्रीवास्तव, दिलीप पाल, आशीष प्रजापति, अनिल कुमार, शैलेश मिश्रा सहित अन्य ने डॉ. लोहिया की प्रतिमा माल्यार्पण किया। वहीं दूसरी ओर डॉ. लोहिया जयंती की पूर्व संध्या पर अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 'वर्तमान आर्थिक परिदृश्य एवं डॉ. लोहिया के विचारों की प्रासंगिकता' विषय पर 'लोहिया स्मृति व्याख्यान' एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं डॉ. लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता प्रो. शक्ति कुमार, चेयरमैन, सेंटर फॉर इकोनॉमिक स्टडीज एण्ड प्लानिंग, जवाहरलाल नेहरू, विश्वविद्यालय, नई दिल्ली रहे। उन्होंने 'लोहिया स्मृति व्याख्यान' देते हुए भारत के वर्तमान आर्थिक परिदृश्य का विस्तृत विश्लेषण किया और बताया कि प्रति व्यक्ति आय एवं एच.डीआई. के

आधार पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए लोहिया जी के सिद्धांतों पर चलना होगा। उन्होंने बताया कि भारत की जी.डी.पी. में तो वृद्धि हुई है। लेकिन आकार के आधार पर विश्व की पाँचवी अर्थव्यवस्था है। परंतु भारत की प्रति व्यक्ति आय काफी कम है और मानव विकास सूचकांक भी काफी नीचे है जो आर्थिक दृष्टि से बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। स्थिति को सुधारने के लिए पूंजीगत व्यय को बढ़ाना होगा जो सरकार सेंटरिक योजना द्वारा संभव होगा न की प्राइवेट सेंटरिक योजना द्वारा होगा। कार्यक्रम में प्रो0 शक्ति ने कहा कि पिछले कई दशकों से ऐसा न करने एवं अनावश्यक निजीकरण के कारण राष्ट्र की आर्थिक स्थिति पर खराब असर पड़ा है। भारत में विकेंद्रित योजना के द्वारा ही आर्थिक असमानता को दूर किया जा सकता है। गरीबी रेखा की बात करते हुए उन्होंने बताया कि अब अमीरी रेखा पर चर्चा करने की जरूरत है, ताकि राष्ट्रीय आय का समान वितरण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि भूमि सुधार के क्षेत्र में अभी भी कार्य करने की जरूरत है। अपने व्याख्यान में प्रो. कुमार ने डॉ. लोहिया के विचार पर आधारित जाति, वर्ग, आदि सात तरह की समानता पर बल देने की बात कहीं।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. आशुतोष सिन्हा ने भारत में आर्थिक विषमता के निरंतर बढ़ने को राष्ट्र के लिए मुख्य चुनौती बताया। उन्होंने बताया कि भारत में समावेशी एवं सतत विकास बिना डॉ. लोहिया के समाजवाद को अपनाए संभव नहीं होगा। राष्ट्रीय आय संवृद्धि दर बढ़ने से ही सही मायनों मे विकास नहीं होगा, जब तक की आय का वितरण समान नहीं होगा। लोहियाजी का समाजवाद का सिद्धांत यह स्पष्ट करता है की पूंजीवाद और साम्यवाद दोनों ही विषमताओं को बढ़ाने का कार्य करते हैं एवं दोनों व्यवस्थाओं में जनसंख्या एवं समाज का एक बहुत बड़ा हिस्सा अपने श्रम के अनुरूप प्रतिफल नहीं प्राप्त करता है। इससे राष्ट्र की आय एवं संसाधनों पर कुछ ही लोगों का कब्जा बना रहता है। प्रो0 सिन्हा ने लोहिया की चैखंभा व्यवस्था की चर्चा करते हुए बताया कि विषमता को दूर करने के लिए विकेन्द्रीकरण एवं केन्द्रीकरण के बीच में सामंजस्य स्थापित करना होगा। लोहियाजी ने कुटीर एवं छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने एवं अनावश्यक औद्योगीकरण से बचने को कहा था, उसी को दृष्टिगत रखते हुए एम.एस.एम.ई. सेक्टर एवं श्रम प्रधान तकनीक वाले उद्योगों को प्रोत्साहन देने की जरूरत है जो बेरोजगारी एवं गरीबी उन्मूलन एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से अनुकूल होगा एवं आर्थिक विषमता में कमी लाएगा।

गौतम बुद्ध राजकीय महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। गौतम बुद्ध राजकीय महाविद्यालय दर्शन नगर का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य आयोजित किया गया। कार्यक्रम

में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य अतिथि रहे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी के प्राचार्य डॉ बृजेश सिंह उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि का स्वागत प्राचार्य डॉ सीमा पाण्डेय ने बुके व अंग वस्त्र प्रदान कर किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया।छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्तमान समय चुनौतियों व प्रतिस्पर्धाओ का हैं इसके लिए आप सबको अभी से ही तैयार रहना होगा। नियमित अध्ययन,कठिन परिश्रम और लक्ष्य निर्धारित करके ही सफलता के उच्चतम शिखर पर पहुंच सकते हैं।कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा विभिन्न एकल एवं सामूहिक गीत, राष्ट्रीय व होली गीत आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वर्षभर महाविद्यालय में आयोजित खेल ,चित्रकला,समान्य ज्ञान, रंगोली, आदि प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त छात्र/छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र, मेडल प्रदान पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करती हुई महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 सीमा पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हैं। और राष्ट्र के विकास में आप सबकी सहभागिता जरूरी हैं। समारोह का संचालन मुख्य समारोहक डॉ0 निलय तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 सुनीता अवस्थी, जोखन सिंह, डॉ0 प्रमोद कुमार मिश्र, अखिलेश कुमार वर्मा, डॉ0 आनंद कुमार मिश्र, कार्यालय अध्यक्ष श्री देवी प्रसाद तथा पुरातन एवं नवीन छात्र/छात्राओं द्वारा अपने अभिभावकों सहित प्रतिभाग किया गया।

वंचित वर्ग के बच्चों के लिए समर्पित निःशुल्क अपना स्कूल में समाजसेवी टीम ने बांटा पिचकारी गुलाल और गुझिया

अयोध्या। जयसिंहपुर वार्ड में वंचित वर्ग के बच्चों के लिए समर्पित निशुल्क अपना स्कूल में आज होली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। खाकी वाले गुरुजी के नाम से प्रसिद्ध सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव भिक्षावृत्ति से जुड़े हुए मलिन बस्ती के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की मुहिम चलाते हैं। अपनी ड्यूटी पर जाने से पहले सुबह दो घंटा 60 गरीब बच्चों को पढ़ाते हैं। इनकी इस मुहिम में साकेत कॉलेज के छात्र ऋषभ शर्मा और अंशिका सिंह निःशुल्क रूप से शिक्षण कार्य करते हैं। आज होली के दो दिन पूर्व अयोध्या के समाजसेवियों की टीम अपने साथ रंग अबीर गुलाल गुझिया पिचकारी गुब्बारा बिस्कुट सन्तरा इत्यादि लेकर बच्चों में वितरित किया। उपहार पाकर बच्चो के चेहरे खिल उठे। अपना स्कूल सामान लेकर पहुँचे अतिथियों में लोको पायलट राजन यादव,न्यायालय लिपिक शिल्पी चौरसिया, स्टेनो धीरज श्रीवास्तव,अधिवक्ता विनोद पांडेय अध्यापिका रचना श्रीवास्तव,लोको पायलट अमन यादव,न्यायालय लिपिक अंकिता केसरवानी रही।

गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज के बच्चों ने विद्यालय प्रांगण में खेली जमकर होली

अयोध्या । सत्रावसान पूर्व वार्षिक परीक्षा के उपरान्त गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज के बच्चों ने विद्यालय प्रांगण में जमकर होली खेली। प्रशासनिक अधिकारी प्रभा शंकर शुक्ल के दिशा निर्देशन में प्रधानाचार्या शिखा दूबे की देख रेख में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली के

गीतों पर डांस करते हुए माहौल को बहुरंगी कर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने कहा कि होली पर्व पूरे समाज को एकता के सूत्र में पिरोने के साथ साथ समाज से ऊंच नीच की भावना को नष्ट करता है इसलिए ऐसे पर्वों का साथ मिलकर जमकर उल्लास मनाना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने बुजुर्गों का विशेष खयाल रखने की भी नसीहत दी। उप प्रबंधक रमा शंकर शुक्ल ने होली के साथ साथ 1 अप्रैल से नये सत्र की शुभकामनाएं प्रेषित की।

जनता के मौलिक अधिकार छीन रही वर्तमान सरकाः सुमन

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। जो हुकूमत जनता के मौलिक अधिकार छीनती है उसे सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

यह बात भगत सिंह ने कही थे आज सत्ता में बैठे लोगों ने जनता के उन अधिकारों को भी छीन लिया जो गुलाम भारत जनता को प्राप्त थे। यह बात भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने भगत सिंह राजगुरु सहदेव के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कही। पार्टी के जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि साम्प्रदायिक व विघटन कारी ताकतों को परास्त करने के लिए पार्टी अयोध्या सीट पर अपना उम्मीदवार खडा करेगी। कोषाध्यक्ष शिवदर्शन वर्मा ने कहा कि संघी गिरोह की सरकार अब जांच के नाम दिल्ली के मुख्यमंत्री को पकड कर जेल में रखकर देश की राजधानी की सरकार चलवा रही है। लोकतंत्र का मजाक बनाया जा रहा है। पार्टी के सह सचिव प्रवीण कुमार ने कहा कि नए भारत का निर्माण भगत सिंह के विचारों के आधार पर हो चाहिए था किन्तु अफसोस है कि सावरकर के विचारों के आधार मुखविरों की सरकार चल रही है जिससे मेहनतकश आवाम भूखमरी का शिकार हो गई है।

आठ वर्षीय बच्ची को जल पुलिस ने ढूंढ कर परिजनों से मिलाया

अयोध्या। प्रभु श्री राम की पावन नगरी श्रीअयोध्या धाम में राजस्थान सीकर जनपद के निवासी व भारत पाकिस्तान सीमा (बाड़मेर) पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के उप निरीक्षक सन्दीप कुमार शर्मा अपने 07 सदस्यीय परिवार के साथ दर्शन करने आये थे और सरयू स्नान घाट पर भीड़ भाड़ अधिक होने के कारण उनकी 08 बर्षीय बच्ची बिछड़ गयी परिजनों ने इधर- उधर बहुत खोजने का प्रयास किया परन्तु बच्ची कहीं दिखाई नहीं पडीं सभी परेशान व हैरान हो गये, उसके पश्चात उन्होंने जल पुलिस से बच्ची को खोजने में मदद मांगी, जल पुलिस के प्रभारी रूबे प्रताप मौर्य, आरक्षी नित्यानंद यादव, आरक्षी अरविंद पाल ,पुलिस मित्र विश्वनाथ शुक्ल, भुपेन्द्र शुक्ल आदि सभी अपनी पूरी टीम के साथ बच्ची को खोजने में तत्परता से लग गए और 02 घंटे के पश्चात खोजकर बच्ची के परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

शिवसैनिको ने भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी - शहीद भगत सिंह की 93वी शहादत दिवस पर शिवसेना यूबीटी के शिवसैनिको ने आज देवा रोड़ सोमैया नगर में स्थित कार्यालय पर भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया और उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया इस अवसर पर पार्टी के जिला प्रमुख मनोज मिश्र विद्रोही ने उनके संस्मरण को याद करते हुए कहाकि बचपन में जब भगतसिंह %सगाई% का नाम सुनकर घर से भाग खड़े हुए थे तब मां विद्यावतीजी पर मानो वज्रपात हो गया और उनके सपनों पर पानी-सा फिर गया। वे लाहौर के ग्वालमंडी में एक प्रसिद्ध ज्योतिषी के पास गईं। उन्होंने उनसे भगतसिंह का कोई कपड़ा मांगा। इस पर जब उनकी पगड़ी पेश की गई, तो कुछ देर मंत्र पढ़कर ज्योतिषी ने कहा, तुम्हारा बेटा कुछ दिनों बाद ही आ तो जाएगा, मगर फिर चला जाएगा। इस लड़के

का भाग्य भी अद्भुत है या तो यह तखत पर बैठेगा या तखते पर झूलेगा इतना जानने पर उनकी मां विचलित नही हुई और आने वाले वक्त में भारत माता के लिए उनका लाल शहीद हुआ ऐसे व्यक्तित्व को हम सब शहादत दिवस पर नमन करते है इस मौके पर पार्टी की व्यापार विंग के जिलाध्यक्ष सुशील जायसवाल उर्फ बबलू ने कहा कि भगत सिंह के विचार आज भी प्रासंगिक है आज भगत सिंह के विचारो पर चलने की आवश्यकता है युवाओं को भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए जिनके लिए देश सर्वप्रथम था इस अवसर पर प्रमुख रूप से बब्बन मिश्रा,सरवन गौतम, जिला सचिव प्रवीन वर्मा, युवासेना जिला महासचिव बीर सिंह आदि मौजूद रहे।

रोड रोलर के नीचे दब कर ड्राइवर की मौत

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। श्यामदेउरवां थानाक्षेत्र के ग्रामसभा लखिमा नहर के पूल पर रोड रोलर चढ़ाने के दौरान हुए हादसे में ड्राइवर की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार घुघली थानाक्षेत्र के ग्रामसभा बारीगांव टोला पकडीयहवा निवासी तूफानी सिंह उम्र 65 वर्ष। जिला कुशीनगर मंसूरगंज के ग्रामसभा शाहपुर में सड़क निर्माण कार्य में रोड रोलर चलाते थे। सड़क निर्माण के दौरान ही रोड रोलर में कुछ तकनीकी खराबी आ गई थी जिसकी मरम्मत करा। शनिवार की सुबह रोड रोलर चलाकर अपने कार्य क्षेत्र की ओर जा रहे थे। कि रास्ते मे ग्रामसभा लखिमा के समीप नहर के पूल पर जैसे ही रोड रोलर चढ़ा अचानक उचाई ज्यादा होने के कारण रोलर अनियंत्रित होकर पिछे की ओर जाने लगा। ड्राइवर द्वारा रोलर को रोकने का काफी प्रयास किया गया। सभी प्रयास विफल होने के कारण रोड रोलर ड्राइवर अपनी जान बचाने के लिए सड़क के किनारे स्थित खेत (गड्ढे) में कूद गया। इस दौरान रोड रोलर की दिशा भी परिवर्तित हो गई। रोड रोलर भी उसी ओर गड्ढे में जाने लगा एकाएक रोड रोलर के सामने आ जाने से तूफानी घबरा गये। तूफानी ने बचने का प्रयास किया परंतु रोड रोलर के पिछले पहिये के जद में आ गए।जिस कारण ड्राइवर तूफानी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुँची पुलिस द्वारा क्रेन की सहायता से रोड रोलर को हटाया गया और शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

प्रधान संघ ने केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री को सम्मानित किया

महराजगंज। शनिवार को केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के आवास पर एक बैठक आयोजित कर अखिल भारतीय प्रधान संघ ने केन्द्रीय मंत्री को सम्मानित किया। केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के महराजगंज स्थित आवास पर आयोजित कार्यक्रम मे अखिल भारतीय प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार जोशी सहित ओमप्रकाश पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय धर दूबे, राष्ट्रीय सचिव नागेंद्र मल्ल, जिला संरक्षक वीरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष चतुर्भुजा सिंह,अवध किशोर, जिला महामन्त्री राजू सिंह, जिला मंत्री रामसूरत पटेल, प्रितम जायसवाल, ब्लाक अध्यक्ष दिनेश जायसवाल, रघुनाथ पटेल, अखिलेश यादव,नीरज पटेल, ब्रह्मानंद पटेल, योगेन्द्र यादव, रामप्रताप यादव, अखिलेश चौधरी, जितेंद्र बर्मा, पुजारी यादव,राजाराम यादव, सच्चिदानंद मौर्या सहित सैकड़ो की संख्या मे प्रधान उपस्थित रहे।

अनियंत्रित कार ने बाइक में मारी ठोकर, युवक की मौत दम्पत्ति घायल

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। बहन के घर होली की त्यौहारी देकर वापस घर जा रहे भाई की शनिवार सुबह रामनगर इलाके में हुए एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे में कार सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय सीएचसी से जिला चिकित्सालय भेजा गया है। पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए ज़िला मुख्यालय भेज दिया है। जानकारी के अनुसार रामनगर थाना अंतर्गत रामनगर बदोसराय मार्ग पर सिलौटा मोड़ के पास तेज़ रफ़्तार अनियंत्रित अर्टिगा कार नम्बर यूपी 32 एलके 3098 ने सड़क किनारे बाइक के पास खड़े बदोसराय निवासी बलदीप यादव (25) पुत्र देवी प्रसाद को ज़ोरदार टक्कर मार दी। जिससे बलदेव मोटरसाइकिल सहित सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद अर्टिगा कार भी सड़क किनारे गड्ढे में गिरकर पेड़ से टकरा गई। जिससे कार में सवार मुन्ना (45) पुत्र शौकत व पत्नी सफीरा (43) निवासी थाना मोहम्मदपुर खाला गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची रामनगर पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से घायल दंपति को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी भिजवाया। जहां घायलों की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल भेज दिया गया।

तापमान बढ़ते ही मच्छरो की भरमार, शुरू हुए उपाय

बाराबंकी। तापमान बढ़ने साथ ही गर्मी, जलभराव वाले स्थानों पर मच्छरों की पैदावार बढ़ने से मच्छर जनित रोगों की चपेट में आकर लोगों में बीमारियां बढ़ती जा रही है। जिला अस्पताल से लेकर सीएचसी पर मरीजों की संख्या में रोजाना इजाफा हो रहा है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। विभाग ने लार्वा को लेकर सर्वे शुरू कर दिया है। इसके साथ ही अस्पतालों में मलेरिया व डेंगू की जांच बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए हैं। संचारी रोग अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. डीके श्रीवास्तव ने बताया कि गर्मी में मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के कार्य शुरू हो चुके हैं। गांव व शहरी क्षेत्रों की आशा बहू को लार्वा सर्वे के लिए लगाया गया है। जलभराव वाले स्थानों पर लार्वा की जांच करेंगी उसको नष्ट कराने के लिए एंटी लार्वा डालेंगी। जिला अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षकों को बुखार के मरीजों की मलेरिया जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं।

मदर मरियम ग्लोबल स्कूल में प्रगति पत्र वितरण का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

नौतनवा (महराजगंज)। कोल्हुई क्षेत्र के अंतर्गत खरहरवा स्थित मदर मरियम ग्लोबल स्कूल में प्रगति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को प्रगति पत्र देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभ कामनाएं की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की निर्देशिका मीना अधर्मी ने कहा कि बच्चों को अभिभावक मोबाइल से दूर रखें। मोबाइल के कारण बच्चों का रुझान किताब से दूर होता जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक समीर अधमी ने कहा कि जो बच्चे कम अंक पाये हैं उन्हें निराश नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम में हबीबा को स्टूडेंट आफ द ईयर चुना गया। बच्चों को प्रशस्ति पत्र व मेडल भी प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक बच्चे तथा सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

बांसी में विधानसभा स्तर पर कार्यालय का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। शनिवार को लोकसभा क्षेत्र 60 डुमरियागंज के विधानसभा बांसी में विधान सभा स्तर पर कार्यालय का उद्घाटन किया गया जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर क्षेत्र के सहजानंद राय रहे जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान के नेतृत्व में एवं लोकसभा प्रभारी समीर त्रिपाठी लोकसभा संयोजक रामकुमार कुंवर के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र से सांसद जगदंबिका पाल, बांसी विधान सभा के क्षेत्रिय विधायक जय प्रताप सिंह, विधान सभा प्रभारी, विधान सभा संयोजक तथा सभी मंडल अध्यक्षों की उपस्थिति में किया गया कार्यकर्ताओ तथा समर्थको ने फूल मालाओं से क्षेत्रीय अध्यक्ष जी का भव्य स्वागत किया बांसी कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान ने क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय सहित जिले के सभी पदाधिकारीयो का स्वगत अभिनंदन करते हुए कहा कि आज हमारे जिले का एक-एक कार्यकर्ता चुनाव लड़ रहा है तथा हमारे सभी कार्यकर्ता हमारे जो प्रत्याशी जगदंबिका पाल जी हैं उनको 4लाख से अधिक वोटो से विजई बनाने का कार्य करेंगे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहजानंद राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर आप के बीच ऐसा प्रत्याशी भेजा है जो दिन रात आप लोगो के सुख दुःख में उपस्थित रहते है ये कब सोते है कब आप लोगो के बीच पहुंच जाते है इसकी चर्चा देश भर में होती है कि ये कोई और नहीं डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल है अगर इनका एक पैर दिल्ली में तो दूसरा लखनऊ और सिद्धार्थ नगर में रहता है आप सभी अपने अपने बूथों पर 70 प्रतिशत मतदान कराकर मोदी जी का जो विकसित भारत की परिकल्पना है उसे पूरा करने का कार्य करेंगे तथा जो लक्ष्य है अबकी बार 400 पार वह निश्चित ही पूरा करने का कार्य करेंगे क्षेत्रिय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि इस बार लोकसभा भी चार लाख के पार हो ये लक्ष्य लेकर चलना है इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार कुवर ,दुर्गेश राय, राजेंद्र पाडे, जितेन्द्र कुमार मिश्र, रामनाथ यादव, गौरीशंकर अग्रहरि, चंद्रिका प्रसाद मिश्र, अजय कुमार श्रीवास्तव, आलोक गौड़, बजरंगी बर्मा, जयंत्री मिश्र, लाल बाबा, विजयकांत चतुर्वेदी, अजय श्रर्मा, आनंद मणि त्रिपाठी, ओजस्व प्रताप सिंह, दिनमणि उपाध्याय, ऋषि सिंह, धुर्व कुमार त्रिपाठी, बब्लू तिवारी, मुकेश मौर्य, महामंत्री प्रिस गुप्ता, बृजेश कुमार कनौजिया, अनुसूचित मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सकारपार मंडल अध्यक्ष सर्वजीत पासवान, बांसी नगर अध्यक्ष गोपाल भारती रामजश, शिव बहाल, जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा शिव प्रकाश कनौजिया, अनुप शुक्ल, प्रतीमा वर्मा, अरुन मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, बलराम कुलश्रेठ, राकेश अग्रहरि, सत्य नरायन मौर्य, रमेश मौर्य, राजेन्द्र त्रिपाठी, प्रदीप चौरसिया, अशोक सिंह सहित कार्यक्रम के संचालक दिलिप चतुर्वेदी ने किया।

दबिश तलाशी में लगभग 48 लीटर कच्ची शराब बरामद

अवधनामा संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। आबकारी आयुक्त महोदय के आदेशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के होली पर्व के दृष्टिगत अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत शनिवार को अवैध शराब की बिक्री और निष्कर्षण के क्षेत्रों पर रोकथाम के लिए जनपद के आबकारी निरीक्षकों की टीम एवं थाना मिश्रौलिया की संयुक्त टीम द्वारा ओदनवाताल, मंझरिया झकैया , सोनवलिया नानकार, अलीगढवा, रामनगर आदि में दबिश दी गयी। दबिश के दौरान तलाशी में लगभग 48 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई वहीं लगभग 150 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया। बरामद शराब को कब्जे में लेकर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में 02 अभियोग पंजीकृत किए गये। संयुक्त टीम में आबकारी निरीक्षक बांसी संजय कुमार पाण्डेय, आबकारी निरीक्षक डुमरियागंज मोनी शुक्ला,इटवा रितिक वर्मा एवं थाना मिश्रौलिया के उपनिरीक्षक दीपनारायण यादव व शिवदास गुप्ता मयस्टाफ़ उपस्थित रहे। इसी क्रम में जनपद स्थित आबकारी दुकानों का एसडीएम,सीओ और एक्साइज इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम द्वारा गहनता से निरीक्षण किया गया। उपजिलाधिकारी बांसी कुणाल, क्षेत्राधिकारी सतीश चंद्र पांडेय व आबकारी निरीक्षकों की संयुक्त टीम मौके पर उपस्थित रही। उपजिलाधिकारी के द्वारा होली पर्व के दृष्टिगत विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए गए।

नोडल शिक्षको के प्रशिक्षण का बीआरसी पर हुआ समापन

अवधनामा संवाददाता

- दिव्यांग बच्चों की विद्यालय में स्क्रीनिंग करें शिक्षक : रामनाथ
- दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा को लेकर दी गई तमाम जानकारी

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। तहसील क्षेत्र के भनवापुर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र के प्रशिक्षण हाल में समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से नोडल शिक्षकों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शनिवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण में कुल 45-45 शिक्षकों कुल 90 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षक महेंद्र कुमार ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को समावेशी शिक्षा दिलाने के उद्देश्य यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया था।

नोडल शिक्षक प्रशिक्षण में दी रही जानकारी को सीखते हुए अपने विद्यालय में लागू करें। दिव्यांग बच्चे व सामान्य एक साथ मिलकर शिक्षा ग्रहण करें। उन्होंने यह भी कहा कि स्क्रीनिंग के उपरांत ऐसे बच्चे जिनमें कोई शारीरिक बाधा अथवा दिव्यांगता होने की होती है तो इन बच्चों की ट्रैकिंग कर संबंधित विद्यालय का भ्रमण एजुकेटर करते हैं।

प्रशिक्षण में जानकारी देते हुए प्रशिक्षक रामनाथ व गंगाराम ने बताया कि सामान्य जीवन में सभी बच्चे एक साथ शिक्षा ग्रहण करें और बच्चों में एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना हो ऐसा माहौल शिक्षक अपने कक्ष में तैयार करें। प्रशिक्षण के अंत में विभिन्न प्रकार के दिव्यांगता की पहचान के बारे में किट के माध्यम से समझाया गया। इस मौके पर एमआईएस आबिद रिज़वी व नोडल शिक्षक राम प्रकाश मिश्र योगेंद्र प्रसाद अरविंद कुमार राम प्रसाद बालकृष्ण सत्यनारायण अजय ओम प्रकाश शिवाजी सिंह गौहर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

समाजवाद पंथनिरपेक्ष व लोकतंत्र का पक्षधर है : लालजी यादव

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। सपा जिला कार्यालय पर शनिवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी समाजवादी चिंतक व विचारक समाजवादी पुरोधा डॉ राम मनोहर लोहिया की 114 वी जयंती जिला अध्यक्ष लालजी यादव की अध्यक्षता में मनाई गई तथा शहीद दिवस के अवसर पर भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कर अमर शहीदों को याद किया गया इस दौरान एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि समाजवाद पंथनिरपेक्ष लोकतंत्र का पक्षधर है। समाजवाद का मूल उद्देश्य समानता और संपन्नता है। डॉक्टर लोहिया जी के विचार और सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है। लोहिया जी के सिद्धांतों पर चलकर के ही हम एक अच्छे समाज की संरचना कर देश को विकास के पथ पर आगे ले जा सकते हैं। डॉक्टर लोहिया हमेशा पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ थे वे जाति प्रथा, गैर बराबरी वाद को मिटाकर समतामूलक समाज की स्थापना के पक्षधर थे।

प्रदेश सचिव बेचई यादव ने कहा कि आज के परिवेश में हम समाजवादी विचारधारा और डॉक्टर लोहिया के सिद्धांतों पर चलकर के ही अमीर और गरीब की खाई को पाट सकते है। जिला उपाध्यक्ष अनूप यादव ने कहा कि डॉक्टर लोहिया जी सप्त क्रांति की बात करते थे तथा देश में चौखंभा राज की स्थापना की वकालत करते थे जिससे समाज के दबे कुचले गरीब मजदूर किसान नौजवान सभी लोगों को सामाजिक न्याय तथा समतामूलक समाज की स्थापना की जा सके। उनके विचार उनके आदर्श और उनके सिद्धांत हमें सदैव ही संघर्ष की प्रेरणा देते रहेंगे। वरिष्ठ सपा नेता घिसियावन यादव ने कहा कि डॉक्टर लोहिया जी की नीतियों और सिद्धांतों पर चलना ही डॉक्टर लोहिया जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। विचार गोष्ठी के पश्चात सागर पाठक शान जी को लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर माल्यार्पण कर उनका स्वागत कर बधाई एवं शुभकामना दिया गया। विचार गोष्ठी को पूर्व प्रदेश सचिव अजय चौधरी, विधायक अनिल सिंह, पूर्व विधायक विजय पासवान, वरिष्ठ नेता नागेंद्र नाथ चतुर्वेदी, एडवोकेट अजय यादव, प्रदीप पथरकट्ट, बहराइची प्रसाद प्रेमी, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, राममिलन भारती, सोनू यादव, कृष्ण नाथ, पारसनाथ विश्वकर्मा, रामसेवक लोधी, घनश्याम जायसवाल, मो हारुन, अखिलेश मौर्या, शकील शाह, हरि नारायण यादव, जोखन चौधरी, चंद्रभूषण आर्य, चंद्रजीत यादव, विजय चौधरी, साहू राजेश गुप्ता, बृजभान यादव, सुनील यादव, पहलवान महेश यादव, राम शंकर मौर्य, शैलेंद्र शर्मा, अशोक पांडे, राधेश्याम यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

अवैध रूप से नेपाल ले जा रहे दवाइयों को किया जब्त

अवधनामा संवाददाता

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी खुनुवा, स्थानीय पुलिस और कस्टम की संयुक्त गश्ती दल द्वारा अवैध रूप से नेपाल ले जा रहे दवाइयों को जब्त किया। शुक्रवार को 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के सीमा चौकी खुनुवा, स्थानीय पुलिस और सीमा शुल्क कार्यालय खुनुवा के संयुक्त गश्ती दल द्वारा सीमा स्तम्भ संख्या 556 के समीप अवैध तरीके से नेपाल ले जा रहे दवाइयों को जब्त किया।

सूचना प्राप्त हुई कि सीमा स्तम्भ संख्या 556 के पास दवा की तस्करी होने वाली है। सुचना प्राप्त होते ही सीमा चौकी खुनुवा से मुख्य आरक्षी अखिलेश कुमार के नेतृत्व में आरक्षी रविशंकर सेन, आरक्षी शंकर कुमार पुलिस चौकी खुनुवा से मुख्य आरक्षी जय प्रकाश कुशवाहा मुख्य आरक्षी मुकुंद चौहान तथा सीमा शुल्क कार्यालय खुनुवा से निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह और हवलदार महेंद्र कुमार के साथ संयुक्त गस्ती दल सीमा स्तम्भ संख्या 556 के लिए रवाना हुए। चिन्हित स्थान के समीप पहुँचने के कुछ समय पश्चात् नाका दल ने देखा कि दो व्यक्ति कंधे पर बोरी लादे भारत से नेपाल की तरफ जा रहे है। नाका पार्टी को देखते ही वे लोग बोरी छोड़ नेपाल में भाग गए। नाका पार्टी द्वारा सभी बोरियों को खोलकर देखा गया जिसमें दवाइयां बरामद हुई जिसे अवैध तरीके से भारत से नेपाल ले जाया जा रहा था। तत्पश्चात नाका दल द्वारा उचित कागजी कार्यवाही के पश्चात सभी दवाइयों को जब्त कर सीमा शुल्क कार्यालय खुनुवा को सुपुर्द कर दिया गया है।

टीबी दिवस मनाया गया

अलीगढ़। विश्व टीबी दिवस के उपलक्ष्य में जेएन मेडिकल कालिज के कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जवां में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सायरा मेहनाज और डॉ. उजमा इरम की देखरेख में एक व्यापक स्वास्थ्य चर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तपेदिक (टीबी) और इसके निवारक उपायों के बारे में आम लोगों में जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का उद्घाटन सीएचसी जवां के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकित सिंह ने किया, जिन्होंने टीबी से निपटने में सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। आरएचटीसी की चिकित्सा अधिकारी डॉ. उजमा इरम ने स्वास्थ्य चर्चा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। डॉ. शुभम उपाध्याय ने टीबी जागरूकता और निवारक रणनीतियों पर जानकारी दी, इसके बाद डॉ. चंद्रमौली मित्रा ने जांच और उपचार के तरीकों के बारे में बताया। एक इंटरैक्टिव सत्र का संचालन डॉ. दानिश कमाल, डॉ. अल्ताफ अजीज, डॉ. सैयद सोहैब हाशमी, डॉ. मोहम्मद बिलाल, डॉ. प्रभाकरन एस और डॉ. आमिर अय्यूब ने किया।

एसडीएम व सीओ के नेतृत्व में चुनाव के मद्देनज़र क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च

अवधनामा संवाददाता

जलालपुर अम्बेडकरनगर। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह व क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य के नेतृत्व में जलालपुर नगर क्षेत्र में सी आर पी एफ के बटालियन के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च जलालपुर कोतवाली क्षेत्र से निकलकर मालीपुर तिराहा, जमालपुर, वाजिदपुर, होते हुए उर्दू बाजार, उस्मापुर, नगपुर होते हुए पूरे क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओ को निडर होकर मतदान के लिए जागरूक किया साथ ही एरिया डोमिनेशन भी किया साथ ही संवेदनशील बूथों के मतदाताओं से मिलकर उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रशासन उनके साथ है और वह निडर होकर अपने मताधिकारों का प्रयोग करें। इस दौरान क्षेत्राधिकार देवेंद्र कुमार ने क्षेत्र के असामाजिक तत्वों को हिदायत देते हुए कहा कि चुनाव में किसी भी प्रकार का अपवाह फैलाने कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं उप जिलाधिकारी सुभाष सिंह ने लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने व मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की लोगों से अपील की। इस मौके पर कोतवाल संतोष कुमार सिंह, उप निरीक्षक सचिव कुमार मौर्या, दुर्गेश सिंह रोहित सिंह, सहित अन्य सुरक्षा कर्मी शामिल रहे।

चार विधानसभा क्षेत्रों में हुआ भाजपा कार्यालय का उद्घाटन

सहजानंद राय ने किया भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल को 4 लाख से अधिक वोटो से विजई बनाने का अपील

अवधनामा संवाददाता



सिद्धार्थनगर। लोकसभा क्षेत्र 60 डुमरियागंज के विधानसभा शोहरतगढ़, विधानसभा इटवा, विधानसभा डुमरियागंज, तथा विधानसभा बांसी में विधान सभा स्तर पर एक- एक कार्यालय का उद्घाटन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर क्षेत्र सहजानंद राय रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान की।

जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में लोकसभा प्रभारी समीर त्रिपाठी, लोकसभा संयोजक रामकुमार कुंवर के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र से सांसद जगदंबिका पाल, शोहरतगढ़ विधान सभा के क्षेत्रीय विधायक विनय वर्मा, विधान सभा प्रभारी, विधान सभा संयोजक तथा सभी मंडल अध्यक्षों की उपस्थिति में किया गया। शोहरतगढ कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय सहित जिले के सभी पदाधिकारियो का स्वगत अभिनंदन करते हुए कहा कि आज हमारे जिले का एक-एक कार्यकर्ता चुनाव लड़ रहा है तथा हमारे सभी कार्यकर्ता हमारे जो प्रत्याशी जगदंबिका पाल जी हैं, उनको 4 लाख से अधिक वोटो से विजई बनाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहजानंद राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर आप के बीच ऐसा प्रत्याशी भेजा है जो दिन रात आप लोगो के सुख दुःख में उपस्थित रहते है। ये कब सोते है कब आप लोगो के बीच पहुंच जाते है इसकी चर्चा देश भर में होती है। ये कोई और नहीं डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल हैं। अगर इनका एक पैर दिल्ली में तो दूसरा लखनऊ और सिद्धार्थ नगर में रहता है। आप सभी अपने अपने बूथों पर 70 प्रतिशत मतदान कराकर मोदी जी का जो विकसित भारत की परिकल्पना है उसे पूरा करने का कार्य करेंगे तथा जो लक्ष्य है अबकी बार 400 पार वह निश्चित ही पूरा करने का कार्य करेंगे। गोरखपुर क्षेत्र के पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा विधानसभा प्रभारी शिवनाथ चौधरी, संयोजक लोकसभा राम कुमार कुवर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इटवा में अमरनाथ सिंह, श्याम सुंदर, चौधरी, डुमरियागंज में पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विक्रम सिंह मौजूद रहे। शोहरतगढ़ कार्यक्रम में सिद्धार्थ पाठक , प्रधान संघ अध्यक्ष पवन मिश्रा, गंगा मिश्रा, हरीश अग्रहरी, प्रदीप कमलापुरी, रवि शुक्ला, शिवा प्रधान भोला शर्मा, विजय कुमार गुप्ता, त्रियुगी अग्रहरी, शोहरतगढ़ में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, पहलवान बाबा, मंडल महामंत्री संजय कुमार दुबे, निलेश चौधरी, घनश्याम गुप्ता, संतोष पासवान, पूर्व जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी, सुभम गौण, राधे बाबा, पद्माकर शुक्ला, गंगा मिश्रा जितेन्द्र चौधरी, के पी सिंह, पंकज मिश्र, मुन्ना लाल गौण सहित बड़ी संख्या में समर्थक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत को बढ़ाने के लिये की अपील

अवधनामा संवाददाता

अंबेडकरनगर। लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जिले के उन बूथों को चिन्हित किया जिन पर गत चुनाव में मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा।इसी क्रम में जलालपुर स्थित नरेंद्र देव इंटर कॉलेज के बूथ संख्या 206 जिस पर पिछले चुनाव में महज 42 फीसद ही मतदान हुआ था, से मत प्रतिशत बढ़ाने का आरंभ किया।मतदाताओं की मौजूदगी में सीधे संवाद के मार्फत जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कम मत प्रतिशत की वजह को जानने के प्रयास संग उसे सुधारने के गुर भी बताए। जलालपुर कस्बे में बूथ संख्या 206 में 42 प्रतिशत मतदान होने के कारण जिलाधिकारी महोदय ने चुनाव में लगे कर्मियों एवं संभ्रांत नागरिकों के बीच बैठक कर लोगों से बातचीत कर चुनाव प्रतिशत कम होने का कारण जानने की कोशिश की। वहीं पर तमाम नागरिकों ने मतदान प्रतिशत कम होने का कारण भी बताया। सभी लोगों के विचारों को जिलाधिकारी ने सुना और तत्काल प्रभाव से उन कमियों को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारी कर्मचारी को कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि यदि समय इन लोगों की शिकायतों का निराकरण नहीं किया गया तो माना जाएगा कि आप लोग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन सही ढंग से नहीं कर रहे हैं जिसकी जवाब देही आप लोगों की होगी। उपस्थित सभी लोगों ने जिलाधिकारी के विचारों से सहमत होते हुए यह संकल्प लिया कि हम सभी लोग आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करेंगे और अन्य मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता अवनीश तिवारी ने किया। कार्यक्रम में एसडीएम जलालपुर सुभाष सिंह, तहसीलदार संतोष कुमार,नायब तहसीलदार हुबलाल, कोतवाल संतोष सिंह मौजूद रहे।

लोहिया की सपा ने मनाई जयंती

अवधनामा संवाददाता

अम्बेडकरनगर। समाजवादी के महान चिन्तक डा राम मनोहर लोहिया जी की 114वीं जयंती समारोह दिनांक 23 मार्च दिन शनिवार सुबह 10 बजे समाजवादी पार्टी अम्बेडकरनगर जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष श्री जंग बहादुर यादव की अध्यक्षता में एवं जिला महासचिव मुजीब अहमद सोनू के संचालन में कार्यक्रम के मुख्यातिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव माननीय श्री लाल जी वर्मा जी, माननीय श्री विशाल वर्मा जी की उपस्तिथि में मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में मुशीर आलम अंसारी,अजय दूबे, रघुनाथ यादव, सुरजीत वर्मा, केशव राम पटेल, कपिल देव राजभर, सोनू यादव, महन्त चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, सीमा यादव, हमीदा खातून, रीता चौहान, मोहम्मद सन्नू, वजाहुल बेग, राम फूल गौतम, संदीप यादव, परवीन शर्मा, अनिल निषाद, बादशाह खान, जंग बहादुर चौरसिया, जिला संगठन के पदाधिकारियों सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

जालौन। भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन एवं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय जालौन नगर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर अक्षरा गार्डन परिसर में ग्रामीण बस्ती के पास आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पूजा सिंह राजपूत एवं भारत विकास परिषद के संरक्षक एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्याक्ष सतीश सिंह सेंगर द्वारा मां भारती ,भगवान धन्वंतरि एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण कर दिया गया ।अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में उपस्थित डॉक्टर पूजा सिंह राजपूत, प्रशिक्षु डॉक्टर आयुष, आयुष चिकित्सक डॉ भूपेंद्र पटेल आदि ने वात व्याधि, चर्म रोग, विषम ज्वर, कास, प्रतिश्याय,उदररोग, गृध्रसी, अतिसार, शिराशूल, आरमदी पथरी, ग्रहणी, प्रदर आदि रोगों से ग्रस्त रोगियों का उपचार किया गया। शिविर में स्टाफ नर्स प्रियंका सिंह राहुल पाठक रतन सिंह अजीत सिंह, प्रशिक्षु फार्मासिस्ट किशन सोनी आदि ने रोगियों को दवा वितरण की।

चुनाव को पारदर्शी रूप से कराने के लिये प्रशासन हुआ मुस्तैद

अवधनामा संवाददाता

अंबेडकरनगर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह तथा पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ की उपस्थिति में लोहिया भवन सभागार अकबरपुर अंबेडकर नगर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराए जाने हेतु 30 एफ एस टी टीम की प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी तथा ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर द्वारा विस्तार पूर्वक , स्टेप बाई स्टेप तथा निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों से टीम कार्मिकों को अवगत कराया गया तथा एफएसटी टीम को यह भी बताया गया कि निर्वाचन के दौरान मिली शिकायतों का समय अंतर्गत निस्तारण किया जाना है। प्रशिक्षण के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रशिक्षित कार्मिकों से जानकारी प्राप्त की गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से कराए जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश से वर्तमान में 15 टीमें संचालित हैं जो कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराने के लिए लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रही है। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी /अपर जिलाधिकारी डॉ.सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

कुदरत का अनमोल तोहफ़ा खजूर

अल्लाह ने आपने लोगों के खाने के लिए बहुत सारी नेमतें पैदा की हैं इन्हीं नेमतों में एक खजूर है। इसे उर्दू और पंजाबी में खजूर ओर अरबी में नखल कहते हैं। खजूर का अधिकांश फल खाड़ी देशों में होता है जबकि दुनिया बहतरीन खजूर अरब के शहर मदीना व इस के नजदीकी इलाके में पाई जाती है। जिस को अजवा के नाम से जाना जाता है। इस फल का जिक्र कुरान व दीगर किताबों के साथ साथ हदीस में भी कई जगह आया है। खजूर पैगंबरों एवं बहुत से नेक लोगों की हमेशा से पसंद रही है । हजरत मुहम्मद (स) ने खजूर से रोजा खोलने की ताकीद की है । एक जगह उन्होंने कहा कि जिस घर में खजूरें ना हों वह घर ऐसा है कि जेसे उस में खाना ना हो। साइंस की तहकीकात ने अब यह बात साबित करदी है कि खजूर एक ऐसी अलग व मुकम्मल खुराक है जिस में हमारे जिस्म के लिए तमाम अनिवार्य गिजा (भोजन) के हिस्से अधिकतम मात्रा में पाए जाते हैं। रमजान उल मुबारक में अफतारी (रोजा खोलते समय) वक्त खजूर का सेवन इस की अहमियत को भलीभांति उजागर करता है। क्यूँकि पूरे दिन का (व्रत) रोज़ा रखने से जिस्म को एक ऐसी खुराक की जरूरत होती है जो उसके दिन भर की भूख से आई कमज़ोरी को दूर करने में सक्षम हो... यकीनन खजूर में ऐसी तमाम विशेषताएं पाई जाती हैं जो भूखे पेट को भरपूर गिजा देने में पूरी तरह से सक्षम है। खजूर पोषक तत्वों से भरपूर होती है, जो शरीर को तंदुरुस्त रखने में मदद करती हैं। इसमें विटामिन बी6, कैल्शियम, आयरन, फाइबर, मैग्नीशियम और पोटैशियम जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। रोज़ाना सुबह खाली पेट खजूर खाने से कई तरह की बीमारियां दूर हो सकती हैं । इसके सेवन से हड्डियां मजबूत बनती हैं और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी हड्डियों से जुड़ी बीमारियों से बचाव हो सकता है। साथ ही, यह पाचन तंत्र को दुरुस्त करने और वजन घटाने में भी सहायक है। सुबह खाली पेट खजूर का सेवन करने से पाचन संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलता है। खजूर में फाइबर भरपूर मात्रा में होता है, यह फाइबर पाचन क्रिया को सुधारने में मदद करता है। इसके नियमित सेवन से कब्ज, गैस और अपच जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। इस के साथ साथ इस के सुबह खाली पेट सेवन से एनीमिया की समस्या से भी छुटकारा मिल सकता है। खजूर में आयरन मौजूदगी शरीर में हीमोग्लोबिन का लेवल बढ़ाने में मदद करती है। जिस से शरीर में खून की कमी दूर होती है। इस के अलावा सुबह खाली पेट खजूर का इस्तेमाल करने से जहां इम्यूनिटी मज़बूत होती है वहीं अगर पेट में कीड़े हैं तो इस का इस्तेमाल उस में भी फायदेमंद है। इस के अलावा खजूर में विटामिन्स, कैल्शियम, आयरन, एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीबैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। खजूर हाई बीपी के मरीजों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। दरअसल, इसमें पोटैशियम मौजूदगी ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करती है। रोज सुबह खाली पेट खजूर खाने से वजन घटाने में भी मदद मिल सकती है। इसमें फाइबर मौजूद होता है, जो पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है। इसे खाने से काफी देर तक भूख नहीं लगती है, जिससे आप ओवरईटिंग करने से बच जाते हैं। इससे वजन घटाना आसान हो जाता है। सेहत विशेषग्यों के मुताबिक रोजाना 3 से 4 खजूर का सेवन करना चाहिए। एक दिन में इतने खजूर खाने से आपको कई लाभ मिल सकते हैं। ध्यान रहे कि अधिक मात्रा में खजूर का सेवन करने से आपका वजन बढ़ सकता है। खजूर का सेवन करने से आपको सेहत से जुड़े कई लाभ मिल सकते हैं। बता दें कि सुबह खाली पेट खजूर को भिगोकर खाना ज्यादा फायदेमंद होता है। इसके लिए आप रात को 3 से 4 खजूर को पानी में भिगोकर रख दें। अगले दिन सुबह खाली पेट इसका इस्तेमाल करना काफी फायदा दे सकता है।

मुहम्मद अब्बास धालीवाल

सिंदूर पर फिजूल विवाद!

के. विक्रम राव

यूं तो सिंदूर लगाना अब केवल मान्य संस्कारिक रिवायत है। क्रमशः हिंदुओं में यह प्रतीकात्मक भी हो गई। मगर इंदौर के परिवार कोर्ट के न्यायाधीश ने कुछ गंभीर निर्णय दिया कि इसे मांग में लगाना विवाहिता की आस्था से जुड़ा कर्तव्य है। इस प्रकरण से चंद प्रसंग और प्रश्न उठते हैं ! फिर शादीशुदा पुरुष की पहचान क्या है? या उसे जरूरत ही नहीं है? नतीजन वह प्यार की आड़ में नारी को भ्रमित कर सकता है। एक खास मसला यह भी है कि कई प्रदेशों में मंगलसूत्र का रिवाज ही नहीं है। जैसे बंगाल और पंजाब में। आखिर नारी श्रृंगार के इस रंगीन चूर्ण का असली महत्व है क्या ? कब उठा? अमूमन यह सब एक लाल या नारंगी रंग का सौन्दर्य प्रसाधन होता है। इसे भारतीय उपमहाद्वीप में महिलाएँ प्रयोग करती हैं। हिन्दू, बौद्ध, जैन और कुछ अन्य समुदायों में विवाहित स्त्रियाँ इसे अपनी माँग में पहनती हैं। इसका प्रयोग बिन्दियों में भी होता है।

सिंदूर की खोज भारतीय इतिहास में 600 ईस्वी में माता सीता ने लगाया था। माँ पार्वती भगवान शिव के लिए सिंदूर लगाती थीं। इसकी खोज 1994 में मैक्सिकन पुरातत्वविद् अर्नोल्डो गोंजालेस क्रूज़ ने की थी। यह एक चमकीला सा चूर्ण होता है इसे विवाहित स्त्रियाँ अपनी माँग में भरती हैं। यह प्रथा 5000 वर्ष पूर्व से ही प्रचलित है। यह सुहागन का सबसे बड़ा एवं आकर्षक श्रृंगार माना जाता है। सिंदूर सबसे पहले शादी वाले दिन ही लगाया जाता है और उसके बाद यह श्रृंगार का हिस्सा बन जाता है। ऐसी मान्यता है कि सिंदूर लगाने से न केवल विवाहित महिला के पति की रक्षा होती है बल्कि उसे बुराइयों से भी बचाया जा सकता है। सिंदूर लाल, गुलाबी, केसरिया रंग का होता है। इसका एक वैज्ञानिक पहलू भी। पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का ब्रह्मरंध्र यानी मस्तिष्क का उपरी भाग बहुत ही संवेदनशील और कोमल होता है। यह वही स्थान हैं जहां महिलाएं सिंदूर लगाती हैं। सिंदूर में मौजूद तत्व इस स्थान से शरीर में मौजूद विद्युत ऊर्जा को नियंत्रित करती है। इससे बाहरी दुष्प्रभाव से भी बचाव होता है। सिंदूर में पारा धातु की अधिकता होती है जिससे चेहरे पर झुर्रियां नहीं पड़ती हैं। इससे महिलाओं की बढ़ती उम्र के संकेत नजर नहीं आते हैं। सिन्दूर की उत्पत्ति का पता प्राचीन काल में हुआ था। जब इसे हल्दी और केसर से बनाया जाता था। समय बीतने के साथ, सिन्दूर की संरचना बदल गई है और अब यह आमतौर पर सिन्दूर पाउडर से बनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि सिन्दूर का लाल रंग प्रेम, उत्साह और दृढ़ता का प्रतीक है, जो इसे हिंदू विवाह के लिए एक उपयुक्त प्रतीक बनाता है। यूं भी दुल्हन के माथे पर सिन्दूर लगाने का कार्य भी एक आशीर्वाद माना जाता है। यह जोड़े को सौभाग्य और समृद्धि प्रदान करता है और दुष्ट आत्माओं को दूर रखता है, जोड़े को नुकसान से बचाता है। इसलिए, सिन्दूर न केवल प्रेम और भक्ति का प्रतीक है, बल्कि नवविवाहित जोड़े के लिए सुरक्षा और आशीर्वाद का स्रोत भी है। सिंदूर लगाने की प्रथा हिन्दू धर्म में बहुत समय से चली आ रही है और इसका उल्लेख रामायण काल में मिलता है।

कहा जाता है माता सीता रोज श्रृंगार में मांग में सिंदूर भरती थीं। एक बार हनुमानजी ने माता सीता से पूछा आप सिंदूर क्यों लगाती हैं तो माता ने बताया इससे भगवान राम को प्रसन्नता मिलती है। प्रसन्न होने से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ होने से व्यक्ति की आयु भी बढ़ती है। मान्यताओं के अनुसार, यदि पत्नी के बीच मांग सिंदूर लगा हुआ है तो उसके पति की अकाल मृत्यु नहीं हो सकती है। सिंदूर उसके पति को संकट से बचाता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

होली दिलों से जुड़ी प्रेरक भावनाओं का पर्व

ललित गर्ग

होली एक ऐसा त्योहार है, जिसका धार्मिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक-आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। बदलती युग-सोच एवं जीवनशैली से होली त्यौहार के रंग भले ही फीके पड़े हैं या मेरे-तेरे की भावना, भागदौड़, स्वार्थ एवं संकीर्णता से होली की परम्परा में धुंधलका आया है। परिस्थितियों के थपेड़ों ने होली की खुशी को प्रभावित भी किया है, फिर भी जिन्दगी जब मस्ती एवं खुशी को स्वयं में समेटकर प्रस्तुति का बहाना मांगती है तब प्रकृति एवं परम्परा हमें होली जैसा रंगारंग त्योहार देती है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक उन्नत आत्मउन्नयन एवं सौहार्द का माहौल बनाएं, जहां हमारी संस्कृति एवं जीवन के रंग खिलखिलाते हुए देश ही नहीं दुनिया में अहिंसा, प्रेम, भाई-चारे, साम्प्रदायिक सौहार्द के रंग बिखेरे। पर्यावरण के प्रति उपेक्षा एवं प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए।

हिंदू कैलेंडर के अनुसार, होली फाल्गुन महीने की पूर्णिमा को मनाई जाती है। यह वसंत ऋतु के आगमन का जश्न है। इस वर्ष होली पर अनेक शुभ योग बनने से होली का महत्व अधिक है। सर्वार्थसिद्धि योग, रवि योग, धनशक्ति योग, बुधादित्य योग मिलाकर बनते हैं पंच महायोग। कुंभ राशि में शनि, मंगल और शुक्र ग्रह होने से बनते हैं त्रिग्रही योग। इस बार होली पर रहने वाली है चंद्र ग्रहण की छाया, जिससे कुछ राशियों को मिलेगा शुभ परिणाम। इस प्रकार समस्त बड़े-छोटे, सूक्ष्म और बृहत् योग 340 वर्षों बाद प्राप्त हो रहे हैं, जो विशेष फलदायी, शुभ एवं नवीन उत्सवमयी होने का सूचक हैं। पौराणिक मान्यताओं की रोशनी में होली के त्योहार का विराट् समायोजन बदलते परिवेश में विविधताओं का संगम बन गया है, दुनिया को जोड़ने का माध्यम बन गया है। हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहाँ पर मनाये जाने वाले सभी त्यौहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। वस्तुतः होली आनंदोल्लास का पर्व है।

होली की परम्पराएँ श्रीकृष्ण की लीलाओं से सम्बद्ध हैं और भक्त हृदय में विशेष महत्व रखती हैं। श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर होकर

होली का रंगभरा और रंगीनीभरा त्यौहार मनाना एक विलक्षण अनुभव है। मंदिरों की नगरी वृन्दावन में फाल्गुन शुक्ल एकादशी का विशेष महत्व है। इस दिन यहाँ होली के रंग खेलना परम्परागत रूप में प्रारम्भ हो जाता है। मंदिरों में होली की मस्ती और भक्ति दोनों ही अपनी अनुपम छटा बिखेरती है। होली जैसे त्यौहार में जब अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, ब्राह्मण-शूद्र आदि सब का भेद मिट जाता है, तब ऐसी भावना करनी चाहिए कि होली की अग्नि में हमारी समस्त पीड़ाएँ दुःख, चिंताएँ, द्वेष-भाव आदि जल जाएँ तथा जीवन में प्रसन्नता, हर्षोल्लास तथा आनंद का रंग बिखर जाए। होली का कोई-न-कोई संकल्प हो और यह संकल्प हो सकता है कि हम स्वयं शांतिपूर्ण एवं स्वस्थ जीवन जीये और सभी के लिये शांतिपूर्ण एवं निरोगी जीवन की कामना करें। ऐसा संकल्प और ऐसा जीवन सचमुच होली को सार्थक बना सकते हैं। होली शब्द का अंग्रेजी भाषा में अर्थ होता है पवित्रता। पवित्रता प्रत्येक व्यक्ति को काम्य होती है और इस त्योहार के साथ यदि पवित्रता की विरासत का जुड़ाव होता है तो इस पर्व की महत्ता शतगुणित हो जाती है। प्रश्न है कि प्रसन्नता का यह आलम जो होली के दिनों में जुनून बन जाता है, कितना स्थायी है? डफली की धुन एवं डांडिया रास की झंकार में मदमस्त मानसिकता ने होली जैसे त्योहार की उपादेयता को मात्र इसी दायरे तक सीमित कर दिया, जिसे तात्कालिक खुशी कह सकते हैं, जबकि अपेक्षा है कि रंगों की इस परम्परा को दीर्घजीविता प्रदान करते हुए आत्मिक खुशी का जरिया भी बनाये। जीवन को हर रंग में जीने और स्वीकारने की कला सबको नहीं आती। उसके लिए जरूरत होती है, एक मस्तमौला नजरिए की। समुद्र से मिलने को तत्पर, मीलों बहती रहने वाली नदी की ऊर्जा की। ऊर्जा और आनंद के इसी मेल का प्रतीक है होली का त्यौहार, जो लगातार बदलते रहने के बावजूद बना रहता है, ध्रुव है, सत्य है। जितने रंग प्रकृति के हैं, उतने ही हमारे हैं और प्रकृति हर पल रंग बदलती है। पुरानी पत्तियां शाख छोड़ती नहीं हैं कि नई खिलनी शुरू हो जाती हैं। पतझड़ और बसंत साथ ही चलते रहते हैं। धरती के भीतर के घुप अंधेरों को चीर कर बाहर निकला बीज, फूल, शाख, पत्तियां और फल के रंग धर लेता है। उगने, डूबने, खिलने, फैलने, मिलने, सूखने, झड़ने, चढ़ने, उतरने और खत्म होने का हर रंग प्रकृति में है और है होली के मनभावन पर्व में। पर प्रकृति हो या होली इनसे उदासीन हम, कुछ ही रंगों में सिमट जाते हैं। गिले-शिकवों, उदासी, तेरे-मेरे, क्रोध और कुंठा में ही अटक जाते हैं। नतीजा, जिंदगी में तनाव और उदासी घिरने लगती है। होली जैसे त्यौहारों के बावजूद जीवन के सारे रंग फिके पड़ रहे हैं। न कहीं आपसी विश्वास रहा, न किसी का परस्पर प्यार, न सहयोग की उदात्त भावना रही, न संघर्ष में एकता का स्वर उठा। बिखराव की भीड़ में न किसी ने हाथ थामा, न किसी ने आग्रह की पकड़ छोड़ी। यूँ लगता है सब कुछ खोकर विभक्त मन अकेला खड़ा है फिर से सब कुछ पाने की आशा में। कितनी झूठी है यह प्रतीक्षा, कितनी अर्थ शून्य है यह अगवानी। हम भी भविष्य की अनगिनत संभावनाओं को साथ लिए आओ फिर से एक सचेतन माहौल बनाएँ। उसमें सच्चाई का रंग भरने का प्राणवान संकल्प करें। होली के लिए माहौल भी चाहिए और मन भी चाहिए, ऐसा मन जहाँ हम सब एक हों और मन की गंदी परतों को उखाड़ फेकें ताकि अविभक्त मन के आइने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें। कलाकार एमी ग्रेंट के अनुसार, 'काला रंग गहराई देता है। इसे मिलाए बिना किसी वास्तविकता को रचा नहीं जा सकता।' जीवन में सुख-दुख दोनों हैं। दोनों एक-दूसरे में बदलते रहते हैं। हमें सुख अच्छा लगता है और दुख में हम घबरा उठते हैं। सारी कोशिशें ही दुखों से बचने की होती हैं।

ईडी की रडार - मुख्यमंत्री गिरफ्तार

किशन भावनानी

"वैश्विक स्तरपर दुनियां में सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के चुनावी प्रक्रिया के प्रथम चरण 19 अप्रैल 2024 के नामांकन की प्रक्रिया आज 21 मार्च 2024 से शुरू होते-होते देर रात इसी लोकतंत्र के चुनावी पर्व में विजय हासिल किए हुए एक मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी से पूरी दुनियां में हड़कंप मच गया है। बता दें दिल्ली में 25 मई 2024 को 7 सीटों के लिए लोकसभा चुनाव होने हैं जिसमें गठबंधन के तहत एक पार्टी को चार व दूसरी को तीन सीटें मिली है वहीं सत्ताधारी पार्टी 7 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और अगले साल ही दिल्ली की विधानसभा के चुनाव भी होने हैं जिनको रेखांकित करना जरूरी है। बता दें कि गिरफ्तार सीएम का दो-तीन टर्म से काफी दबदबा देखा है दिनांक 21 मार्च 2024 को देर शाम रात्रि में गिरफ्तार हुए सीएम को लेकर सोशल, इलेक्ट्रॉनिक, व सोशल मीडिया में हड़कंप मच गया है जिसमें दिखाया गया सीएम के घर से लेकर ईडी दफ्तर तक, फिर मेडिकल, जांच पूछताछ सहित एमपी एमएलए कोर्ट में पेशी की पूरी प्रक्रिया चल रही है। नेताओं के बयान आ रहे हैं व देश की जनता देखती रह गई।

मेरा मानना है कि जिस तरह इन सीएम साहब की पार्टी को जनता हाथों हाथ लेकर दो-तीन टर्म से भरी मार्जिन से चुनाव जिता रही है, वहीं यह दांव सत्ताधारी पार्टी के लिए कहीं भारी उल्टा न पड़ जाए और आसमान की बुलंदियों को छुने वाली पार्टी के लिए उल्टा न पड़ जाए, क्योंकि यह तो सब जानते हैं कि हमाम में सब वो होते हैं और हो सकता है भारी सहनुभूति पाकर लोकसभा की चार सीटें झोली में आ जाए परंतु दूसरी ओर हो सकता है कि उनसे जनता का मोह भंग हो जाए और ट्रेन पटरी से उतर जाए क्योंकि 21 मार्च 2024 को देर रात्रि से आज 22 मार्च 2024 को प्रिंट इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया में जोरदार हंगामा मचा हुआ है कि ईडी की रडार्-मुख्यमंत्री गिरफ्तार, इसलिए आज हम मीडिया व टीवी चैनलों में आई जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, लोकसभा चुनाव की तैयारी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी लोकसभा कैंपेन के पटरी से उतरने सहित अगले साल दिल्ली विधानसभा के चुनावो पर असर की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। साथियों बात अगर हम सीएम की गिरफ्तारी की करें तो दिल्ली के मुख्यमंत्री को गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय ने तकरीबन 2 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इसी के साथ ही देश में एक बार फिर से चर्चा छिड़ गई कि क्या सीएम की गिरफ्तारी हो सकती है? ऐसा इसलिए भी है,क्योंकि कुछ वक्त पहले झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री को ईडी ने गिरफ्तार किया था। हालांकि, उन्होने गिरफ्तारी से पहलेसीएम पद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन यह मामला अलग है।

साथियों बात अगर हम सीएम को गिरफ्तारी से छूट पर संविधान के अनुच्छेद 361 की करें तो संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत सीएम को सिविल मामलों में गिरफ्तारी और हिरासत से छूट मिली हुई है, लेकिन क्रिमिनल मामलों में मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हो सकती है। ठीक यही नियम प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य, विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों के लिए भी हैं। हालांकि, राष्ट्रपति और राज्यपाल को पद पर रहते हुए कोई गिरफ्तार नहीं कर सकता है।अनुच्छेद 361 के तहत राष्ट्रपति या किसी भी राज्यपाल के खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी कोर्ट में कोई क्रिमिनल कार्यवाही शुरू नहीं हो सकती है और न ही कोई कोर्ट हिरासत में लेने का आदेश दे सकती है। न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) किसी सरकारी अधिकारी के जेल जाने की स्थिति में उसे निलंबित करने का कानून है, लेकिन राजनेताओं पर कानूनी तौर पर ऐसी कोई रोक नहीं है। फिर भी चूंकि दिल्ली पूर्ण राज्य नहीं है, ऐसे में अगर मुख्यमंत्री इस्तीफा नहीं देते हैं तो राष्ट्रपति दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू कर सकते हैं।कोड ऑफ सिविल प्रोसिजर 135 के तहत मुख्यमंत्री या विधान परिषद के सदस्य को सिविल मामलों में गिरफ्तारी से छूट दी गई है, लेकिन क्रिमिनल मामलों में ऐसा नहीं है। हालांकि, क्रिमिनल मामलों में गिरफ्तारी से पहले सदन के अध्यक्ष की मंजूरी लेनी होती है। जिसका मतलब साफ है कि विधानसभा अध्यक्ष की मंजूरी के बाद ही मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया जा सकता है।बता दें कि मुख्यमंत्री या विधान परिषद के सदस्य की गिरफ्तारी कब हो सकती है इसको लेकर भी बकायदा नियम बने हुए हैं। कोड ऑफ सिविल प्रोसिजर 135 के तहत विधानसभा सत्र शुरू होने से 40 दिन पहले और खत्म होने के 40 दिन बाद तक मुख्यमंत्री या विधान परिषद के सदस्य को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री को सदन से गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। राज्यसभा के पूर्व महासचिव ने कहा, केजरीवाल को ईडी ने गिरफ्तार किया है, ऐसे में यदि उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जाता है तो यह सीधे तौर पर अदालत पर निर्भर होगा कि वह उन्हें मुख्यमंत्री पद के दायित्व का निर्वहन करने देती है या नहीं। इसे लेकर संवैधानिक नियम कायदे जैसी कोई बात नहीं है। हालांकि, पूर्व में ऐसा कोई मामला ध्यान में नहीं आता, जबकि किसी प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री ने जेल में रहकर सरकार चलाई हो। साथियों बात अगर हम सीएम को सम्मन और अब तक गिरफ्तार मुख्यमंत्री की करें तो, चारा घोटाला मामले में सीबीआई की चार्जशीट में लालू प्रसाद यादव का नाम सामने आया था, जिसके बाद उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया था और राबड़ी देवी मुख्यमंत्री बनी थी। इसके बाद ही लालू प्रसाद यादव की गिरफ्तारी हुई थी।वहीं जयललिता ने आय से अधिक संपत्ति मामले में दोषी ठहराई गई थी जिसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और फिर उनकी गिरफ्तारी हुई थी। हालांकि, मामले की जांच जब तक चली थी वह मुख्यमंत्री पद पर बनी रही थीं। ऐसा ही एक मामला साल 2011 में कर्नाटक से सामने आया, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को अवैध खनन मामले को लेकर लोकायुक्त की रिपोर्ट सामने आने के बाद इस्तीफा देना पड़ा था और कुछ वक्त बाद फिर उनकी गिरफ्तारी हुई थी।शराब नीति केस में ईडी ने अरविंद केजरीवाल को इस साल 17 मार्च को नौवां समन भेजा था। उससे पहले दिल्ली के सीएम को 27 फरवरी को आठवां, 26 फरवरी को सातवां, 22 फरवरी को छठा, 2 फरवरी को पांचवां, 17 जनवरी को चौथा, 3 जनवरी को तीसरा समन जारी किया गया था. वहीं, 2023 में 21 दिसंबर को दूसरा और 2 नवंबर को पहला समन जारी हुआ था। साथियों बात अगर हम सीएम को दिल्ली पंजाब और जनता की सहानुभूति करें तो, ईडी की तरफ से केजरीवाल को लगातार पूछताछ के लिए समन भेजे जाने के बीच आम आदमी पार्टी ने लोगों की एक राय ली थी।

तमाम चुनौतियां और 2025 तक टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य



ब्रह्मानंद राजपूत

हर साल, हम 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस मनाते हैं। यह कार्यक्रम 24 मार्च 1882 की तारीख को याद करने का दिन है जब जर्मन फिजिशियन डॉ. रॉबर्ट कोच ने माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु की खोज की थी, यह जीवाणु तपेदिक/क्षय रोग (टीबी) का कारण बनता है। माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस की खोज हो जाने से टीबी के निदान और इलाज में बहुत आसानी हुई। जर्मन फिजिशियन रॉबर्ट कोच की इस खोज के लिए उन्हें 1905 में नोबेल पुरस्कार दिया गया। यही कारण है कि हर वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन टीबी के सामाजिक, आर्थिक और सेहत के लिए हानिकारक नतीजों पर दुनिया में जन-जागरूकता फैलाने और दुनिया से टीबी के खात्मे की कोशिशों में तेजी लाने के लिए विश्व क्षय रोग दिवस मनाता आ रहा है। माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस की खोज के सौ साल बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पहली बार 24 मार्च 1982 को विश्व क्षय रोग दिवस शुरू मनाने की शुरुआत की, तभी से हर साल 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है।

टीबी (क्षय रोग) एक घातक संक्रामक रोग है जो कि माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस जीवाणु की वजह से होती है। टीबी (क्षय रोग) आमतौर पर ज्यादातर फेफड़ों पर हमला करता है, लेकिन यह फेफड़ों के अलावा शरीर के अन्य भागों को भी प्रभावित कर सकता हैं। यह रोग हवा के माध्यम से फैलता है। जब क्षय रोग से ग्रसित व्यक्ति खांसता, छींकता या बोलता है तो उसके साथ संक्रामक ड्रॉपलेट न्यूक्लिआई उत्पन्न होता है जो कि हवा के माध्यम से किसी अन्य व्यक्ति को संक्रमित कर सकता है। ये ड्रॉपलेट न्यूक्लिआई कई घंटों तक वातावरण में सक्रिय रहते हैं। जब एक स्वस्थ्य व्यक्ति हवा में घुले हुए इन माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस ड्रॉपलेट न्यूक्लिआई के संपर्क में आता है तो वह इससे संक्रमित हो सकता है। क्षय रोग सुप्त और सक्रिय अवस्था में होता है। सुप्त अवस्था में संक्रमण तो होता है लेकिन टीबी का जीवाणु निष्क्रिय अवस्था में रहता है और कोई लक्षण दिखाई नहीं देते हैं।

अगर सुप्त टीबी का मरीज अपना इलाज नहीं कराता है तो सुप्त टीबी, सक्रिय टीबी में बदल सकती है। लेकिन सुप्त टीबी ज्यादा संक्रामक और घातक नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अनुमान के अनुसार विश्व में 2 अरब से ज्यादा लोगों को लेटेंट (सुप्त) टीबी संक्रमण है। सक्रिय टीबी की बात की जाए तो इस अवस्था में टीबी का जीवाणु शरीर में सक्रिय अवस्था में रहता है, यह स्थिति व्यक्ति को बीमार बनाती है। सक्रिय टीबी का मरीज दूसरे स्वस्थ्य व्यक्तियों को भी संक्रमित कर सकता है, इसलिए सक्रिय टीबी के मरीज को

अपने मुँह पर मास्क या कपडा लगाकर बात करनी चाहिए और मुँह पर हाथ रखकर खाँसना और छींकना चाहिए। अगर टीबी का जीवाणु फेफड़ों को संक्रमित करता है तो वह पल्मोनरी टीबी (फुफ्फुसीय यक्ष्मा) कहलाता है। टीबी का बैक्टीरिया 90 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में फेंफड़ों को प्रभावित करता है। लक्षणों की बात की जाए तो आमतौर पर लंबे समय तक खांसी, सीने में दर्द, बलगम, वजन कम होना, बुखार आना और रात में पसीना आना शामिल हो सकते हैं। कभी-कभी पल्मोनरी टीबी से संक्रमित लोगों की खांसी के साथ थोड़ी मात्रा में खून भी आ जाता है। लगभग 25 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में किसी भी तरह के लक्षण नहीं दिखाई देते हैं। अगर टीबी का जीवाणु फेंफड़ों की जगह शरीर के अन्य अंगों को प्रभावित करता है तो इस प्रकार की टीबी एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी (इतर फुफ्फुसीय यक्ष्मा) कहलाती है। एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी पल्मोनरी टीबी के साथ भी हो सकती है। अधिकतर मामलों में संक्रमण फेंफड़ों से बाहर भी फैल जाता है और शरीर के दूसरे अंगों को प्रभावित करता है। जिसके कारण फेंफड़ों के अलावा अन्य प्रकार के टीबी हो जाते हैं। फेंफड़ों के अलावा दूसरे अंगों में होने वाली टीबी को सामूहिक रूप से एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी (इतर फुफ्फुसीय यक्ष्मा) के रूप में चिह्नित किया जाता है। एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी (इतर फुफ्फुसीय यक्ष्मा) अधिकतर कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों और छोटे बच्चों में अधिक आम होता है। एचआईवी से पीड़ित लोगों में, एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी (इतर फुफ्फुसीय यक्ष्मा) 50 प्रतिशत से अधिक मामलों में पाया जाता है। आज के समय पर सामान्य टीबी का इलाज कोई चुनौती नहीं है। अगर कोई भी व्यक्ति टीबी का मरीज है तो वह 6-9 महीने टीबी का उपचार लेकर स्वस्थ्य हो सकता है। आज के समय पर सबसे बड़ी चुनौती है ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज की, जो कि दो प्रकार की होती है मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट टीबी और एक्सटेनसिवली ड्रग रेजिस्टेंट टीबी। मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट टीबी में फर्स्ट लाइन ड्रग्स का टीबी के जीवाणु (माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस) पर कोई असर नहीं होता है। अगर टीबी का मरीज नियमित रूप से टीबी की दवाई नहीं लेता है या मरीज द्वारा जब गलत तरीके से टीबी की दवा ली जाती है या मरीज को गलत तरीके से दवा दी जाती है और या फिर टीबी का रोगी बीच में ही टीबी के कोर्स को छोड़ देता है (टीबी के मामले में अगर एक दिन भी दवा खानी छूट जाती है तब भी खतरा होता है) तो रोगी को मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट टीबी हो सकती है। इसलिए टीबी के रोगी को डॉक्टर के दिशा निर्देश अनुसार नियमित टीबी की दवाओं का सेवन करना चाहिए। मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट टीबी में फर्स्ट लाइन ड्रग्स आइसोनियाजिड और रिफाम्पिसिन जैसे दवाओं का मरीज पर कोई असर नहीं होता है क्योंकि आइसोनियाजिड और रिफाम्पिसिन ड्रग का टीबी का जीवाणु (माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस) प्रतिरोध करता है। एक्सटेनसिवली ड्रग रेजिस्टेंट टीबी मल्टी ड्रग रेजिस्टेंस टीबी से ज्यादा घातक होती है। एक्सटेनसिवली ड्रग रेजिस्टेंट टीबी में मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के उपचार के लिए प्रयोग होने वाली सेकंड लाइन ड्रग्स का टीबी का जीवाणु प्रतिरोध करता है। एक्सटेनसिवली ड्रग रेजिस्टेंस टीबी में फर्स्ट लाइन ड्रग्स आइसोनियाजिड और रिफाम्पिसिन के साथ-साथ टीबी का जीवाणु सेकंड लाइन ड्रग्स में कोई फ्लोरोक्विनोलोन ड्रग (लीवोफ्लॉक्सासिन और मोक्सीफ्लोक्सासिन) और बेडाक्वीलाइन/ लीनाजोलिड ड्रग का प्रतिरोध करता है। मल्टी ड्रग रेजिस्टेंस टीबी का रोगी द्वारा अगर सेकंड लाइन ड्रग्स को भी ठीक तरह और समय से नहीं खाया जाता या लिया जाता है तो एक्सटेनसिवली ड्रग रेजिस्टेंट टीबी की सम्भावना बढ़ जाती है। इस प्रकार की टीबी में एक्सटेंसिव थर्ड लाइन ड्रग्स द्वारा 2 वर्ष से अधिक तक उपचार किया जाता है। लेकिन एक्सटेनसिवली ड्रग रेजिस्टेंट टीबी का उपचार सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण है। आज के समय पर ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के उपचार के लिए तीन प्रकार की रेजीमेन-एचमोनो पोली रेजीमेन (6 या 09 माह), शॉर्टर रेजिमेन (9-11 माह) और ऑल ओरल लोंगर रेजीमेन (18-20 माह) का उपयोग किया जा रहा है।

योगी श्री कृष्ण की नगरी से करेंगे यूपी फतह का आगाज

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्यनाथ ने एलान किया है कि वो इस बार लोकसभा चुनाव की आगाज कृष्ण नगरी मथुरा से करेंगे, उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने मथुरा को रंगोत्सव के रूप में प्रोत्साहित किया है। इस बार में अपना चुनाव प्रचार की शुरुआत मथुरा से ही करूंगा,एबीपी न्यूज के खास कार्यक्रम घोषणा पत्र सीएम योगी आदित्यनाथ चुनाव समेत तमाम मुद्दों को लेकर अपनी बात रखी, इस दौरान उन्होंने कहा कि हमने अयोध्या को दीपोत्सव के रूप में काशी को देव दीपावली के रूप में और मथुरा-वृंदावन-बरसाना को रंगोत्सव के रुप में बढ़ाने का कामकिया। सीएम योगी ने कहा, यहां देश दुनिया से लोग आ रहे हैं. स्वभाविक रूप से मैंने सोचा कि इस बार चुनावी शुरूआत.. कान्हा की नगरी से ही करूं. इसलिए होली के बाद मैं तत्काल वहाँ जाऊंगा। सीएम योगी ने इस दौरान अयोध्या का भी जिक्र किया है और यूपी में पर्यटन की तमाम संभावनाएं हैं जिस पर सरकार काम कर रही है। सीएम योगी ने कहा, आज अयोध्या एक नई पहचान के रूप में सामने आया है। अयोध्या में छोटे व्यापारियों की आय में काफी इजाफा हुआ है। आज देश दुनिया के लोग अयोध्या जा रहे है। ये बात है कि हमें उसके लिए एयरपोर्ट, रेलवे और होटलों जैसी सुविधाओं की व्यवस्था करनी पड़ी, लेकिन अब यहां होटल, टैक्सी और व्यापारियों की आय में 50 से 100 फीसद तक इजाफा हुआ है। सीएम योगी ने इस दौरान पुरानी सरकारों पर निशाना साधा और कहा, वह दंगा करते थे। हम प्रदेश को कानून के राज के साथ दंगा मुक्त राज्य के रुप में स्थापित करते हैं। उन्होंने प्रदेश को अराजकता के भट्ठी में झोंकने का प्रयास किया था। हमने उत्तर प्रदेश को देश के विकास का अड्डा बनाकर रखा है।

लोग जिस भाव से उत्तर प्रदेश को देखते थे उस भाव को हमने प्रस्तुत किया है, यह हमारे लिए एक अवसर है। 27 मार्च को मुख्यमंत्री योगी के प्रस्तावित मथुरा आगमन को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुटा 27 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित मथुरा आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन के अधिकारी अनौपचारिक रूप से तैयारी में जुट गए हैं।

शहीद दिवस पर अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

मथुरा। अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद मथुरा द्वारा शहीद ए आजम भगत सिंह और राजगुरु सुखदेव के 94 वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कृष्णा नगर कैंप कार्यालय बिजली घर मथुरा पर किया गया। सर्वप्रथम समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी ने शहीदों के चित्र पर पुष्पअर्पित किये साथ ही शहीदे आजम भगत सिंह राजगुरु सुखदेव के सपनों का भारत बनाने एवं उनके बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया। श्रद्धांजलि सभा में अध्यक्ष लुकेश कुमार रही ने कहा की वर्तमान भारत के शासक शहीदों के सपनों को कुचलकर जन विरोधी नीतियां बनाकर गुलामी और दास्तां की नींव को मजबूत कर रहे हैं। जो कि शहीदों की विचारधारा के खिलाफ है। इनके खिलाफ शहीदों ने अपनी जान न्योछावर कर दी।

छात्राओं के साथ होली मनाकर किया खुशी का इजहार

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। एस.एफ हेलिंग हैंड्स सोसाइटी मथुरा द्वारा संचालित स्ट्रीट स्कूल की सभी शाखा के बच्चों एवं दिशा इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन एंड टेक्नोलॉजी की छात्राओं के साथ हर वर्ष की तरह होली का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की अध्यक्ष और दिशा इंस्टिट्यूट की डायरेक्टर शिखा बंसल जी द्वारा फैशन इस्टीट्यूट की छात्राओं और स्ट्रीट स्कूल के बच्चों को गुलाल लगा कर प्रारम्भ किया इसके बाद कार्यक्रम के मध्य सभी को जलपान वितरण कराया गया। इसके पश्चात बच्चों द्वारा होली के गीत गाकर, डांस साथ ही कुछ गेम्स भी किये गए। मौके पर मौजूद वरिष्ठ सदस्य राजन गुप्ता जी द्वारा इस पर्व को मनाने के पीछे का उद्देश्य बताते हुए कहा कि जैसा कि हम सभी जानते है हमारे ब्रज की होली देश-विदेश में विख्यात है जिसका मुख्य कारण हमारे श्री कृष्ण जी है उनकी लीलाएं हमारे लिए इतनी प्रभावी रही है, और साथ ही होलिका दहन का पर्व बुराई पर अच्छाई के जीत के रुप में मनाया जाता है। उसी तरह हमें भी हर वक्त हर समय लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। अच्छाई के रास्ते पर निरंतर अग्रसर रहना चाहिए। और साथ ही संस्था के वरिष्ठ सदस्य तुषार बंसल जी ने बताया कि यह पर्व एक तरीके से देखा जाये तो पूरे भारत वर्ष का है पर वही दूसरी तरफ देखा जाये तो कुछ लोग या कुछ बच्चे इस सब से वंचित रह जाते हैं जो की अपने भविष्य के लिए ठीक नहीं हैं और यदि मैं अपनी कहु तो आज में बहुत खुश हूं जो मुझे अपने देश का पर्व इन बच्चों के साथ मनाने का मौका मिला। इसी के साथ कार्यक्रम में मौजूद फैशन इंस्टिट्यूट की फैकल्टी अंकिता शर्मा जी ने बताया कि आज हम सभी स्टाफ और स्टूडेंट एस.एफ स्ट्रीट स्कूल पर आये है और 500 से अधिक नन्हे - मुन्ने बच्चों के साथ इस त्यौहार की शुरुआत की और साथ ही झुगी - झोपड़ी में जिंदगी बसर कर रहे लोगो को गुलाल वितरण भी किया गया। इस मौके पर पीयूष बंसल, भारत अग्रवाल, निशांत ठाकुर ,राहुल यादव आदि मौजूद रहे।

डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा की खंडित, आक्रोश

मथुरा। मथुरा जनपद के थाना जैत क्षेत्र के अंतर्गत गांव में लगी हुई डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा को विगत रात अराजक तत्वों ने खंडित कर दिया जिसकी जानकारी होने पर अंबेडकर के अनुयायियों में भारी रोष व्याप्त हो गया मौके पर भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई सूचना पाते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए जिन्होंने आक्रोशित लोगों को आस्वस्त करते हुए कार्रवाई करने का भरोसा दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित गांव राल में जाटव बस्ती के नजदीक डॉ अंबेडकर की प्रतिमा काफी समय से लगी हुई थी जिसे बीती रात अराजक तत्वों ने चुनाव पूर्व माहौल खराब करने की मनसा रखते हुए अंबेडकर मूर्ति को खंडित कर दिया। जानकारी होते ही जाटव समाज के लोग और अंबेडकर अनुवाई भारी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने खोए हुए एंड्राइड मोबाइल को ढूंढ कर उनके मालिकों को सौंपा

इटावा, अवधनामा ब्यूरो। पुलिस ने होली से पहले खोए हुए एंड्राइड मोबाइल को ढूंढ कर उनके मालिकों को सौपाकर दिया होली का तोहफा। खोए हुए मोबाइल को वापस पकड़ मोबाइल स्वामियों के चेहरे खुशी से खिल गए क्योंकि उन्होंने अपने खोए हुए मोबाइल की मिलने की उम्मीद पूरी तरह से छोड़ दी थी। मोबाइल मिलने के बाद मोबाइल स्वामियों द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा को धन्यवाद दिया। इटावा पुलिस की साइबर टीम द्वारा बड़ी ही मेहनत के साथ खोए हुए 101एंड्राइड मोबाइल बरामद किए गए थे जिनका बाज़ार मूल्य लगभग 25 लख रुपए बताया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने मोबाइल स्वामियों को मोबाइल सौंपते हुए मोबाइल खोने की तस्दीक भी की कि उनका मोबाइल कहां पर वह कैसे खोया था। इसी के साथ-साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शहर वासियों से अपील की की आने वाला होली का त्यौहार बड़े ही सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं कहीं भी फायरिंग या कोई भी आपत्तिजनक घटना को अंजाम न दे।

शहीद दिवसः स्कूल में गोष्ठी का हुआ आयोजन

इटावा, अवधनामा ब्यूरो। शहीद दिवस के उपलक्ष में शनिवार को पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि 23 मार्च 1931 वह दिन है जिस दिन हमारे भारत माता के वीर सपूतों को अंग्रेज सरकार ने फांसी पर लटका दिया था। उन्होंने आगे बताया कि सन 1928 में भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव ने अंग्रेजों की असेंबली में बम फेंका था तथा इंकलाब जिंदाबाद और वंदे मातरम के नारे लगाए थे। भगत सिंह, राजगुरु सुखदेव ने अपने राष्ट्र प्रेम के चलते अपनी भारत माता को गुलामी की जंजीरों से छुड़ाने के लिए बड़ी कम उम्र में स्वयं को शहीद कर दिया। आज हम सब स्वतंत्र भारत में जन्म लेकर विकसित भारत के सपने को साकार अवश्य कर रहे हैं लेकिन हमें यह दिन उन महान वीर सपूतों के बलिदानों के कारण ही देखना नसीब हुआ है जिन्होंने राष्ट्र प्रेम के लिए खुद की बलि चढ़ा दी। कैलाश चंद्र यादव ने कहा कि हम सबको संकल्प लेना होगा कि हम सब राष्ट्र हित सर्वोपरि रखकर कार्य करें जिससे हमारा राष्ट्र एक सशक्त राष्ट्र बने और दुनिया में उसकी धमक हो। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत गोष्ठी को समाप्त किया गया।

प्राथमिक विद्यालय के बच्चें सीख रहे संस्कृत भाषा

इटावा, अवधनामा ब्यूरो। प्राथमिक विद्यालय नगला भग्ग बढ़पुरा में 12 दिवसीय चल रहे सरल संस्कृत शिविर का समापन मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक स्वीटी मथुरिया के द्वारा किया गया। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से गृहे गृहे सरल संस्कृतम योजना के अंतर्गत यह शिविर शुरू हुआ था। जिसमे गृहे गृहे सरल योजना के माध्यम से बच्चो को गीत, कहानी, कथा, अभिनव खेल आदि के माध्यम से सरल तरीके से संस्कृत में बात करना, सीखते हैं। प्रशिक्षिका आरती ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी सांसद प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मान देते हुए कहा कि भारत एक विचार है। संस्कृत उसकी प्रमुख अभिव्यक्ति है। भारत एक यात्रा है। संस्कृत उसके इतिहास का प्रमुख अध्याय है। भारत विविधता में एकता की भूमि है। संस्कृत की परीक्षा मे सर्वाधिक अंक लाने वाले बच्चो को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया संस्कृत उसके उद्गम हैं। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ पूजा, पूनम, दिलीप कुमार, सीमा कुमारी आदि उपस्थित रहे।

तकनीकी शिक्षा के साथ अपने आपको प्रगतिशील भारत के साथ विकसित होना हैः डॉ.एन.के.शर्मा

इटावा, अवधनामा ब्यूरो। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय इटावा के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम का समापन बुलाकीपुर लोहन्न ग्राम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन पर महाविधालय के अधिष्ठाता डॉक्टर एन, के शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की आप लोगों को तकनीकी शिक्षा के साथ अपने आपको प्रगतिशील भारत के साथ विकसित होना है। उन्होंने आवाहन किया की हम सब लोग जॉब प्रोवाइडर बने न की जॉब प्राप्त करने वाले। ऐसा ही संदेश हमारे विश्विद्यालय के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह विश्विद्यालय में अध्यनरत सभी विद्यार्थियों को देते है। इस अवसर पर प्रोग्राम ऑफिसर डॉक्टर देवेंद्र सिंह , डिप्टी रजिस्ट्रार डॉक्टर प्रदीप सिंह भदौरिया, डॉक्टर अखिलेश कुमार सिंह, डॉक्टर आशीष कुमार, इंजीनियर पंकज कुमार, सर्वेश त्रिपाठी, मान सिंह, धीर सिंह, आदि लोगो का सराहनीय योगदान रहा।

रोड होल्ड की घटना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप

अवधनामा संवाददाता

- आईजी और एसएसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण
- सराफा कारोबारी से 22 लाख की लूट बदमाशों ने बाइक में मारी टक्कर, फिर तमंचे से कर दिया हमला

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा में पुलिस की लाख कोशिशों के बाद भी अपराधियों के हौसले पस्त नही हो रहे आए दिन कोई न कोई एक घटना घटित हो कर प्रशासन पर सवालिया निशान लगा देती हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों पर अंकुश लगाने के काफी प्रयास किए गए सफलता भी मिली पर फिर भी हर दिन कोई न कोई नई घटना सनसनी फैला रही है। शुकवार की रात मथुरा में बदमाशों ने हाइवे थाना इलाके में सर्राफा व्यापारी पिता-पुत्र पर हमला कर लाखों की लूट कर ली. इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. व्यापारी का कहना है कि 20 लाख के जेवरात और ढाई लाख रुपये कैश बदमाश लूट ले गए हैं. मामले की जानकारी के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल पिता-पुत्र को अस्पताल पहुंचाया. पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, औरंगाबाद के तंतुरा क्षेत्र में मूलचंद ज्वेलर्स के नाम से बांके लाल वर्मा की दुकान है. वे रोज की तरह शुक्रवार देर शाम अपनी दुकान बंद कर अपने बेटे सोनू वर्मा के साथ घर जा रहे थे. आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर भगवान नगर में बाइक सवार तीन बदमाशों ने पिता-पुत्र की बाइक में टक्कर मार दी। जैसे ही पिता-पुत्र सड़क पर गिरे तो बदमाशों ने तमंचे की बट से हमला कर उन्हें घायल कर दिया और सोने चांदी और कैश से भरे थैले को लूटकर फरार हो गए. इस घटना के बाद पिता-पुत्र लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़े रहे. लोगों ने देखा तो तुरंत सूचना पुलिस को दी. जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जायजा लिया। घायल दुकान मालिक बांके लाल वर्मा ने बताया कि बाइक पर तीन बदमाश पीछे से आ रहे थे, उन्होंने बाइक में टक्कर मार दी, फिर तमंचे की बट से घायल कर दिया. थैले में करीब 15 से 20 लाख के सोने चांदी के जेवरात थे, और 2.50 लाख रुपये कैश थे, ये सब बदमाश लूट ले गए, बदमाशों ने दो बार फायरिंग भी की। इस घटना को लेकर एसएसपी शैलेश पांडे ने बताया कि पुलिस ने घटना को गंभीरता से लिया है. पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं. इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गए थे।

मथुरा से बसपा प्रत्याशी होंगे पंडित कमलकांत

अवधनामा संवाददाता

- बसपा के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में राष्ट्रीय महासचिव व आगरा मंडल के प्रभारी मुनकाद अली ने की घोषणा

मथुरा। बहुजन समाज पार्टी द्वारा शनिवार को डेंपियर नगर स्थित एक स्थानीय होटल में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि बसपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं आगरा मंडल के प्रभारी और पूर्व राज्यसभा सांसद मुनकाद अली ने मथुरा लोकसभा से पंडित कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट को प्रत्याशी घोषित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बसपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती द्वारा बसपा के पुराने साथी कमलकांत उपमन्यु को मथुरा से लोकसभा प्रत्याशी के रूप में आशीर्वाद दिया गया था जिसकी आज विधवत घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि हमें केवल स्थानीय बसपा प्रत्याशी को ध्यान में रखना है। उनके द्वारा ही बृजभूमि का विकास कराया जा सकता है। बसपा के लोकसभा प्रत्याशी पंडित कमलकांत उपमन्यु ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बहन कुमारी मायावती जी द्वारा उन पर जो विश्वास जताया गया है वह उस पर खरे उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि रानी के पेट से और महल के गेट से अब राजा नहीं आते, अब एक सामान्य परिवार का आदमी भी लोक तंत्र के इस महाकुंभ में खड़ा होकर जीत प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि मैं बाहरी नहीं बल्कि बृजवासी व सामान्य परिवार से प्रत्याशी हूं। बृजवासियों के बीच रह कर हर समस्या का समाधान करूंगा। उन्होंने कहा कि अगर बृजवासी मुझे सांसद के रूप में चुनते हैं तो सांसद निधि के पैसे को वापस नहीं जाने दूंगा। ऐसा सुना है कि वर्तमान सांसद हेमा मालिनी के 2014 से 2019 के कार्यकाल के दौरान 25 करोड रुपए फंड मिला था, उनमें से 10 करोड वापस हो गए थे। उनके द्वारा केवल 15 करोड़ की निधि ही प्रयोग की गई थी और उसमें से भी 20 प्रतिशत निधि वापस हो गई थी। कार्यकर्ता सम्मेलन में आगरा अलीगढ़ मंडल के प्रभारी सूरज सिंह जाटव, पूर्व राज्य मंत्री एवं आगरा मंडल के प्रभारी गोरेलाल जाटव, पूर्व एमएलसी प्रताप सिंह बघेल, आगरा मंडल के मंडल प्रभारी संतोष आनंद, मंडल प्रभारी रविंद्र पारस, जिला प्रभारी दारा सिंह आजाद, जिला प्रभारी हेमेंद्र कुमार, जिलाध्यक्ष गोवर्धन सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसराम सिंह, बसपा नेता प्रेमचंद कर्दम, लक्ष्मण सिंह, अशोक सुमन, गंगाराम सोनी, ओमप्रकाश बघेल, ओम प्रकाश शर्मा, गुल मोहम्मद शाह, किशोर कुमार, योगेंद्र सिंह, मुनेंद्र सिंह निगम, सत्येंद्र सिंह, उमेश रावत, विक्रम सिंह, देवी सिंह कुंतल, हरि सिंह जिला पंचायत सदस्य, नवल शर्मा, राजकुमार शर्मा, मनोज शर्मा उर्फ बॉबी भैया, राजू पंडित, प्रमोद शर्मा, सुनील शर्मा, भरत गर्ग आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

शिक्षकों की मेहनत से ही प्रतिभावान बच्चों की पौध तैयार हो रही हैः मंगला प्रसाद

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। गाँधी भवन सभागार में निपुण भारत के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक शिक्षा पर आधारित प्रयासों से जन समुदाय को जागरूक करने हेतु जनपद स्तर पर हमारा आँगन-हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रमाणपत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उन संकुल प्रभारियों को भी सम्मानित किया गया जिनके अंतर्गत सबसे अधिक विद्यालय निपुण बने हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाडी कार्यक्रत्रियों को सम्मानित किया गया। प्राथमिक विद्यालय फिरोजापुर की एक बच्ची ने कविता सुनाकर सभी को मुग्ध कर दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षक बच्चों को निखारने का प्रयास करते हैं। उनकी मेहनत से ही प्रतिभावान बच्चों की पौध तैयार हो रही है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों के माध्यम से शिक्षक उनके परिवारों को प्रेरित करने का कार्य किया। मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में अपना पूर्ण योगदान करें। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों का बेहतर संवेदीकरण हो रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि आंगनबाडी केन्द्रो में आज बच्चों को प्राथमिक शिक्षा के लिए तैयार किया जा रहा है। यह प्रयास किया जा रहा कि बच्चे प्राथमिक विद्यालय में जाएं तो डरें नहीं। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

रमज़ान की फ़ज़ीलत

इटावा। अल्लाह ताला ने बहुत से महीने बनाये ! मगर जो फजीलत रमज़ानुल मुबारक को मिली वो दूसरे महीने को नहीं मिली। इसी मुबारक महीने में कुरआन पाक का नुजूल हुआ। यह जानकारी शहर के मोहल्ला शाहगंज की सय्यदा सुबूर अली ने दी। उन्होंने कहा कि इसी महीने में अल्लाह ताला ने लैलतुल कदर जैसी नेमत अता फरमाई। ये महीना रहमत व मगफिरत और निजात वाला महीना है ये सब्र व शुक्र और खैरखाई का महीना है खुश नसीब है वो औरते जो इस माह को पाती हैं और दिन में रोज़ा रख कर रात में कयाम करके अपने रब से गुनाहों को बख्शवा लेती हैं और कम नसीब हैं वो औरते जो इस माह में दुनिया के कमो में उलझ कर अपने वक्त को ज़ाया कर देती है। ख्वातीन इस्लाम से गुजारिश है कि इस मुबारक माह को शॉपिंग में ना गुजारे बल्की पंचवक्ता नमाज की पाबन्दी करें और कुरआन की तिलावत करें और नमाज़े तरावीह भी अपने घरो में अदा करें। इस माहे मुकद्दस में जिन गरीब पड़ोसियो के आंगन में खुशियों की बजाये मायूसी है उनकी मदद करें और अपना दस्तर खान सजाने से पहले उनके दस्तर खान सजाकर उनको खुशियों का तोहफा दे।

भाषा वि.वि. में ओपन माइक परफॉर्मेंस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में ओपन माइक परफॉर्मेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रुचिता सुजय चौधरी एवं विभाग के अन्य शिक्षकों द्वारा रिबन काटकर किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकगण का स्वागत विभाग के विद्यार्थियों द्वारा कार्ड तथा पुष्प अर्पित कर किया गया। विभाग की शिक्षिका सुश्री चितवन मिश्रा ने सभी का स्वागत अपने उद्बोधन द्वारा करते हुए डॉ रुचिता सुजय चौधरी को मंच पर आमन्त्रित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी लोग जो विद्यार्थी के रूप में जो समय जी रहे हैं ये आपके जीवन का सबसे सुंदर समय है ,और ये लौटकर दोबारा नहीं आने वाला इसलिए हर एक पल को खुलकर दिल से जियो और साथ ही खूब लगन से अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत करो। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सभी छात्र एवं छात्राओं ने गीत , स्टैंड अप कॉमेडी , कविता आदि जैसी बहुत ही सुंदर सुंदर प्रस्तुतियां दी । इसी के साथ शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ गेम्स खेल कर कार्यक्रम को और भी मनोरंजक बनाया। कार्यक्रम कि अगली कड़ी में सभी विद्यार्थियों ने रैंप वॉक शो में बॉलीवुड किरदारों को अदा करते हुए कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम को समापन की ओर ले जाते हुए डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम को आयोजित करने वाले सभी लोगों को ढेरों बधाई दी। कार्यक्रम कि समन्वयक चितवन मिश्रा रहीं तथा कार्यक्रम का संचालन शबीब एवं इकरा द्वारा किया गया। इस मौके विभाग से डॉ. काज़िम असगर रिज़वी, डॉ. शचींद्र शेखर, डॉ. नसीब, सैयद मोहसिन हैदर तथा छात्र छात्राएं भारी संख्या में उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए शतप्रतिशत मतदान करें: एम0पी0 सिंह

हरदोई। पुलिस लाइन प्रागंण में आहूत जनपद स्तरीय पीस कमेटी बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने उपस्थित धर्म गुरूओं आदि को मतदान करने की शपथ दिलायी तथा कहा कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में सभी लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले और जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए शतप्रतिशत मतदान करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी ने कहा कि जनपद में शान्ति पूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने के लिए व्यापक स्तर पर पुलिस बल की तैनाती की गयी है इसलिए सभी लोग मतदान के दिन निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

एसडीएम ने किया मतदान केन्द्रो का निरीक्षण

हरदोई। उपजिलाधिकारी शाहाबाद पूनम भाष्कर ने आज पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ 5 बूथ से अधिक वाले मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्रो की व्यवस्थाओं को देखा तथा सम्बंधित अधिकारियों को समस्त तैयारियों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी। इसके साथ ही उपजिलाधिकारी द्वारा तहसील शाहाबाद में एफएसटी, एसएसटी व वीएसटी टीमों के साथ बैठक की गयी। इस अवसर पर सभी सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

उपजिलाधिकारी ने चुनाव के दौरान लोगों को दिया भयमुक्त वातावरण का आश्वासन

हरदोई। बिलग्राम लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज उपजिलाधिकारी बिलग्राम गरिमा सिंह ने मल्लांवा विकास खण्ड के वलनरेबल बूथों सम्विलियन विद्यालय गंज जलालाबाद एवं प्राथमिक विद्यालय करवा में वलनरेबल वोटर्स के साथ बैठक कर भयमुक्त वातावरण का आश्वासन दिया। उन्होंने लोगों से निर्भीक होकर शत प्रतिशत मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। किसी मतदाता को डराने व धमकाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

स्कूल में बच्चों ने खेली होली, उड़ाए अबीर गुलाल, जमकर की मस्ती

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। विकासखंड ताखा के प्राथमिक विद्यालय नगला मके के बच्चों ने रंगोत्सव होली धूमधाम के साथ मनायी।

शिक्षकों ने होली के त्योहार और जीवन में रंगों के महत्व के बारे में बताया। शिक्षकों ने छात्र छात्राओं के साथ होली खेली। छात्रों ने फूलों, अबीर, गुलाल लगाकर शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किया। शिक्षको ने बच्चों से हर्बल रंगों से होली खेलने और रासायनिक रंगों से दूर रहने के लिए कहा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय कुमार ने कहा कि होली का त्योहार हमें आपसी प्रेम भाईचारे का संदेश देता है। शिक्षक राम जी शर्मा ने भारतीय संस्कृति के पर्व होली के बारे में विस्तार से बताते हुए पानी की बर्बादी को रोकने के लिए बच्चों एवं अभिभावकों को जागरूक किया। शिक्षक आदर्श कुमार ने होली मनाते समय रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। अभी विद्यालय में वार्षिक परीक्षा चल रही हैं अंतिम परीक्षा 27 मार्च को है, लिखित परीक्षा के समापन के साथ विद्यालय के बच्चों ने फूलों, अबीर, गुलाल से होली खेलकर उत्सव मनाया और जमकर मस्ती की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय कुमार, सहायक अध्यापक राम जी शर्मा, आदर्श कुमार और रसोइया राजाबेटी, रेशमा देवी, मलखान सिंह और विद्यालय के बच्चें उपस्थित रहे।

पैरों के सुन्नपन की समस्या से रहते हैं परेशान तो ये तरीके देंगे इंस्टेंट रिलीफ, जानिए क्या है वजह

पैरों में सुन्नपन के कई कारण हो सकते हैं। पैरों के सुन्नपन का मुख्य कारण स्पाइन में इंजुरी होना, साइटिका का दर्द और डायबिटीज होना है। कभी-कभी गलत पोजिशन में बैठने की वजह से भी पैरों में सुन्नपन की समस्या हो सकती है। हांलाकि पोजीशन में सुधार होते ही यह समस्या ठीक होने लगती है। अगर किसी व्यक्ति को बीमारी की वजह से पैरों में सुन्नपन रहता है, तो आपको डॉक्टर से फौरन संपर्क कर जांच करवानी चाहिए। असल में कई बार चोट लगने के दौरान नस दब जाती है, जिस कारण सुन्नपन की समस्या हो सकती है। ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से आराम पाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के लिए जरिए हम आपको ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप इस समस्या से राहत पा सकते हैं।

सुन्नपन से छुटकारा पाने के तरीके

पैरों की मसाज करें

कई लोग पैरों में दर्द होने पर मसाज करवाते हैं। मसाज करने से न सिर्फ आराम मिलता है, बल्कि इससे शरीर भी रिलैक्स होती है। वहीं पैरों में सुन्नता बनी रहती है, तो आप समय-समय पर अपने पैरों की मसाज कर सकते हैं। किसी अच्छे तेल से मसाज करना चाहिए। इसके लिए आप सरसों या नारियल तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। पैरों की तेल से मसाज करने से ब्लड फ्लो बढ़ता है, जिससे सुन्नपन में कमी आ जाती है।

आइस पैक या हॉट पैक

जिस तरह चोट लगने पर आइस पैक का इस्तेमाल करते हैं और दर्द में राहत मिलती है और ब्लड फ्लो रुक जाता है। वहीं शरीर के जिस हिस्से में सुन्नपन है, वहां पर आइस पैक का इस्तेमाल करें। कुछ देर के लिए आइस पैक को रगड़ें। लेकिन 15 मिनट से ज्यादा ऐसा न करें। क्योंकि ज्यादा देर तक आइस पैक लगाने से त्वचा को नुकसान हो सकता है। जब पैर सुन्न होगा, तो बर्फ के ठंडेपन का एहसास नहीं होगा। लेकिन कुछ देर बाद ठंडेपन का एहसास नहीं होगा। वहीं इससे आपको राहत भी मिलेगी। गर्म सिकाई करने से भी सुन्नपन को कम करने में सहायता मिलती है।

जरूर करें एक्सरसाइज

हर तरह की शारीरिक समस्याओं का समाधान एक्सरसाइज है। प्रेग्नेंट महिलाओं को एक्सपर्ट्स भी माइल्ड एक्सरसाइज करने की सलाह देते हैं। क्योंकि एक्सरसाइज करने से ब्लड फ्लो बढ़ता है और पूरे शरीर में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन की सप्लाई होती है। इससे पैरों के सुन्नपन में भी राहत मिल सकती है। साथ ही इससे आपकी फिटनेस भी बेहतर हो सकती है। अगर किसी को स्पाइन, नस और हड्डियों से जुड़ी कोई बीमारी है, तो एक्सपर्ट्स की सलाह पर एक्सरसाइज करें।

पर्याप्त आराम करें

पैरों के सुन्नपन को कम करने के लिए जरूरी है कि आप पर्याप्त आराम करें। अगर किसी व्यक्ति के पैरों में चोट के कारण सुन्नता बनी है, तो चोट की रिकवरी पर फोकस करना चाहिए। ऐसे में स्थिति में आप जितना ज्यादा आराम करेंगे, चोट के सही होने की संभावना उतनी ही अधिक रहेगी। साथ ही पैरों के सुन्नपन में भी कमी आएगी।

डॉक्टर की सलाह पर सप्लीमेंट

विटामिन की कमी के चलते भी पैरों में सुन्नपन की समस्या हो सकती है। क्योंकि कई बार डाइट में विटामिन की कमी की पूर्ति नहीं हो पाती है। ऐसे में आप डॉक्टर की सलाह पर सप्लीमेंट का सेवन कर सकते हैं। यह पैरों के सुन्नपन की समस्या को कम करने के लिए सबसे कारगर तरीका है।

टैम्पोन का गलत तरीके से यूज करना हो सकता है नुकसानदायक, बरतें सावधानियां

पीरियड्स के दौरान होने वाली ब्लीडिंग के कारण महिलाओं को कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ब्लीडिंग रोकने और हाइजीन के लिए महिलाएं सेनिटरी पैड्स का इस्तेमाल करती हैं। पैड्स के अलावा कई अन्य तरह के चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। टैम्पोन का प्रयोग महिलाएं पीरियड्स के समय करती है। टैम्पोन ब्लड को सोखने और हाइजीन को बनाए रखता है लेकिन गलत तरीके से इस्तेमाल किया गया टैम्पोन नुकसानदायक हो सकता है। टैम्पोन के गलत तरीके से प्रयोग करना हमारे शरीर को कैसे नुकसान पहुंचाया जा सकता है।

इन्फेक्शन का खतरा

टैम्पोन का बहुत ज्यादा इस्तेमाल करने से संक्रमण होने का खतरा रहता है। लंबे समय तक इसे न बदलने से बैक्टीरिया बढ़ जाते हैं और गंभीर इन्फेक्शन हो सकता है।

दर्द और जलन

आमतौर महिलाओं को टैम्पोन के इस्तेमाल से योनि में दर्द और जलन की समस्या हो सकती है। पहली बार इसका इस्तेमाल करने से दर्द या जलन हो, तो इसका यूज करने से बचें।

ब्लीडिंग बढ़ने का खतरा

काफी लंबे समय के लिए टैम्पोन का इस्तेमाल करने से कुछ महिलाओं में रक्तस्राव बढ़ने का खतरा रहता है। इसकी वजह से वेजाइनल डिस्चार्ज का खतरा रहता है।

टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम का खतरा

टैम्पोन के इस्तेमाल से टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम जैसी समस्या का खतरा रहता है। यह स्थिति टैम्पोन के प्रयोग से होने वाले बैक्टीरियल इंफेक्शन का कारण होता है।

टैम्पोन को यूज करते समय सावधानियां

टैम्पोन का प्रयोग करते समय कुछ सावधानियों का ध्यान चाहिए।

- टैम्पोन को समय-समय पर बदलना जरुरी है। सामान्यतः 4-6 घंटे के बाद टैम्पोन को बदल लेना चाहिए।
- हमेशा अपने साइज का टैम्पोन यूज करें। छोटा साइज या बड़ा टैम्पोन समस्याओं का कारण बन सकता है।
- किसी भी तरह की समस्या जैसे दर्द या जलन होने पर टैम्पोन का प्रयोग करने से बचें और डॉक्टर की सलाह जरुर लें।

तनाव के कारण बढ़ रहा है वजन, जानें स्ट्रैस की वजह से होने वाली बीमारियां

भाग-दौड़ वाली लाइफस्टाइल और हर मोड़ पर कई चुनौतियों के साथ तेजी से बदलती दुनिया में तनाव काफी बढ़ रहा है। तनाव लेने से हृदय संबंधी बीमारियों, वजन बढ़ना, अनिद्रा, स्ट्रोक, अवसाद, मधुमेह, कैंसर, मानसिक विकार और कई अन्य बीमारियों प्रकट होती है ।

तनाव एक नई महामारी है

तनाव हार्मोन जो आत्म-सुरक्षा के लिए शरीर को लड़ाई या उड़ान मोड में डाल देते हैं, यदि वे नियमित रूप से जारी होते हैं तो तबाही मचा सकते हैं। ये हार्मोन जो एंडोक्राइन ग्लैंड द्वारा जारी किए जाते हैं, दिल की धड़कन और रक्त को मांसपेशियों और शरीर के अन्य महत्वपूर्ण अंगों की ओर ले जाने में तेजी लाते हैं, जिससे भय, चिंता और यहां तक कि अवसाद की भावना पैदा होती है। यह मूड में बदलाव, मासिक धर्म चक्र, पाचन तंत्र में बाधा उत्पन्न कर सकते हैं और गंभीर बीमारियों की शुरुआत कर सकते हैं, जिसके लिए आजीवन चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता हो सकती है और यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है। प्रौद्योगिकी मानव जीवन और जीवनशैली विकल्पों को संचालित कर रही है, एक उज्जवल और स्वस्थ भविष्य के लिए रुकना और खुद को सुनना महत्वपूर्ण है।

तनाव आपके वजन को कैसे प्रभावित करता है

शॉर्ट टर्म तनाव मोटापे और मधुमेह का कारण बन सकता है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि दीर्घकालिक तनाव को अल्जाइमर रोग से जोड़ा गया है। इंसुलिन की तरह, कोर्टिसोल आपको मोटा बनाता है - तनाव हार्मोन कोर्टिसोल ग्लूकोज की उपलब्धता को बढ़ाता है। अल्पावधि में यह अच्छा है, हालांकि शॉर्ट टर्म तनाव में ग्लूकोज का स्तर बिना किसी समाधान के महीनों तक हाई बना रहता है। कोर्टिसोल इंसुलिन के लेवल को बढ़ाएगा और वजन बढ़ाएगा। यही कारण है कि नींद की कमी (उच्च कोर्टिसोल) लोगों को मोटा बनाने में मदद करती है। ध्यान, योग, मालिश और व्यायाम सभी कोर्टिसोल के स्तर को कम करने में मदद कर सकते हैं।

जानें फिट और स्वस्थ रहने का तरीका

तनाव को हराया जा सकता है बस आपको इन तरीकों का अभ्यास करके और अपने जीवन में बदलाव लाने की इच्छा सुनिश्चित करके दूर रखा जा सकता है। तनाव से निपटने के कुछ तरीके नीचे बताएं गए है।

-रोजाना 20 मिनट तक तेज जॉगिंग करें। प्रकृति में समय बिताएं और ध्यान करें।

- संपूर्ण भोजन करना, प्रोटीन और फाइबर से भरपूर आहार लेना
- कम से कम आठ घंटे की नींद लें और काम के दौरान बार-बार विश्राम लें।
- अत्यधिक धूम्रपान, शराब और तंबाकू के सेवन से बचें।
- एक पत्रिका लिखें और कुछ शौक और मनोरंजन के लिए समय निकालें।
- आराम तकनीकों और वैकल्पिक उपचारों जैसे योग, ध्यान आदि का प्रयास करें।

आंतों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं ये फूड्स, जरुरत से ज्यादा सेवन से हो सकता है कैंसर

संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए आंतों के स्वास्थ्य को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। आंत पाचन, पोषक तत्वों के अवशोषण और प्रतिरक्षा कार्य में मौलिक भूमिका निभाती है। हालाँकि, कुछ फूड्स ऐसे हैं, जो आंतों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। इनके सेवन से सूजन, असुविधा और पाचन संबंधी गड़बड़ी हो सकती है। आपको जानकर हैरानी होगी कि ये सब कोलन कैंसर (पेट का कैंसर) का कारण भी बन सकता है। इसलिए आपके लिए यह जानना जरुरी है कि कौन से फूड्स आपकी आतों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ऐसे फूड्स का सेवन करने से परहेज करें या फिर अपनी डाइट से बाहर कर दें और एक अच्छी स्वस्थ जिंदगी को बढ़ावा दें।

प्रोसेस्ड फूड्स- रिफाइंड चीनी, अस्वास्थ्यकर वसा से भरपूर और एडिटिव्स वाले फूड्स आंत में बैक्टीरिया के संतुलन को खराब कर सकते हैं। इससे आतों में सूजन की समस्या हो सकती है।

तले हुए फूड्स- आंत के लिए तले हुए फूड्स को पचाना मुश्किल होता है। ये फूड्स ज्यादा फैट से भरपूर होते हैं, जो सूजन और जलन में योगदान कर सकते हैं।

मसालेदार खाना- मसालेदार भोजन आंतों की परत में जलन पैदा कर सकता है। इर्रिटेबल बाउल सिंड्रोम (आईबीएस) या इंफ्लेमेटरी बाउल रोग (आईबीडी) की समस्या से जूझ रहे लोगों को मसालेदार खाने से आतों में ज्यादा दिक्कत होती है।

ग्लूटेन युक्त फूड्स- सीलिएक रोग या ग्लूटेन संवेदनशीलता वाले व्यक्तियों के लिए ग्लूटेन से भरपूर फूड्स खाने से आंतों को नुकसान हो सकता है और दस्त, पेट दर्द और सूजन जैसी समस्या पैदा हो सकती हैं।

शराब- ज्यादा शराब का सेवन आंतों की परत को परेशान कर सकता है। ये आंत के काम को बाधित कर सकता है और सूजन में योगदान कर सकता है।

फैट से भरपूर फूड्स- फैट से भरपूर फूड्स खासकर संतृप्त और ट्रांस वसा का जरुरत से ज्यादा सेवन करना सूजन में योगदान कर सकता है और आंतों के कार्य को ख़राब कर सकता है।

एसिडिक फूड्स- फूड्स और ड्रिंक्स जैसे खट्टे फल और कुछ प्रकार के रस में एसिड होता है, जो एसिड रिफ्लक्स को बढ़ा सकते हैं और अतिसंवेदनशील व्यक्तियों में आंतों की परत में जलन पैदा कर सकते हैं।

शरीर में दिख रहे ऐसे लक्षण तो हो सकता है स्ट्रोक का खतरा, नजरअंदाज करने पर जा सकती है जान



जब दिमाग में सही तरह से ब्लड की सप्लाई नहीं हो पाती है, तो मस्तिष्क को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाता है। ऐसे में अगर व्यक्ति को सही इलाज न मिले, जो उसकी जान भी जा सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं में पुरुषों की तुलना में स्ट्रोल होने का अधिक खतरा होता है। वहीं स्ट्रोक को एक्यूट न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर के नाम से भी जाना जाता है। साथ ही यह जानलेवा साहित हो सकता है। लेकिन स्ट्रोक आने के 7 दिन पहले शरीर में इसके लक्षण नजर आने लगते हैं।

ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्ट्रोक आने के 7 दिन पहले आपको किस तरह के लक्षण नजर आते हैं। ऐसे में आप इन लक्षणों को पहचानकर अपना इलाज करवा सकते हैं। आइए जानते हैं इन स्ट्रोक के लक्षणों के बारे में...

7 दिन पहले शरीर में दिखने वाले लक्षण

सुबह उठने में समस्या होना

स्ट्रोक आने से करीब 7 दिन पहले व्यक्ति को सुबह उठने में कमजोरी महसूस हो सकती है। फेस पर भारीपन होने के साथ हाथ उठाना मुश्किल लगता है। स्ट्रोक के लक्षण के तौर पर मरीज को बैलेंस करना काफी मुश्किल होता है। वहीं व्यक्ति सही से बैलेंस नहीं कर पाने की वजह से गिर सकता है।

हाथ में कमजोरी लगना

स्ट्रोक आने से पहले हाथ को ऊपर उठाने या नीचे करने में समस्या आ सकती है। इस दौरान व्यक्ति का हाथ इतना कमजोर हो सकता है कि वह कुछ उठाने में भी असमर्थ हो सकता है। मरीज के शरीर का आधा हिस्सा कमजोर हो जाता है।

धुंधला दिखना

इस दौरान मरीज को चीजें थोड़ी धुंधली दिखने लगती है। कभी-कभी एक आंख से तो कभी दोनों आंखों से धुंधला दिख सकता है। आंखों के धुंधलेपन की वजह से व्यक्ति का एक जगह पर खड़े होना या एक जगह से दूसरी जगह जाना मुश्किल होता है।

याददाश्त पर असर

आपको बता दें कि स्ट्रोक आने से पहले व्यक्ति की याददाश्त पर भी इसका असर देखने को मिलता है। व्यक्ति को फोकस करने और चीजें याद रखने में दिक्कत होती है। यदि किसी को स्ट्रोक आता है, तो भविष्य में उसकी याददाश्त पर निगेटिव असर देखने को मिल सकता है। इससे मरीज को शॉर्ट टर्म या लान्ग टर्म की समस्या हो सकती है।

बोलने में दिक्कत

स्ट्रोक आने से करीब 7 दिन पहले मरीज के बातचीत के लहजे में समस्या हो सकती है। हांलाकि स्ट्रोक के दौरान भी यह चीज देखने को मिल सकती है। इस दौरान मरीज के लिए एक भी शब्द बोलना मुश्किल हो जाता है। ठीक इसी तरह स्ट्रोक आने के 7 दिन पहले मरीज सही से बातचीत नहीं कर पाता है और चीजों को समझने में समस्या हो सकती है।

थकान लगना

स्ट्रोक के आम लक्षणों में एक लक्षण थकान बने रहना है। इस दौरान व्यक्ति को थकान लगने के साथ शरीर में एनर्जी की कमी महसूस हो सकती है। हांलाकि थकान अन्य बीमारियों की ओर भी इशारा करता है। लेकिन यदि मरीज में थकान के साथ ऊपर बताए गए लक्षण नजर आएं, तो फौरन डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

कंफ्यूजन

स्ट्रोक आने के 7 दिन पहले व्यक्ति को चीजों को समझने में समस्या होने लगती है। मरीज को शब्द सही से याद नहीं रहते हैं और बोलने में परेशानी होती है। आमतौर पर मरीज को शब्दों के चयन में परेशानी होती है, तो यह स्ट्रोक के लक्षण हो सकते हैं।

रात को भोजन न खाने से या होता है?

शरीर को सेहतमंद रखने के लिए खाना बहुत ही जरुरी होता है। भोजन हमारे शरीर को पोषक तत्व प्रदान करता है। वहीं खाना खाने से हमे काफी एनर्जी प्राप्त होती है। हालांकि कई लोग रात को भोजन स्किप कर देते हैं। आइए आपको एक्सपर्ट के मुताबिक बताते हैं कि ऐसा करना कितना सही है या गलत। अगर आप रात को खाना नहीं खाते तो इसका असर हमारी बॉडी पर होता है। इस वजह से शरीर को पर्याप्त पोषण नहीं मिल पाता है।

खुद को कमजोरी महसूस होना

फूड हमारे शरीर को पर्याप्त पोषण और ताकत देने में मदद करता है। रात को अगर आप खाना नहीं खाएंगे तो शरीर में वीकनेस होने लगती है।

कैलोरी इनटेक कम होता है

वेटलॉस के चक्कर में कई बार लोग रात का खाना नहीं खाते हैं। इस वजह से कैलोरी इनटेक कम हो जाती है।

स्ट्रेस बढ़ता है

रात को खाना नहीं खाने से स्ट्रेस लेवल बढ़ने लगता है। जिस वजह से वजन बढ़ने की समस्या भी देखी जा सकती है।

वजन बढ़ जाता है

रात को समय भोजन न करने से मेटाबॉलिज्म रेट धीमा होने लगता है। इस कारण से वजन बढ़ने की समस्या हो सकती है।

स्लीप साइकिल पर प्रभाव

रात को खाना नहीं खाने से सेहत के साथ-साथ नींद को भी प्रभावित करता है। इससे आपकी स्लीप साइकल डिस्टर्ब हो सकती है।

डिनर हल्का जरुर करें

रात को खाना न खाने की जगह आप थोड़ा खाना या फिर हैवी नाश्ता सुबह कर सकते हैं। यह शरीर को स्वस्थ रखेगा। रात को खाना छोड़ना हमारी सेहत के लिए ठीक नहीं होता।

गर्मियों में ठंडे पानी से नहाने से शरीर को मिलते हैं गजब के फायद

गर्मियों के महीनों की चिलचिलाती धूप और तपते तापमान से ठंडे पानी से नहाना राहत दिला सकता है। ठंडे पानी से नहाने का विकल्प न केवल ताजगी देता है बल्कि शरीर को कई लाभ भी प्रदान करता है। गर्मी से तत्काल राहत के अलावा ठंडे पानी के फुहारें दिमाग को तरोताजा करती हैं और त्वचा और बालों को कई लाभ पहुंचाती हैं। इसके अलावा भी कई स्वास्थ्य लाभ है, जो ठंडे पानी से नहाने से मिलते हैं, चलिए इनके बारे में जानते हैं।

शरीर को गर्मी से राहत मिलती है- ठंडा पानी आपके शरीर के तापमान को ठंडा करके गर्मी से तुरंत राहत प्रदान कर सकता है। यह आपको तरोताजा और पुनर्जीवित महसूस करने में मदद कर सकता है, खासकर गर्मी के दिनों में।

खून के प्रसार में सुधार करता है- ठंडे पानी से आपकी रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं, जिससे परिसंचरण में सुधार करने में मदद मिल सकती है। यह गर्म मौसम के दौरान विशेष रूप से फायदेमंद हो सकता है जब रक्त वाहिकाएं गर्मी को खत्म करने के लिए फैल सकती हैं, जिससे संभावित रूप से असुविधा या थकान हो सकती है।

थकान दूर कर दिमाग की सतर्कता बढ़ाता है- ठंडे पानी का झटका आपके तंत्रिका तंत्र को उत्तेजित कर सकता है, जिससे सतर्कता और मानसिक स्पष्टता बढ़ जाती है। यदि आप गर्मी में सुस्ती या थकान महसूस कर रहे हैं तो यह विशेष रूप से सहायक हो सकता है।

त्वचा और बालों के लिए लाभदायक- ठंडा पानी छिद्रों को कसने, तैलीयपन को कम करने और आपकी त्वचा के समग्र स्वरूप में सुधार करने में मदद कर सकता है। यह क्यूटिकल्स को सील करके आपके बालों को चमकदार बना सकता है।

इम्युनिटी को बढ़ावा देता है- कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि ठंडे पानी के संपर्क में आने से प्रतिरक्षा प्रणाली उत्तेजित हो सकती है। हालांकि इसकी पुष्टि के लिए अधिक शोध की आवश्यकता है। लेकिन फिर भी ठंडे फुहारें गर्मियों में छोटी-मोटी बीमारियों को दूर रखने में मदद करते हैं।

कैलोरी बर्न करने में मदद करता है- ठंडे तापमान के संपर्क में आने से आपकी मेटाबॉलिज्म दर थोड़ी बढ़ सकती है क्योंकि आपका शरीर अपने मुख्य तापमान को बनाए रखने के लिए काम करता है। समय के साथ, यह कैलोरी जलाने में योगदान दे सकता है।

मांसपेशियों के दर्द को कम करता है- ठंडा पानी सूजन को कम करने और दर्द वाली मांसपेशियों को शांत करने में मदद कर सकता है। इसलिए गर्मियों के महीनों में व्यायाम या शारीरिक गतिविधि के बाद पसीने सूख जाने के बाद ठंडे पानी से नहाएं।

गर्मियों के मौसम में चीनी छोड़कर, गुड़ को अपने आहार में शामिल करें

जैगरी जिसे गुड़ भी कहा जाता है, इसका उपयोग प्राचीन काल से भारतीय खाना में किया जाता है। कच्चे गन्ने के रस को उबालकर बनाया गया गुड़, यह कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है।

डॉ. वेदिका प्रेमानी, आहार विशेषज्ञ, सर एच.एन. रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल, मुंबई, का कहना है कि गर्मियों के दौरान गुड़ के सेवन का समर्थन करती हैं, लेकिन सीमित मात्रा में। सबसे पहले, गुड़ में कुछ मात्रा में इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे पोटेशियम, मैग्नीशियम और सोडियम होते हैं, जो शरीर के तरल पदार्थ के संतुलन को बनाए रखने और डिहाइड्रेशन को रोकने के लिए आवश्यक हैं।

वह सुझाव देती हैं कि रिफाइन चीनी की जगह गुड़ का उपयोग करना चाहिए क्योंकि इसमें आयरन और कैल्शियम जैसे खनिज थोड़ी मात्रा में मौजूद होते हैं। हड्डियों के स्वास्थ्य को बनाए रखने और ऊर्जा चयापचय को सुविधाजनक बनाने के लिए शरीर को इन खनिजों की आवश्यकता होती है।

गर्मियों के लिए, डॉ. प्रेमानी कहते हैं, यह आयुर्वेद के अनुसार शरीर को ठंडा करने में सहायता करता है, इसे गर्मी से संबंधित बीमारियों जैसे हीटस्ट्रोक और घमौरियों को कम करने के लिए विशेष रूप से फायदेमंद बनाता है। वह कहती हैं कि गुड़ का सेवन पसीने को प्रभावित करता है, जो शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में मदद करता है और बदले में गर्म मौसम में खुद को ठंडा रखने में मदद करता है। जब इस सुपरफूड को अपने आहार में शामिल करने की बात आती है, तो आपको अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त करने के प्रयास में अपने मीठे स्वाद का त्याग करने के बारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। गुड़ के बहुत सारे व्यंजन हैं जिन्हें आप इस गर्मी में आसानी से घर पर बना सकते हैं। चलिए आपको कुछ गुड़ से बनी हेल्दी रेसिपी शेयर करते हैं।

पनाकम

यह लोकप्रिय पारंपरिक दक्षिण भारतीय पेय गुड़, पानी, अदरक, नींबू का रस और इलायची को मिलाकर बनाया जाता है। डिगा ऑर्गेनिक्स और एग्रो फार्म, उत्तर प्रदेश के संस्थापक और कृषक आलोक सिंह कहते हैं, यह अपने शीतलन गुणों के लिए जाना जाता है और अक्सर त्योहारों के दौरान या गर्मियों में कूलर के रूप में इसका सेवन किया जाता है।

डॉ प्रेमानी कहते हैं, इसे तैयार करने के लिए, गुड़ को पानी में घोलें और उसमें थोड़ा सा अदरक, इलायची और थोड़ा सा नींबू का रस मिलाएं। यह मिश्रण न केवल शरीर को ठंडक देता है बल्कि पाचन में भी सहायता करता है।

नोलेन गुड़ आइसक्रीम

डॉ. प्रेमानी द्वारा सुझाई गई यह रेसिपी निश्चित रूप से युवाओं के बीच हिट होने वाली है। डॉ. प्रेमानी बताते हैं कि पश्चिम बंगाल से शुरू होने वाली, नोलेन गुड़ आइसक्रीम दूध, क्रीम और एक चुटकी नमक के साथ नोलेन गुड़ (खजूर गुड़) को मिलाकर मलाईदार आधार बनाकर बनाई जाती है। इसे सख्त होने तक फ्रीज में रखें, और भरपूर, कारमेल जैसे स्वाद का आनंद लें जो गर्मी में शरीर को तुरंत आराम पहुंचाता है।

तिल के लड्डू

हममें से ज्यादातर लोगों की तिल के लड्डू से जुड़ी यादें हैं। पूजा और त्योहारों के दौरान खाई जाने वाली एक आम मिठाई, यह तिल के बीज और गुड़ के साथ बनाई जाती है, जिसे हमारी माताओं और दादी के प्यार भरे हाथों से गोले बनाकर बनाया जाता है। आलोक का कहना है कि ये पौष्टिक और शीतल दोनों हैं। आलोक सिंह के अनुसार, तिल में एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा अधिक होती है और जब इसे गुड़ के साथ मिलाया जाता है, तो यह एक स्वस्थ नाश्ता बन जाता है।

गुड़ का शरबत

गर्मियां ठंडे और ताजगी देने वाले पेय के बिना अधूरी हैं। अपने सोडा को गुड़ के शरबत से बदलें। यह पेय पानी में नींबू और जीरा डालकर और तीखे स्वाद के लिए गुड़ और काला नमक मिलाकर बनाया जाता है।

इसे एक बेहतरीन हाइड्रेटर और शर्करा युक्त सोडा का एक स्वस्थ विकल्प के रूप में बढ़िया हैं। डॉ. प्रेमानी कहते हैं, इसका खट्टा-मीठा स्वाद से डिहाइड्रेशन प्रभावी ढंग से निपटता है।

गुड़ की कुल्फी

कुल्फी डेयरी स्वादिष्टता का प्रतीक है। डॉ. प्रेमानी के अनुसार, कुछ कसा हुआ गुड़ के साथ दूध उबालने की सलाह दी हैं, इसे गाढ़ा होने तक कम करें और कुल्फी के सांचों में डालें। तैयार होने तक फ्रीज करें, और मलाईदार भोग का स्वाद लें, जो गर्म गर्मी के दिनों में ठंडक देने के लिए बिल्कुल उपयुक्त है।

केजरीवाल मामले में जर्मनी की टिप्पणी पर भारत ने जताया कड़ा एतराज

नई दिल्ली। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर जर्मन विदेश मंत्रालय की ओर से की गई टिप्पणी पर भारत ने कड़ा एतराज जताया है। केन्द्र सरकार ने शनिवार को जर्मन

दूतावास के उप प्रमुख को तलब किया और मामले को भारत का आंतरिक मुद्दा बताते हुए टिप्पणी पर विरोध दर्ज कराया है। गौरतलब है कि शुक्रवार को जर्मन विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी करते हुए कहा था, ÷भारत एक लोकतांत्रिक देश है। हम उम्मीद करते हैं कि न्यायापालिका की स्वतंत्रता और बुनियादी लोकतांत्रिक सिध्दांतो से संबंधित मानकों को इस मामले में भी लागू किया जाएगा। अब इस टिप्पणी पर भारत की ओर से जवाब आया है।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि नई दिल्ली के जर्मन दूतावास के उप प्रमुख को तलब कर उनके सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया गया और बताया गया कि ऐसी टिप्पणी को भारत, न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप के रूप में देखता है।

विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में विज्ञप्ति जारी कर कहा, नई दिल्ली में जर्मन मिशन के उप प्रमुख को आज बुलाया गया और हमारे आंतरिक मामलों पर उनके विदेश कार्यालय प्रवक्ता की टिप्पणियों पर भारत के कड़े विरोध से अवगत कराया गया।

हम ऐसी टिप्पणियों को हमारी न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप और हमारी न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करने के रूप में देखते हैं।

पुतिन की जमकर आलोचना करता है आईएसआईएस-खुरासान आतंकी समूह

नई दिल्ली। 22 मार्च की रात रूस की राजधानी मॉस्को बम और गोलीबारी से दहल उठा। क्रोकस सिटी

घायल

गोलीयों की आवाज के बीच डरे हुए स्थानीय लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे। इस हमले में कम से कम 60 मारे गए और 145 लोग घायल हुए है।

हॉल कॉन्सर्ट स्थल में हुए हमले में चारों तरफ केवल आग धधक रही थी। गोलीयों की आवाज के बीच डरे हुए स्थानीय लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे। इस हमले में कम से कम 60 मारे गए और 145 लोग घायल हुए है। इन बम धमाकों के पीछे आतंकी संगठन आईएस (इस्लामिक स्टेट) खुरासान का हाथ है। व्हाइट हाउस ने इस बात की पुष्टि की है। दरअसल,

हमले के कुछ ही घंटों बाद इस्लामिक स्टेट खुरासान ने इसकी जिम्मेदारी ली थी। बता दें कि यह समूह अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट से संबद्ध इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत या आईएसआईएस-के है। आखिर क्यों आईएसआईएस-के ने इस हमले को अंजाम दिया और क्या है यह आतंकवादी समूह? वहीं, यह कैसे संचालित होता है? आइये यहां सब जानें। ISIS-K आतंकवादी समूह की स्थापना 2015 में पाकिस्तानी तालिबान के असंतुष्ट सदस्यों द्वारा की गई थी। अमेरिकी हवाई हमलें और अफगान कमांडो की छापेमारी के कारण इस समूह के कई नेता मारे गए। इस दौरान समूह ने 2021 तक अपने सैनिकों की संख्या लगभग 1,500 से 2,000 तक कर दिया था। 2021 में ही अफगानिस्तान की सरकार गिर गई और तालिबान ने यहां कब्जा कर लिया। इस दौरान अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी होने लगी। इसी समय आईएसआईएस-के ने अगस्त 2021 में काबुल में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आत्मघाती बम विस्फोट किया, जिसमें 13 अमेरिकी सैनिक और 170 से अधिक नागरिकों की मौत हो गई। इस हमले के बाद आईएसआईएस-के अंतरराष्ट्रीय विषय बन गया। तालिबान अफगानिस्तान में ISIS-K के खिलाफ कड़ी लड़ाई लड़ रहा है। अब तक, तालिबान की सुरक्षा सेवाओं ने समूह को क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए कई कड़े कदम उठाए है। पूर्व तालिबान लड़ाकों को बड़ी संख्या में भर्ती करने से भी रोका है।अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड के प्रमुख जनरल माइकल ई. कुरिल्ला ने गुरुवार को एक हाउस कमेटी को बताया कि आईएसआईएस-के छह महीने से भी कम समय में विदेशों में अमेरिकी और पश्चिमी हितों पर बिना चेतावनी के हमला करने की क्षमता और इच्छा रखता है।

बीआरएस नेता के कविता को नहीं मिली राहत

नई दिल्ली। एक्साइज पॉलिसी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बीआरएस नेता के कविता को राहत नहीं मिली। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बीआरएस नेता के कविता की ईडी रिमांड 26 मार्च तक बढ़ा दी है। दरअसल, 22

मार्च को सप्रीम कोर्ट ने बीआरएस नेता के कविता को जमानत देने से इनकार कर दिया। उन्हें दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाला मामले में शामिल होने के लिए ईडी ने गिरफ्तार किया गया है। इस बीच दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में BRS एमएलसी के. कविता ने मीडिया से कहा कि यह एक अवैध गिरफ्तारी है। हम इसे अदालत में लड़ने जा रहे हैं। यह एक राजनीतिक मामला है, एक मनगढ़ंत मामला है, एक झूठा मामला है। हम इससे लड़ रहे हैं। इसमें कोई नई बात नहीं है, वे बार-बार वही बातें पूछ रहे हैं। #WATCH एक्साइज पॉलिसी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के राउज़ एवेन्यू कोर्ट में BRS एमएलसी के. कविता ने कहा, .. यह एक अवैध गिरफ़्तारी है। हम इसे अदालत में लड़ने जा रहे हैं। यह एक राजनीतिक मामला है, एक मनगढ़ंत मामला है, एक झूठा मामला है। हम इससे लड़ रहे हैं। इसमें कोई नई बात नहीं बता दें कि 46 वर्षीय कविता को संघीय मनी लॉन्ड्रिंग रोधी एजेंसी ने हैदराबाद में उनके बंजारा हिल्स स्थित घर से गिरफ्तार किया था। के कविता द्वारा दायर एक रिट याचिका पर शीर्ष अदालत ने ईडी को नोटिस जारी किया है, जिसमें दिल्ली शराब नीति मामले के संबंध में ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें ट्रायल कोर्ट में जाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी की विशेष पीठ ने उनकी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया और कहा कि लोग सिर्फ इसलिए जमानत के लिए शीर्ष अदालत से सीधे संपर्क नहीं कर सकते क्योंकि वे राजनेता हैं या ऐसा करने में सक्षम हैं।

उफ्फ बेंगलुरु का ट्रैफिक, ऑटो चालकों को किया ओवरटेक तो कार को घेरा और तोड़ दी खिड़की

बेंगलुरु। बेंगलुरु का ट्रैफिक हमेशा से चर्चा का विषय रहा है। लोगों को ऑफिस जाने के लिए

घंटों पहले ही अपने घर से निकलना पड़ता है। हालांकि, सड़क पर ऑटो रिक्शा और छोटे-मोटे वाहन होने के कारण कार का आसानी से निकलना बेहद मुश्किल होता है और ऐसे में अगर आपके कार की टक्कर हो जाए तो छोटा सा विवाद झगड़े में बदल जाता है। ऐसा ही कुछ दक्षिण बेंगलुरु में एक शख्स के साथ हुआ जब वह 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ी चला रहे थे और थोड़ी जल्दी में होने के कारण उन्होंने कुछ ऑटो-रिक्शा और कारों को ओवरटेक कर लिया। इसी दौरान कुछ ऑटो-ड्राइवर ईजीपुरा सिग्नल पर उतरे और कार को रोक लिया। ऑटोरिक्शा चालक कथित तौर पर वोक्सवैगन कार को घेरकर खड़े हो गए और कार चालक को डराया-धमकाया। कार चालक जब कार से नहीं निकला तो ऑटो-रिक्शा चालकों ने उसके कार की खिड़की तोड़ दी। घटना शुक्रवार दोपहर 1 बजे की है। दरअसल, दो ऑटो वाले इस बात से नाराज थे कि कार चालक ने उन्हें अपने पास से गुजरने नहीं दिया था। पीड़ित शख्स ने शुक्रवार को डैश कैमरे द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो को अपने सोशल मीडिया X (पूर्व में ट्विटर) पर साझा किया है। 56 सेकंड के वीडियो में एक आदमी कार के बाहर खड़ा है और गुस्से से अंदर देख रहा है। कुछ सेकंड बाद, कार की खिड़की सैकड़ों टुकड़ों में टूट जाती है और कार के अंदर हर जगह बिखरी नजर आती है। एक अन्य व्यक्ति खिड़की के बाहर दिखाई देता है और कार चालक से गुस्से में सवाल करता है। कार चालक ने पोस्ट में लिखा कि जैसे ही कार का टेम्पर्ड ग्लास टूटा उसके शीशे के टूकड़े मेरे कान के साथ-साथ मेरी बांहों में गिर गया जिससे कई खून बहा। पोस्ट किए जाने के बाद से वीडियो को 2.21 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। वीडियो वायरल होने के बाद बेंगलुरु पुलिस ने वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए शख्स से अधिक जानकारी मांगी है।

भारतीय नौसेना की अरब सागर में बड़ी कार्रवाई, समुद्री डकैती रोधी अभियानों में 100 से अधिक लोग बचाए गए

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने अरब सागर में विभिन्न समुद्री डकैती विरोधी अभियानों में 100 से अधिक लोगों को बचाया है। शनिवार को एक

जोखिम

भारतीय नौसेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस शनिवार को अरब सागर में अपने उच्च जोखिम वाले समुद्री डकैती रोधी अभियान के समापन के बाद हुई है।

संवाददाता सम्मेलन में भारतीय नौसेना ने कहा कि ऑपरेशन संकल्प और अन्य मिशनों सहित अरब सागर में समुद्री डकैती विरोधी अभियानों में 100 से अधिक लोगों को बचाया गया, जिनमें 27 पाकिस्तान के और 30 ईरानी नागरिक शामिल हैं। नौसेना ने कहा कि ऑपरेशन संकल्प और अन्य अभियानों के दौरान 110 लोगों की जान बचाने के लिए 13 हमले की घटनाओं का भी जवाब दिया गया,

जिनमें 45 भारतीय और 65 अंतरराष्ट्रीय नागरिक शामिल थे। अरब सागर में क्षमताओं को बढ़ाते हुए भारतीय नौसेना ने क्षेत्र में किसी भी समुद्री डकैती या ड्रोन हमलों को विफल करने के लिए अन्य निगरानी विमानों के साथ 10 युद्धपोत तैनात किए हैं। नौसेना के अधिकारियों ने कहा, हमने भारतीयों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए अरब सागर और आसपास के क्षेत्रों में समुद्री डकैती रोधी और ड्रोन रोधी अभियान चलाने के लिए पी-8आई निगरानी विमान, सी गार्डियन ड्रोन और बड़ी संख्या में कर्मियों के साथ 10 युद्धपोत तैनात किए हैं। इसके अतिरिक्त, समुद्री डाकुओं के खिलाफ विशेष अभियानों के लिए अरब सागर में समुद्री कमांडो और उनके उपकरणों को उतारने वाले भारतीय वायु सेना के सी-17 परिवहन विमान चालक दल भी भारतीय कार्रवाई पर नौसेना प्रमुख की प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद थे। भारतीय नौसेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस शनिवार को अरब सागर में अपने उच्च जोखिम वाले समुद्री डकैती रोधी अभियान के समापन के बाद हुई है। इससे पहले आज, भारतीय नौसेना द्वारा पकड़े गए लगभग 35 सोमाली समुद्री लुटेरों को सीमा शुल्क और आव्रजन की औपचारिकताओं के बाद मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया। नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई के दृश्यों में समुद्री लुटेरों को एक कतार में खड़े दिखाया गया, क्योंकि मुंबई पुलिस ने उन्हें चेस्ट नंबर दिए थे। भारतीय नौसेना की विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस ऑपरेशन में एक नौसेना विध्वंसक, एक गश्ती जहाज, एक भारतीय वायु सेना सी-17 ट्रांसपोर्टर, समुद्री कमांडो को हवाई मार्ग से गिराने के लिए 1,500 मील से अधिक दूरी तक उड़ान भर रहा था।

टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा के ठिकानों पर सीबीआई की छापामारी

कोलकाता। नेता महुआ मोइत्रा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। आज महुआ के आवास सहित कई ठिकानों पर सीबीआई ने छापामारी की है। तृणमूल कांग्रेस नेता पर कैश फॉर क्वेरी मामले में ये कार्रवाई की गई है। सीबीआई इस मामले में टीएमसी नेता के कोलकाता के अलीपुर स्थित आवास और अन्य स्थानों पर तलाशी ले रही है। सीबीआई ने बीते दिन ही कैश फॉर क्वेरी मामले में एफआईआर दर्ज की थी। सीबीआई ने लोकपाल के निर्देश पर ये एफआईआर दर्ज की है। लोकपाल ने मंगलवार को सीबीआई को कैश फॉर क्वेरी मामले में तृणमूल कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ लगाए गए आरोपों के सभी पहलुओं की जांच करने का आदेश दिया था और छह महीने के भीतर एक रिपोर्ट सौंपने को कहा था।

मॉस्को में हुए आतंकी हमले में अब तक 115 लोगों की मौत, हिरासत में 11 आरोपी

समूह

ISIS-K आतंकवादी समूह की स्थापना 2015 में पाकिस्तानी तालिबान के असंतुष्ट सदस्यों द्वारा की गई थी।

मॉस्को। मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट में हुए हमले के बाद 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें सीधे तौर पर चार लोग शामिल हैं। विधायक अलेक्जेंडर खिनशेटिन ने शनिवार को टेलीग्राम पर इसकी सूचना दी। खिनशेटिन ने बताया कि दो आरोपियों को रूस के ब्रांस्क क्षेत्र में कार का पीछा करने के बाद गिरफ्तार किया गया। वहीं, अन्य संदिग्ध पैदल ही पास के जंगल में भाग गए। इस्लामिक स्टेट खुरासन के आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 115 हो गई है। वहीं, 145 लोग घायल हुए है। हमले की जगह के वीडियो फुटेज में क्रोकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट स्थल में आग लगी हुई दिखाई दे रही है, जिससे हवा में घना, काला धुंआ भर गया है। इसमें विशाल हॉल में गोलियों की आवाज के बीच डरे हुए स्थानीय लोगों को चिल्लाते और दुबकते हुए भी दिखाया गया है। राज्य संचालित आरआईए नोवोस्ती ने बताया कि सशस्त्र व्यक्तियों ने गोलीबारी की और एक ग्रेनेड या आग लगाने वाला बम फेंका, जिससे आग लग गई।

ISIS-K आतंकवादी समूह की स्थापना 2015 में पाकिस्तानी तालिबान के असंतुष्ट सदस्यों द्वारा की गई थी। इस समूह में 2 हजार सैनिक शामिल है। न्यूयॉर्क स्थित सुरक्षा परामर्श फर्म सौफान ग्रुप के आतंकवाद विरोधी विश्लेषक कॉलिन पी. क्लार्क ने बताया कि आईएसआईएस-के पिछले दो सालों से रूस को निशाना बनाने की योजना बना रहा था।

शटडाउन से बचा अमेरिका, अंतिम समय में सीनेट ने ले लिया बड़ा फैसला

वाशिंगटन। अमेरिकी सीनेट ने आंशिक शटडाउन को टालने के लिए 1.2 ट्रिलियन डालर के पैकेज वाले बिल को मंजूरी दे दी है। अब इसे राष्ट्रपति जो बाइडन के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा। इस दौरान 24 के मुकाबले 74 वोट पड़े। व्हाइट हाउस ने कहा कि चूंकि संघीय निधि के दायित्वों को दैनिक आधार पर खर्च किया जाता है और ट्रैक किया जाता है, इसलिए एजेंसियां बंद नहीं होंगी और अपना संचालन सामान्य रूप से जारी रख सकती हैं। आधी रात से ठीक पहले सीनेट के बहुमत नेता चक शूमर ने इसे लेकर सहमति की घोषणा की। शूमर ने कहा कि यह बहुत लंबा और कठिन दिन रहा, लेकिन हम सरकार के वित्त पोषण का काम पूरा करने के लिए समझौते पर पहुंच गए हैं।

अनुच्छेद 370 हटाना ऐतिहासिक कदम, महाराजा हरि सिंह के पोते अजातशत्रु ने संयुक्त राष्ट्र में मोदी सरकार की सराहना की

जिनेवा (स्विट्जरलैंड)। वरिष्ठ भाजपा नेता एमके अजातशत्रु सिंह ने संयुक्त राष्ट्र में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के भारत सरकार के साहसिक फैसले की सराहना की है। महाराजा हरि सिंह के पोते अजातशत्रु ने 1947 में भारत के साथ जम्मू-कश्मीर के विलय की संधि पर हस्ताक्षर किए थे। यूएन में अपने संबोधन में अजातशत्रु ने पाकिस्तान के कब्जे में रहने वाले लोगों की दुर्दशा के लिए अपनी गहरी चिंता व्यक्त की और उन्हें सुधारने के लिए संयुक्त राष्ट्र के हस्तक्षेप की मांग की है। शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र में अपने संबोधन में उन्होंने कहा, ÷2019 में संवैधानिक सुधारों के बाद से क्षेत्र में आतंकवादी घटनाओं में उल्लेखनीय गिरावट आई है। 2004 से 2014 तक जम्मू और कश्मीर में कुल 7,217 आतंकवादी घटनाएं हुए।÷ हालांकि, सुधारों के कारण आतंकवादी घटनाओं में 70 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। यह सुधार क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने में सरकार के कार्यों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है।

जागरूकता

पाकिस्तानी कब्जे वाले क्षेत्रों में हालिया विरोध प्रदर्शन भारतीय प्रशासन के तहत आने वाले क्षेत्रों की तुलना में आर्थिक असमानताओं के बारे में बढ़ती जागरूकता को उजागर करते हैं।

भाजपा नेता ने अपने सबोधन में कहा, ÷सामाजिक-आर्थिक मोर्चे पर जम्मू-कश्मीर में गरीबी का 2005-2006 में 40.45 प्रतिशत से घटकर 2022-2023 में मात्र 2.81 प्रतिशत होना विकास निधि के इष्टतम उपयोग का एक प्रमाण है। हालिया अंतरिम 2024 के बजट में जम्मू-कश्मीर के लिए 14 अरब अमेरिकी डॉलर का पर्याप्त आवंटन किया गया, जो क्षेत्र की समृद्धि के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को

दर्शाता है। अजातशत्रु ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में जम्मू और कश्मीर ने बुनियादी ढांचे के विकास में एक उल्लेखनीय क्रांति देखी है, जिसमें नए मेडिकल कॉलेजों, सुरंगों, रेलवे लाइनों और नागरिक बुनियादी ढांचे की स्थापना शामिल है। अविभाजित जम्मू-कश्मीर के राजा करण सिंह के बेटे ने कहा, ये प्रगति क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए हासिल की गई है। हालांकि, यह स्वीकार करना आवश्यक है कि जम्मू-कश्मीर के सभी हिस्सों को समान रूप से लाभ नहीं हुआ है। पाकिस्तानी कब्जे वाले क्षेत्रों में हालिया विरोध प्रदर्शन भारतीय प्रशासन के तहत आने वाले क्षेत्रों की तुलना में आर्थिक असमानताओं के बारे में बढ़ती जागरूकता को उजागर करते हैं।

पूर्व मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र से पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के लोगों की स्थिति को सुधारने के लिए सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के अनुसार ठोस कदम उठाने की अपील की। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि यह जरूरी है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय उनकी शिकायतों का समाधान करे और यह सुनिश्चित करे कि उनके मौलिक अधिकारों को बरकरार रखा जाए।

इस कुख्यात आतंकी संगठन ने ली मॉस्को के कंसर्ट हॉल पर हमले की जिम्मेदारी

मॉस्को। इस्लामिक स्टेट ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए एक बयान में मॉस्को में हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। अपनी अमाक समाचार एजेंसी पर एक बयान पोस्ट कर संगठन ने हमले की पूरी जिम्मेदारी ली है। बयान में समूह ने कहा कि उसने रूसी राजधानी मॉस्को के बाहरी इलाके क्रास्नोगोर्स्क शहर में ईसाइयों की एक बड़ी सभा पर हमला किया, जिसमें बड़ी तादाद में लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हुए हैं। हालांकि यह अभी तक साफ नहीं है कि हमला करने वाले आतंकी किस ओर गए हैं। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने बड़ी त्रासदी बताते हुए कहा है कि रूस की शीर्ष जांच एजेंसी इस हमले को आतंकवादी हमला मानकर जांच कर रही है। इसे हमले को रूस में दो दशकों में हुआ सबसे भीषण आतंकी हमला बताया जा रहा है।

अपार्टमेंट ब्लास्ट से लेकर हवाई अड्डे पर हमले तक, रूस ने कई बार झेला है आतंकी हमलों का दंश

प्रशंसक

जब यह हमला हुआ उस दौरान वार्षिक क्रिल्या (विंग्स) उत्सव में रूस के कुछ शीर्ष बैंडों को सुनने के लिए करीब 20,000 प्रशंसक आए थे।

मास्को, एएफपी। रूस की राजधानी मास्को शुक्रवार को आतंकी हमले से दहल गई। चार से पांच अज्ञात बंदूकधारियों ने शहर के व्यस्त क्राकस सिटी कंसर्ट हाल में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमले में कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई और 145 से अधिक लोगों के घायल हो गए। वहीं, इस हमले की जिम्मेदारी कुख्यात आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने ली है। रूस में पहले भी कई आतंकी हमलो हुए हैं। आइए

डालते हैं एक नजर... दक्षिणपूर्वी मॉस्को में 13 सितंबर, 1999 को तड़के एक आठ मंजिला अपार्टमेंट में बम विस्फोट हो गया था, जिसमें 118 लोगों की मौत हो गई थी। यह हमला अपार्टमेंट पर हुए पांच हमलों में से एक था, जिसमें मॉस्को और दक्षिणी रूस में दो सप्ताह की अवधि में कुल 293 लोग मारे गए थे और 1000 से अधिक लोग घायल हुए थे। वहीं, रूस ने इस हमले के लिए चेचन्या के अलगाववादी आतंकवादियों को दोषी ठहराया। हालांकि, चेचन्या के उस समय के राष्ट्रपति ने इससे इनकार किया था। 23 अक्टूबर 2002 को एक संगीत कार्यक्रम के दौरान चेचन्या विद्रोहियों के एक समूह ने मॉस्को के डबरोव्का थिएटर पर धावा बोल दिया। विद्रोहियों ने 800 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया। चेचन्या विद्रोहियों और सुरक्षाबलों के बीच यह गतिरोध दो दिन और तीन रात तक चला। इस दौरान सुरक्षाबलों ने हमलावरों पर काबू पाने के लिए थिएटर में गैस छोड़ दिया और हमलावरों पर धावा बोल दिया। सुरक्षाबलों की इस कार्रवाई में कुल 130 बंधकों की मौत हो गई थी। अधिकतर बंधकों की मौत दम घुटने के कारण हुई थी। 5 जुलाई 2003 को दो महिला आत्मघाती हमलावरों ने मॉस्को के पास तुशिनो हवाई क्षेत्र में एक रॉक कॉन्सर्ट के दौरान खुद को उड़ा लिया। इस आत्मघाती हमले में 15 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 50 लोग घायल हुए थे। रूस ने महिला आत्मघाती हमलावरों की पहचान चेचन्या अलगाववादियों के रूप में की थी। जब यह हमला हुआ उस दौरान वार्षिक क्रिल्या (विंग्स) उत्सव में रूस के कुछ शीर्ष बैंडों को सुनने के लिए करीब 20,000 प्रशंसक आए थे। 6 फरवरी, 2004 को चेचन्या के एक समूह ने सुबह के व्यस्त समय के दौरान खचाखच भरे मॉस्को मेट्रो में बम विस्फोट किया, जिसमें 41 लोग मारे गए।

29 मार्च 2010 को दो महिला आत्मघाती हमलावरों ने मॉस्को मेट्रो में खुद को उड़ा लिया। इस आत्मघाती हमले में 40 लोगों की मौत हो गई थी। हमलावरों ने एफएसबी खुफिया सेवाओं के मुख्यालय के बगल में लुब्यंका स्टेशन को निशाना बनाया था। रूस ने दोनों हमलावरों की पहचान दागिस्तान के अस्थिर उत्तरी काकेशस क्षेत्र से थे। 24 जनवरी, 2011 को मॉस्को डोमोडेडोवो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में एक आत्मघाती हमलावर ने हमला किया, जिसमें 37 लोग मारे गए। इस हमले की जिम्मेदारी काकेशस अमीरात समूह ने ली थी।

नेस्ले ने 440,000 स्टारबक्स-ब्रांडेड मग को मंगाया वापस

न्यूयॉर्क। नेस्ले ने सर्दियों की छुट्टियों के दौरान 440,000 से अधिक स्टारबक्स-ब्रांडेड मग बेचे थे। हालांकि, कुछ उपयोगकर्ताओं के द्वारा इसके क्वालिटी की शिकायत करने के बाद कंपनी ने अपने सभी स्टारबक्स मग को वापस मांगा लिया है। अमेरिकी उपभोक्ता उत्पाद सुरक्षा आयोग ने कहा कि जब मग को माइक्रोवेव में गरम किया जाता है तो इसके टूटने के संभावना बढ़ जाती है, जिससे जलने और चोट लगने का खतरा हो सकता है। अमेरिकी उपभोक्ता उत्पाद सुरक्षा आयोग ने बताया कि नेस्ले देश भर में नवंबर से जनवरी तक मग को ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से गिफ्ट सेट के रूप में करीब 10 डॉलर, 13 डॉलर या 20 डॉलर में बेचे हैं। सुरक्षा एजेंसी ने बताया कि मग के

टूटने की 10 सूचना दर्ज की गई, जिसमें नौ गंभीर रूप से जलने और उंगलियों या हाथों पर छाले के मामले सामने आए। वहीं, अब तक इसके कुल 12 मामले सामने आए हैं। एजेंसी ने कहा कि उपभोक्ताओं को तुरंत मग का उपयोग बंद कर देना चाहिए और उन्हें खरीद के स्थान पर वापस कर देना चाहिए या पूर्ण वापसी के लिए नेस्ले यूएसए से संपर्क करना चाहिए। वहीं, कंपनी ने इस मामले पर एक बयान भी दिया है। नेस्ले ने कहा कि उपभोक्ताओं द्वारा संपर्क किए जाने के बाद इस समस्या का पता चला है, जिसके बाद इस पर तत्काल कार्रवाई की गई है और कंपनी मग को वापस लेने के लिए अमेरिकी उपभोक्ता उत्पाद सुरक्षा आयोग के साथ मिलकर काम कर रही है।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा आगामी होली पर्व के दृष्टिगत चलाये गये विशेष प्रवर्तन अभियान

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन देवाशीष उपाध्याय ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन के क्रम में आगामी होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों विशेषकर खोया, पनीर, दूध एवं दुग्ध पदार्थ से निर्मित खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति, रंगीन कचरी, पापड़, चिप्स एवं नमकीन, विभिन्न प्रकार की मिठाईयां व अन्य खाद्य पदार्थ यथा बेसन, मैदा आदि के भण्डारण/विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा 18 मार्च 2024 से चलाये जा रहे विशेष छापामार अभियान के अन्तर्गत 19 मार्च 2024 को खाद्य सचल दल द्वारा मौर्या मार्केट से दूध का 01 नमूना, यू.पी. सिंह कॉलोनी बनबिहार रोड से दूध का 02 नमूना, जगदीशपुर रेवले क्रासिंग के पास से दूध का 01 नमूना, सदर हास्पिटल के पास सहाबूद्दीपुर से बरफी का 03 नमूना, मीट मार्केट जहांगीराबाद से खोया का 01 नमूना, बरफी का 01 नमूना तथा घी का 01 नमूना, अहियापुर से पेड़ा का 01 नमूना एवं रसूलाबाद से पनीर का 01 नमूना जनहित में जांच हेतु संग्रहीत किया गया।

इस प्रकार जनपद के विभिन्न स्थानों पर स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण करते हुए मिलावट के सन्देह के आधार जनहित में विभिन्न खाद्य पदार्थों के 18 मार्च 2024 को कुल-04 नमूनें एवं 19 मार्च 2024 को कुल-12 नमूनें जांच हेतु संग्रहीत करते हुए खाद्य विश्लेषक को प्रेषित किया गया ।

समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं से अपील किया जाता है कि आप लोग खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत खाद्य कारोबार संचालन हेतु अनिवार्य वैध खाद्य पंजीकरण/खाद्य अनुज्ञप्ति अवश्यक प्राप्त कर लें तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं सम्बन्धी विनियम 2011 में विहित प्राविधानों का अनुपालन करते हुए खाद्य कारोबार का संचालन करें, अन्यथा कि स्थिति में पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध नियमानुसार सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही किया जाएगा।

अधिकारी व कर्मचारियो नें खोली होली मिलन समारोह बड़े घूम-धाम

आजमगढ। चकबन्दी विभाग जनपद के सभी अधिकारी कर्मचारीगण द्वारा होली मिलन समारोह बड़े घूम-धाम से मनाया गया। जिसमें दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएसन के अध्यक्ष,महामंत्री एवं उनके प्रतिनिधी मण्डल के साथ उप संचालक चकबन्दी मेघ वरण व बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी प्रजापति ममगई सहित चकबन्दी अधिकारीगण जितेन्द्र सिंह, वसुदेव, राकेश बहादुर सिह, सोमेशनाथ पाण्डेय, व अन्य अधिकारी,कर्मचारी के साथ गुलाल अबीर लगाकर एक दूसरे को होली शुभकामनाएं दी गयी है। इस अवसर पर प्रदीप कुमार सिंह, वसीम खा. खुर्शीद अहमद, अभिषेक सिंह व दयाराम आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्कूल में बच्चों ने खेली होली, जमकर उड़ाया अबीर-गुलाल

जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)। नगर स्थित गुरुकुल पब्लिक स्कूल शनिवार को बच्चों ने होली का उत्सव धूमधाम से मनाया। बच्चों ने अबीर -गुलाल उड़ाए और होली के गीतों पर जमकर थिरके। त्योहारों को लेकर बच्चों में खास उत्साह नजर आया। विद्यालय स्टाफ और बच्चों ने जमकर मस्ती की। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इसमें प्री नर्सरी से कक्षा पांच तक के बच्चे शामिल हुए। प्रबंधक विशंबर दुबे ने सभी बच्चों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सतर्कता के साथ होली मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली खेलते समय जानवरों को रंग न लगाएं, केमिकल वाले रंग प्रयोग न करें इस बात का ध्यान रखें कि किसी की आंखों में रंग न जाने पाए और अबीर गुलाल व सौहार्द के साथ रंगोत्सव मनाएं। इस अवसर पर प्रबंधक विशभर दुबे, शुभम, प्राचार्य शिवम, जयंत मिश्रा, करुणा पांडे, प्रियंका,दीप चंद्र, आशु मिश्र, खुशी, शिवानी, प्रिया, अर्बिया, रीता, नमन, सिद्धार्थ, पूर्णिमा शालिनी,आकांक्षा व नीतू आदि लोग मौजूद रहे।

अनियंत्रित स्कूली बस खाई में पलटने से ड्राइवर गंभीर रूप से घायल बाल बाल बचे बच्चे

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (जफराबाद) स्थानीय थाना क्षेत्र की जफराबाद बाईपास मिश्रा चौराहा के समीप इस स्कूल बस बाइक सवार को बचाने के चक्कर में गड्ढे में पलट गई ।जिसमें बस चालक घायल हो गया व कुछ बच्चों को मामूली चोटे आई। स्थानीय नगर पंचायत के ताड़तला में स्थित काली प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज की बस नंबर यूपी 62 at 7977 स्कूल से छात्रों को लेकर उनके घर छोड़ने जा रही थीं। जफराबाद बाईपास मिश्रा चौराहा के समीप बाइक सवार को बचाने के चक्कर में खाई में पलट गई ।बस में 25 के लगभग बच्चे थे जिसमें दो बच्चों को मामले छोटे आई जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया ।ड्राइवर को गंभीर चोट के कारण सीएससी नेहरू नगर में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर सीओ सदर देवेश सिंह व जफराबाद थाना अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ सिंह व चौकी प्रभारी अरविंद यादव फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी देवेश सिंह ने बताया कि बस में कुल 25 स्कूली बच्चे सवार थे। गहरे गड्ढे में गिरने के बाद भी बच्चे सुरक्षित बच गए। हालांकि बच्चों का स्कूली बैग तथा जूते बस में अभी भी पड़े हैं। घटना में केवल एक बच्चे को हल्की चोट आई है। बाकि बच्चे सुरक्षित हैं। ड्राइवर घायल है उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

विद्युत पोल पर चढ़ा संविदा कर्मचारी की हुई मौत

जौनपुर। प्राप्त समाचार के अनुसार अमित सिंह विशुनपुर लेवरुआ का निवासी हैं जो संविदा पर विशापुर पावर हाउस कर्मचारि था। जो शनिवार सुबह 9.15. लिखीत सटडाउन पर इमीलिया गांव के पास 11 हजार बोल्टेज के पोल पर चढ़ कर काम कर रहा था। कि अचानक करंट आने से झुलसकर खंभे से गीर गया। जहां ग्रामीणों में हाहाकार मच गया।जहा आनन फानन में ग्रामीणों द्वारा प्राइवेट हास्पिटल ले जाया गया।जहां डाक्टर की टीमो ने नाजुक हालत को देखते हुए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया। डाक्टरों ने मरीज को देखते हुए मृत्य घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी की तहरीर पर लाश को कब्जे में लेकर पुलिस पी. एम के लिए भेज दिया। वही पुलिस अग्रिम कार्यवाही में व्यस्त दिखी। क्षेत्र मे इस घटना को देखते हुए क्षेत्र में र्चचा का विषय बना हुआ है।

ब्लॉक स्तरीय एकदिवसीय एसएमसी कार्यशाला संपन्न

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (सिरकोनी) स्कूल प्रबंध समिति (एसएमसी) की ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बीआरसी सिरकोनी के प्रांगण में किया गया। एसएमसी उन्मुखीकरण कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए बीईओ सिरकोनी अमरेश कुमार सिंह ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम प्रधान, एसएमसी अध्यक्ष और प्रधानाध्यापक मिलकर एक टीम के रूप में काम करें ताकि विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार हो सके।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीडीपीओ मनोज कुमार सिंह ने कहा पंचायत के धन का सर्वाधिक उपयोग विद्यालय में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 19 पैरामीटर को पूर्ण करने में खर्च करें , इससे पुण्य का काम दूसरा नहीं। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने कहा कि आज की कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षा की बेहतरी के लिए सभी को मिलजुल कर काम करने की अपेक्षा से है।हमे हर मानक शीघ्र पूरे करने की दिशा में कार्य करना चाहिए।कार्यशाला को मुख्यरूप से एडीओ पंचायत सिरकोनी,कुंवर यशवंत सिंह,संजय सिंह, डॉ0 रजनीश द्विवेदी, प्रियंका मिश्रा ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय आविष्कार परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों एवम कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन शहीद दिवस की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा के साथ हुई। कार्यक्रम में बृजेश नारायण सिंह, राकेश पांडेय, प्रवीण सिंह, अमरबहादुर , ऊषा सिंह, छाया सिंह, सरिता महेंद्र सिंह,रितिका सिंह, पूनम मिश्रा, साधना चतुर्वेदी, रईस खान, ओमप्रकाश, महेंद्र सिंह, घनश्याम मौर्य, राजेश उपाध्याय, लक्ष्मी शंकर, रामकृष्ण विश्वकर्मा, पवन सिंह, अनिल कन्नौजिया सहित सैकड़ों शिक्षक , एसएमसी सदस्य एवम ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईओ अमरेश कुमार सिंह और संचालन रिचा सिंह ने किया।

डॉ. लोहिया की जयंती पर सपा कार्यालय में हुई गोष्ठी

अवधनामा संवाददाता

- सिविल लाइन्स स्थित डॉ लोहिया की प्रतिमा पर चढ़ाये फूल

प्रयागराज। समाजवाद के पुरोधा डॉ राम मनोहर लोहिया की 114वीं जयंती पर समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें उनके विचारों पर चर्चा करते हुए सपा नेताओं ने डॉ लोहिया के सिद्धांतो पर चलने का वचन दोहराया। इसके पूर्व शहर के सिविल लाइन्स स्थित डॉ लोहिया की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित उनको नमन किया गया। सपा के जिलाध्यक्ष गण अनिल यादव, पप्पूलाल निषाद, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में नेताओं ने डॉ लोहिया के जीवन के तमाम संस्मरण सुनाते हुए देश और देश की जनता खासकर शोषित, वंचित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, महिलाओं के उत्थान के बारे में उनके राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक चिंतन पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि डॉ लोहिया समाज की गैर बराबरी को दूर करने के लिए शिक्षा और आर्थिक संसाधनों में पिछड़ों को विशेष हिस्सा देकर उन्हें समाज की मुख्य धारा में जुड़े देखना चाहते थे। आरक्षण के सवाल पर उनका स्पस्ट मत था। पर्यावरण को बचाने, नदियों को साफ रखने, हिमालय की सुरक्षा, महिलाओं के अधिकार, गैर बराबरी जैसे तमाम मुद्दे रहे जिनको लेकर आजीवन संघर्ष करते रहे। वक्ताओं ने कहा कि डॉ लोहिया के सिद्धांतों को स्व मुलायम सिंह यादव ने जमीन पर उतरने का काम किया और पूरे देश में उनके विचारों को फैलाया। अब वर्तमान में सपा मुखिया प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी विचारधारा को जन जन तक पहुँचाने का काम किया जा रहा है। इस मौके पर अनिल यादव, पप्पूलाल निषाद, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, डॉ मान सिंह यादव, संदीप पटेल, नरेन्द्र सिंह, अमरनाथ सिंह मौर्य, दूधनाथ पटेल, रविन्द्र यादव, संदीप यादव, के. के. यादव, आर. एन. यादव, राजू पासी, शांति प्रकाश, राम सुमेर पाल, जगदीश यादव, अभयराज यादव, प्रभात यादव, जय शंकर भारतीय, महेन्द्र निषाद, जय शंकर भारतीय, महबूब उस्मानी, दान बहादुर मधुर, नाटे चौधरी, कुलदीप यादव, खिन्नी लाल पासी, अमर सिंह, अमित यादव, अरुण यादव, दिनेश यादव, राम अवधपाल, रंजीत सोनकर, शांति प्रकाश, गौरव वर्मा, मो गौस, सुधीर निषाद, जय सिंह यादव, विजय बहादुर पटेल, शशांक यादव आदि उपस्थित रहे।

सुदीक्षा नई राह फाउंडेशन ने खेली बच्चों संग होली

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। होली का पर्व-रंगो का पर्व विश्व में पूरे हर्ष एव उल्लास के साथ मनाया जाता है। जैसे मथुरा में भगवान श्रीं कृष्ण संग होली या अयोध्या में प्रभु श्री राम संग होली बड़ी धूम धाम के साथ मनायी जाती है । उसी प्रकार सुदीक्षा नई राह फाउंडेशन के द्वारा होली का यह सुंदर पर्व बच्चो के संग मनाया गया साथ ही सारे बच्चों में गुजिया गुलाल बांटे गए एवं जिन बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति दी उन बच्चों को पुरस्कार भी अतिथियों द्वारा दिया गया। होली समारोह में शहर के कई अतिथियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें पूनम तिवारी सुमन सिंह अमित लता सिंह पूजा सिंह शिखा पांडे शानवी अंकित सिंह अवनीश उपाध्याय उपस्थित रहे।

हर साल एनजीओ यह रंगो का पर्व बच्चो संग मानते हैं। आपकी अपनी एनजीओ है जो दिन रात मानवता की सेवा पुरी शिद्दत से करती आ रही है । आपको बता दे यह संस्था पिछले कई वर्षों से शिक्षा से वंचित बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने का कार्य आजमगढ़ के गौरी शंकर घाट पर करती आ रही है। संस्था की सचिव साक्षी पांडे ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी साथी साथ अन्य सदस्यों ने बच्चों को होली के पावन पर्व के बारे में जानकारी दें। कार्यक्रम में संस्था के सदस्य हर्ष जयसवाल अंशुमन राय सारिका दुबे आदित्य चौधरी जलज कृष्णा चौधरी श्रद्धा पल्लवी स्मिता उपाध्याय शरमीन आलोक सुधा पांडे आदि लोग उपस्थित रहे।

प्रदेश में है गैर संवेदनशील सरकारः सपा

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। समाजवादी शिक्षक सभा उ0 प्र0 के पदाधिकारियों के नेतृत्व में प्रयागराज के विभिन्न यूपीबो्ड के मूल्यांकन केंद्रों पर जाकर मूल्यांकन कार्य तब तक बंद कराने का अनुरोध किया गया है। जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला जाता। सभी शिक्षकों ने सरकार की संवेदनहीनता पर अआश्चर्य जाहिर करते हुए दुःख व्यक्त किया। एक शिक्षक जिसकी अपने कर्तव्य के निर्वहन में पुलिस कर्मी द्वारा निर्मम हत्या कर दी जाती है, सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। राजकीय इंटर कॉलेज, प्रयागराज में जिला विद्यालय निरीक्षक से वार्ता हुयी पर वे किसी निष्कर्ष पर पहुंचने मेंअसमर्थ रहे। समाजवादी शिक्षक सभा उ0 प्र0 के पदाधिकारियों ने महामहिम आपको सम्बोधित प्रदेश के कई जिलों में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपें। आज घटना के एक सप्ताह बाद भी उ0 प्र0 सरकार ने परिवार के साथ न्याय करने हैतु कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उपरोक्त गंभीर प्रकरण पर सरकार यदि पीड़ित परिवार को 2 करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता और मृत शिक्षक कीपत्नी को नौकरी का लिखित आश्वासन यथाशीघ्र नहीं देती है, पीड़ित शिक्षक के परिवार को जल्द से जल्द न्याय नहीं मिलता और मांग नहीं मानी जाती तो समाजवादी शिक्षक सभा उप्र के सभी पदाधिकारी संवैधानिक रूप से आंदोलनकरने को मजबूर होंगे।

इलाहाबाद -झॉसी खंड स्नातक क्षेत्र से एमएलसी डॉ0 मान सिंह यादव और प्रदेश अध्यक्ष व सपा के पूर्व शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी डॉ0 एस0 पी0 सिंह पटेल के नेतृत्व में समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष जंगबहाद्र सिंह पटेल, प्रदेश सचिव उदय राज यादव, जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, तेज बहादुर भारतीय सहित दर्जनों शिक्षकगण मौजूद रहे।

अतीक अहमद के फाइनेंसर माशूक प्रधान को नहीं मिली जमानत

प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद के फाइनेंसर और कुख्यात अपराधी असरौली गांव के प्रधान माशूक उर्फ माशूकुद्दीन को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। गैंगस्टर के मामले में कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। बेटे शाहेजमन और भतीजे असलूब की जमानत अर्जी भी कोर्ट ने खारिज कर दी। डेढ़ दर्जन मुकदमों में आरोपी माशूक का नाम एनकाउंटर स्पेशलिस्ट इंस्पेक्टर के बेटे की हत्या में भी नाम सामने आया था। धूमनगंज में इंस्पेक्टर के बेटे की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के असरौली गांव के प्रधान माशूकउद्दीन का घर पीडीए ने उमेश पाल ही हत्या के बाद जमींदोज कर दिया था। वह एनकाउंटर स्पेशलिस्ट इंस्पेक्टर राम नवमी यादव के बेटे बलवंत यादव की हत्या में नामजद हुआ था।

खाद्य पदार्थों की शुद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने छापे मारी कर लिए 08 नमूने

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। होली पर्व के दृष्टिगत आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ तथा जिलाधिकारी आजमगढ़ के आदेश के क्रम में जनपद में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो की विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु खोया, पनीर, दुग्ध उत्पाद से निर्मित खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति, विभिन्न प्रकार की कचरी, पापड़, चिप्स एवं नमकीन, विभिन्न प्रकार की मिठाईयॉ, अन्य खाद्य पदार्थ यथा बेसन, मैदा आदि के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु आम जनमानस को खाद्य पदार्थो की शुद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने हेतु आज खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा संदेह के आधार पर खाद्य पदार्थो के कुल 08 नमूने संग्रहित किया गया। आज मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में जीयनपुर बाजार के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से 01 छेना रसगुल्ला, 01 बर्फी एवं 01 लड्डू का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा गया। दूसरी टीम द्वारा बूढ़नपुर चौराहा से 02 रसमलाई व कर्बला चौराहा से 01 खोया, 01 छेना व 01 छेना मिठाई तथा करतालपुर से 01 छेना रसगुल्ला का नमूना लिया गया। होली अभियान में कुल 51 खाद्य पदार्थो के नमूनें संकलित कर प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। खाद्य कारोबारकर्ताओं को प्रतिष्ठान में साफ-सफाई रखने का निर्देश दिए तथा मिठाई विक्रेताओं को सभी मिठाईयों पर अनिवार्य रूप से उपयोग की तिथि अंकित करने का आदेश दिये गए। सहायक आयुक्त (खाद्य)-आजमगढ़ सुशील कुमार मिश्र ने बताया कि छापेमार कार्यवाही त्यौहार के दृष्टीगत अनवरत रूप से जारी रहेगी एवं आम जनमानस से अपील की गयी कि वे पैक्ड खाद्य सामग्री लेने से पहले उसकी बेस्ट बिफोर एवं एक्पायरी डेट जांच परख करने के पश्चात् ही क्रय करें तथा चमकीली एवं रंगीन मिठाईयों से परहेज करें।

याद किए गए शहीदे आजम भगत सिंह

आजमगढ़। राहुल चिल्ड्रेन इंग्लिश मीडियम एकेडमी रैदोपुर आजमगढ़ के बच्चों ने शहीद दिवस के पावन अवसर पर प्रभात फेरी निकाली। गगनभेदी नारा लगाते हुए बच्चे डी0ए0वी के रास्ते से कलेक्टरी होते हुए त्रिमूर्ति तिराहा पर पहुंचे, वहाँ भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया और बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कक्षा 7 वीं की छात्रा मुकुल राय ने भगत के संघर्षों पर अपना विचार रखा और आलोक, सुहानी और आयुष कश्यप ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। इसी क्रम में विद्यालय के उपप्रबंधक अनिल चतुर्वेदी ने भगत सिंह को भारत का ही नहीं पाकिस्तान का भी महानायक बताया,और इनके बताए गए रास्ते पर चलने की अपील किया। इस रैली में प्रबंधक डॉ रवींद्रनाथ राय, प्रधानाध्यापिका श्रीमती मीनू राय, बृजेश, मृत्युंजय, कंचन, नीरज आदि लोग उपास्थित रहे।

तीर्थ क्षेत्र घोषित होने की तरफ श्रृंगवेरपुर धाम

- कुंभ नगरी प्रयागराज में योगी सरकार के 6 साल में आस्था और विरासत को मिला सम्मान
- मंदिरों का कायाकल्प और सौंदर्यीकरण ,प्रमुख मंदिरों के कॉरिडोर का निर्माण ने धर्मस्थलों के नए कीर्तिमान गढ़े गए

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। संगम नगरी प्रयागराज की योगी सरकार के 6 साल के कार्यकाल में नई पहचान मिली है। शिक्षा के साथ अब इसकी पहचान आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन के हब में भी होने लगी है। महाकुंभ के दिव्य , भव्य और नव्य आयोजन ने इसे विश्व पटल पर अलग पहचान दी है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने प्रयागराज को आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन के रूप में अलग पहचान दिलाई है । इसके लिए एक तरफ जहां वैदिक कालीन मंदिरों का कायाकल्प और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है । प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि जनपद के वैदिक कालीन मंदिरों को भव्य स्वरूप दिया गया है। इसके लिए ? 70 करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट पर काम प्रगति पर है । जिन प्रमुख मंदिरों के कायाकल्प और सौंदर्यीकरण के लिए इसमें शामिल किया गया है उसमे नागवासुकी मंदिर, दशाश्वमेध मंदिर, श्री मनकामेश्वर मंदिर और श्री अलोपशंकर देवी मंदिर, शामिल हैं।

प्रयागराज में तीन धार्मिक कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है, जो महाकुंभ से पहले बनकर तैयार हो जायेंगे। इसके तहत कुंभ क्षेत्र की सीमा में आने वाले प्राचीन पौराणिक धार्मिक स्थल, अक्षय वट, पाताल पुरी और सरस्वती कूप को जोड़कर अक्षय वट कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। संगम किनारे स्थित लेटे हनुमान मंदिर के लिए सरकार अक्षय वट हनुमान मंदिर कॉरिडोर का निर्माण करा रही है। सेना और कुंभ मेला प्राधिकरण के साझा प्रयास से इसे धरातल पर उतारा जा रहा है।

प्रयागराज के ऋषि भारद्वाज आश्रम को सनातन संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक माना गया है जो कई मंदिरों का समूह है। यहां भारद्वाज आश्रम कॉरीडोर का निर्माण हो रहा है । इसके लिए योगी सरकार ने 13.35 करोड़ से अधिक के बजट को मंजूरी दी है।

वर्ष 2017 से पहले उपेक्षित रहे प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई पहचान दी है। योगी सरकार सामाजिक समरसता के प्रतीक इस स्थान को धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के साथ जोड़ कर विकसित कर रही है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि प्रयागराज में गंगा नदी के तट पर स्थित श्रृंगवेरपुर धाम का कायाकल्प किया जा रहा है जिसका 70 फीसदी काम पूरा हो चुका है। इसके अंतर्गत यहां ?3132.06 लाख की लागत से निषाद राज पर्यटन पार्क स्थल का निर्माण कार्य दो फेज में किया जा रहा है। निषादराज पार्क (फेज-1) के निर्माण हेतु 1313.16 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति हुई थी जिसमे अब तक 842.99 लाख की धनराशि अवमुक्त हो चुकी है। इसमें निषादराज एवं भगवान श्रीराम मिलन की मूर्ति की स्थापना व मूर्ति का कार्य सम्मिलित हैं।

श्रृंग्वेरपुर में निषादराज गुह्य सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना हेतु संस्कृति विभाग की तरफ से की जा रही है। इसके लिए 2034.80 लाख की लागत के सापेक्ष 1957.61 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। भगवान प्रभु राम से जुड़े स्थलों को चिह्नित करने के बाद उन्हें रामायण सर्किट के रूप में पर्यटन के मानचित्र पर स्थान दिया जा रहा है। योगी सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना राम वन गमन पथ इसी का एक हिस्सा है जो धीरे -धीरे मूर्त रूप लेने लगी है। पांच चरणों में 177 किलोमीटर का फोरलेन राम वन गमन पथ का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है।

बौद्ध टूरिज्म डेस्टिनेशन का रूप ले रही है कौशांबी

प्रयागराज। बौद्ध नगरी कौशाम्बी को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अपने 6 वर्ष के कार्यकाल में नई पहचान दी है। अपने अतीत में सभ्यता और समृद्धि का इतिहास समेटे 14 महाजनपद काल में वत्स राज्य की राजधानी कौशांबी को उत्तर प्रदेश का पर्यटन विभाग बौद्ध तीर्थ के रूप में विकसित कर रहा है । इसके लिए बुद्धा थीम पार्क के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि कौशाम्बी के कोसम इनाम गाँव को पर्यटन विभाग बौद्ध तीर्थ क्षेत्र के रूप में विकसित कर रहा है। इसे बौद्ध सर्किट से जोड़ने के लिए यहां पर 11 हेक्टेयर में बुद्धा थीम पार्क का विकास किया जा रहा है। इसका प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। सरकार की तरफ से इसके लिए ?26 करोड़ का बजट मिल चुका है। इस पार्क में ओपन एयर थियेटर, महात्मा बुद्ध के जीवन पर आधारित संग्रहालय, बुद्ध पर आधारित म्यूरल्स, थीमेटिक गेट, कैफेटेरिया और ठहरने के लिए गेस्ट हाउस का निर्माण किया जाएगा। पर्यटकों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पर्यटन विभाग इस क्षेत्र में टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का विकास कर रहा है। इसके अलावा कोसम इनाम गांव में ही 51 फीट ऊंची महात्मा बुद्ध की कांस्य प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है। ललित कला अकादमी 1125.01लाख की लागत से इसका निर्माण कर रही है। पूरे इलाके को बौद्ध संरक्षित क्षेत्र बनाने के लिए इसे प्राधिकरण क्षेत्र घोषित किये जाने की योजना है।

होली पर कवि सम्मेलन और मुशायरा का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। सुनहरी क्लब एवं प्रधान डाकघर मनोरंजन क्लब के द्वारा कवि सम्मेलन कविता पाठ और मुशायरे का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त डीआईजी श्री प्रकाश मिश्रा और विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष लालू मित्तल रहे। सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अनेक सुप्रसिद्ध कवि साहित्यकार शामिल रहे। मुख्य अतिथि ने स्वर्गीय अशोक कुमार स्नेही को याद करते हुए उनके कविता और साहित्य पर प्रकाश डाला और उनको नमन करते हुए प्रतिवर्ष आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की। विशिष्ट अतिथि लालू मित्तल ने कहा कविता वही लिख सकता है जिसने संवेदना होती है और पाठक भी वही होता है जिसमें संवेदनशीलता होती है। आज की इस भागती दौड़ती दुनिया में आदमी संवेदनहीन हो चुका है। कार्यक्रम में सभी की प्रति आभार प्रकट करते हुए अनेक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने के अपरेंट नंदिता धर्म ने सभीका धन्यवाद अर्पित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप सेअनेक साहित्यकार कवि श्री प्रकाश मिश्रा, शारदा किंचन श्रीवास्तव, राजेश वर्मा, शिवमंगल सिंह, मानव राकेश , प्रियंका, एस खान, अश्विन राम, ईश्वर चंद्र शुक्ला, विमल गुप्ता केके श्रीवास्तव, पदमा बनारसी आदि लोग उपस्थित रहे। शहर उत्तरी के विधायक हर्षवर्धन बाजपेई अनुपस्थित रहने के बाद भी उन्होंने प्रशस्ति पत्र भेज कर सभी को अपने प्रतिनिधि विमल गुप्ता द्वारा सम्मानित किया।

भारत ने प्याज के निर्यात पर जारी प्रतिबंध अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाया

नई दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार देर रात जारी एक आदेश में कहा है कि प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध अगली सूचना तक लागू रहेगा। सबसे बड़े प्याज उत्पादक राज्य महाराष्ट्र के कुछ थोक बाजारों में प्याज की कीमतें दिसंबर के 4,500 रुपये से घटकर 1,200 रुपये (14 डॉलर) प्रति 100 किलोग्राम हो गई हैं।

भारत ने प्याज के निर्यात पर अपने प्रतिबंध को अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया है। आम चुनाव से पहले सरकार के इस कदम से विदेशी बाजारों में प्याज की कीमतों में इजाफा हो सकता है। दुनिया के सबसे बड़े प्याज निर्यातक भारत द्वारा दिसंबर में लगाया गया प्रतिबंध 31 मार्च को समाप्त होने वाला था। इससे पहले व्यापारियों ने अनुमान लगाया था कि इसे हटा दिया जाएगा क्योंकि निर्यात प्रतिबंध लागू होने के बाद से स्थानीय कीमतें आधी से कम हो गई हैं और इस सीजन के

उत्पाद की ताजा आपूर्ति भी शुरू हो गई है।

हालांकि, सरकार ने शुक्रवार देर रात जारी एक आदेश में कहा है कि प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध अगली सूचना तक लागू रहेगा।

मुंबई की एक निर्यात कंपनी के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, ÷नई फसल से बढ़ती आपूर्ति के साथ गिरती कीमतों को देखते हुए यह विस्तार आश्चर्यजनक और पूरी तरह अनावश्यक है।÷ सबसे बड़े प्याज उत्पादक राज्य महाराष्ट्र के कुछ थोक बाजारों में प्याज की कीमतें दिसंबर के 4,500 रुपये से घटकर 1,200 रुपये (14 डॉलर) प्रति 100 किलोग्राम हो गई हैं।

देश में 19 अप्रैल से उसके बाद सात सप्ताह के दौरान आम चुनाव होने हैं। बांग्लादेश, मलेशिया, नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश प्याज की आपूर्ति में अपनी जरूरतों को पूरा करने में भारत से आयात पर निर्भर हैं। इनमें से कई देश इस प्रतिबंध के बाद से उच्च कीमतों से जूझ रहे हैं।

मुंबई स्थित एक निर्यात कंपनी के एक अन्य अधिकारी ने कहा, ÷भारत के इस कदम से प्रतिद्वंद्वी निर्यातकों को अधिक कीमतें मिल रही हैं, क्योंकि खरीदारों के पास कोई विकल्प नहीं है।÷ व्यापारियों का अनुमान है कि भारत से कई बाजारों में चीन या मिस्र जैसे प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में कम समय में प्याज आयात होता है। एशियाई देशों द्वारा किए जाने वाले सभी प्याज आयात में भारत का हिस्सा आधे से अधिक है। भारत ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में रिकॉर्ड 2.5 मिलियन मीट्रिक टन प्याज का निर्यात किया था।

विदेशी मुद्रा भंडार 6.4 अरब डॉलर बढ़कर रिकॉर्ड स्तर के करीब

नई दिल्ली। देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गया।?15 मार्च को समाप्त सप्ताह में यह भंडार 6.39 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 642.492 अरब डॉलर पहुंच गया।?इससे पहले अक्तूबर, 2021 में देश के पास रिकॉर्ड 645 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार था।?हालांकि, वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की गिरावट को थामने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया, जिससे मुद्रा भंडार में कमी आई थी। आरबीआई के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 15 मार्च वाले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा संपत्तियां 6.03 अरब डॉलर बढ़कर 568.38 अरब डॉलर पर पहुंच गईं।?इससे एक सप्ताह पहले विदेशी मुद्रा भंडार 10.47 अरब डॉलर बढ़कर 636.095 अरब डॉलर पहुंच गया था। आरबीआई के मुताबिक, 15 मार्च वाले सप्ताह के दौरान देश का स्वर्ण भंडार का मूल्य 42.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 51.14 अरब डॉलर पहुंच गया।

मोरबी पुल हादसा मामले में ओरेवा के एमडी जयसुख पटेल को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने शर्तों के साथ दी जमानत

नई दिल्ली। गुजरात के मोरबी में अक्टूबर 2022 एक पुल के गिरने से 135 लोग मारे गए थे। ओरेवा नामक कंपनी 2008 से पुल का प्रबंधन कर रही थी। कंपनी ने मरम्मत के बाद 2022 में दिवाली से पहले इसे नागरिकों के लिए खोल दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ओरेवा समूह के प्रबंध निदेशक जयसुख पटेल को सख्त शर्तों पर रिहा करने का आदेश दिया। उन पर अक्टूबर 2022 में मोरबी पुल ढहने की घटना के संबंध में ट्रायल कोर्ट द्वारा फैसला किया जाना है। अक्टूबर 2022 में हुए हादसे में 135 लोग मारे गए थे। ओरेवा नामक कंपनी 2008 से पुल का प्रबंधन कर रही थी। कंपनी ने मरम्मत के बाद 2022 में दिवाली से पहले इसे नागरिकों के लिए खोल दिया था।

पटेल की भूमिका अधिक जांच के दायरे में आ गई क्योंकि उन्होंने पुल को फिर से खोलने की घोषणा करने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की थी। लेकिन पुल को खोलने से पहले मरम्मत कार्य सही तरीके से किया गया है किया नहीं इस संबंध में कोई प्रमाण पत्र नहीं

लिया गया।

पटेल 14 महीने से जेल में हैं। पटेल को जमानत देते हुए न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पीड़ित के रिश्तेदारों की इस दलील पर विचार किया कि वह एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और इस मामले में पीड़ित के रिश्तेदारों का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील उत्कर्ष दवे को पुलिस सुरक्षा की आवश्यकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया, यह राज्य का कर्तव्य है कि वह मुकदमे के समापन तक वकील को दिए गए संरक्षण को जारी रखे। संबंधित पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी उक्त अधिवक्ता के खतरे की आवधिक समीक्षा करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह निडर होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में सक्षम रहें, क्योंकि वे पीड़ितों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

कांग्रेस अच्छी तरह स्थापित एक 'कंपनी' की तरह, भाजपा एक 'स्टार्टअप' है, बोले जयराम रमेश

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव रमेश ने कहा कि 'करिश्माई नेता' की धारणा पर विश्वास करना एक ''खतरनाक अवधारणा'' है क्योंकि ऐसा करना 'डेमागॉग' में विश्वास करना है। 'डेमागॉग' एक ऐसे नेता को कहते हैं जो तर्कसंगत बातों के बजाय आम लोगों की इच्छाओं और पूर्वाग्रहों के जरिये अपने लिए समर्थन चाहता है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अपनी पार्टी की वापसी की उम्मीद जताते हुए कहा है कि देश का सबसे पुराना दल एक ऐसी 'स्थापित कंपनी' की तरह है जिसके 'मार्केट कैप' में उतार-चढ़ाव होते रहते हैं। उन्होंने भाजपा को एक 'स्टार्टअप' करार दिया।

रमेश ने ''पीटीआई'' कार्यालय में समाचार एजेंसी के संपादकों एवं पत्रकारों के साथ बातचीत में इस बात पर भी जोर दिया कि चुनावी सफलता के लिए संगठनात्मक शक्ति का होना जरूरी है। साथ ही, उन्होंने इस धारणा को भी खारिज कर दिया

कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'करिश्माई नेतृत्व' भारतीय जनता पार्टी की सफलता का कारण है।

कांग्रेस महासचिव रमेश ने कहा कि 'करिश्माई नेता' की धारणा पर विश्वास करना एक ''खतरनाक अवधारणा'' है क्योंकि ऐसा करना 'डेमागॉग' में विश्वास करना है। 'डेमागॉग' एक ऐसे नेता को कहते हैं जो तर्कसंगत बातों के बजाय आम लोगों की इच्छाओं और पूर्वाग्रहों के जरिये अपने लिए समर्थन चाहता है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने इस बात पर जोर दिया कि पार्टी में पीढ़ीगत बदलाव और नए चेहरों की जरूरत है। रमेश ने कहा कि कांग्रेस में यह मुश्किल है क्योंकि लोग लंबे समय से पार्टी में हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, ''भाजपा के लिए यह आसान है क्योंकि आप जानते हैं कि भाजपा कई राज्यों में एक 'स्टार्टअप' है। आप भाजपा को एक स्टार्टअप के रूप में देखते हैं, कांग्रेस एक स्टार्टअप नहीं है, कांग्रेस एक अच्छी तरह से स्थापित कंपनी है जिसके 'मार्केट कैप' में उतार-चढ़ाव होता रहता है।''

रमेश के अनुसार, एक 'स्टार्टअप' बहुत सारे लोगों को समाहित करने में सक्षम है, ऐसे में जिस व्यक्ति को कांग्रेस में टिकट नहीं मिलता, वह भाजपा में शामिल हो जाता है इसलिए कई राज्यों में कांग्रेस का नुकसान यह है कि वह दशकों से मौजूद है।

उन्होंने कहा कि किसी स्थान पर जमे रहने का एक नुकसान यह है कि आप नए लोगों को आने का मौका नहीं दे पाते। कांग्रेस महासचिव ने कहा, ''लेकिन, यह धीरे-धीरे हो रहा है, यह कुछ राज्यों में हो रहा है। यह निश्चित रूप से तेजी से होना चाहिए।''

केंद्रीय नेतृत्व के बारे में पूछे जाने पर रमेश ने कहा कि कांग्रेस एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसका निर्वाचित अध्यक्ष है। रमेश ने कहा, ''आपके पास शीर्ष पर करिश्माई नेतृत्व हो सकता है, लेकिन अगर जिला स्तर पर, ब्लॉक स्तर पर और राज्य स्तर पर आपके पास मध्यस्थता, कलह को संभालने और लोगों को एकसाथ लाने की व्यवस्था नहीं है तो कोई भी व्यक्ति फर्क नहीं डालने वाला है।''

चीन के वाणिज्य मंत्री से मिले एपल के सीईओ टिम कुक, शंघाई में नए स्टोर की ओपनिंग

नई दिल्ली। एपल सीईओ से मुलाकात के बाद वांग ने कहा कि चीन-अमेरिका के बीच आर्थिक और व्यापारिक सहयोग द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक स्थिर शक्ति है। चीन दोनों देशों के बीच व्यापार सहयोग के लिए एक निष्पक्ष, स्थिर और अनुमानित वातावरण बनाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ काम करने के लिए तैयार है। कुक के अगले सप्ताह बीजिंग में चीन विकास मंच में भाग लेने की उम्मीद है। चीन के वाणिज्य मंत्री वांग वेंताओ ने शुक्रवार को एपल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टिम कुक से मुलाकात की। दोनों लोगों ने चीन में एपल के विकास और चीन-अमेरिका आर्थिक व व्यापार संबंधों पर अपने विचार साझा किए। यह बैठक कुक द्वारा शंघाई में एपल का सबसे नया स्टोर खोलने के एक दिन बाद हुई। फोन निर्माता एपल चीन में आईफोन की बिक्री में गिरावट और हुआवेई जैसे घरेलू प्रतिद्वंद्वियों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा से जूझ रहा है। वांग ने कहा कि चीन-अमेरिका के बीच आर्थिक और व्यापारिक सहयोग द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक स्थिर शक्ति है। चीन दोनों देशों के बीच व्यापार सहयोग के लिए एक निष्पक्ष, स्थिर और अनुमानित वातावरण बनाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ काम करने के लिए तैयार है। कुक के अगले सप्ताह बीजिंग में चीन विकास मंच में भाग लेने की उम्मीद है। इस दौरान शीर्ष चीनी नीति निर्माताओं के साथ विदेशी कंपनियों के सीईओ की एक सभा होगी। चीन के वाणिज्य मंत्री का एपल सीईओ टिम कुक के साथ यह मुलाकात भारत के दृष्टिकोण से भी काफी अहम है। चीन में विनिर्माण से जुड़ी ज्यादातर कंपनियां चाइना प्लस वन नीति के तहत विकल्प के तौर पर भारत जैसे देशों की ओर देख रही है। इससे चीन में बाहरी कंपनियों के निवेश में बहुत हद तक कमी आई है। ऐसे में चीन के नीति निर्माताओं की विदेशी कंपनियों के अधिकारियों से मुलाकात के क्या मायने निकलते हैं, यह देखने वाली बात होगी।

पीएम आवास योजना के तहत 3.36 करोड़ घर बने, अगले पांच वर्षों में दो करोड़ और घर देने का दावा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार की सभी के लिए आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएम-आवास) के तहत अब तक लगभग 3.36 करोड़ घरों का निर्माण किया गया और लाभार्थियों को सौंप दिया गया। ये घर संयुक्त रूप से ग्रामीण और शहरी लाभार्थियों को सौंपे गए हैं। 18 मार्च तक उपलब्ध आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 2.55 करोड़ और शहरी क्षेत्रों में 81.55 लाख आवास इकाइयां बनाई गईं।

25 जून, 2015 को शुरू की गई, पीएम आवास योजना 31 मार्च, 2024 को समाप्त होनी थी। सरकार ने इसका विस्तार करने का एलान किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1 फरवरी, 2024 को पेश किए गए 2024-25 के लिए केंद्र सरकार के अंतरिम बजट में अगले पांच वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में 2 करोड़ अतिरिक्त घरों की घोषणा की है। सीतारमण ने 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा था, परिवारों की संख्या में वृद्धि से उत्पन्न आवश्यकता को पूरा करने के लिए अगले पांच वर्षों में दो करोड़ और घरों का निर्माण किया जाएगा।

सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा भारत का विदेशी मुद्रा भंडार, अब इतने अरब डॉलर बढ़ गया खजाना

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर ताजा आंकड़े जारी किए गए हैं। इन आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार चौथे सप्ताह धनवर्षा हुई है। 15 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 642.49 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है। यह अब तक का सबसे उच्च स्तर है। सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा कोष में 6.396 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई। यह जानकारी शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई।

भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया कि एक सप्ताह पहले भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 10.47 अरब डॉलर बढ़कर 636.095 अरब डॉलर हो गया था। कुल मिलाकर देखें तो बीते दो हफ्तों में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में करीब 16.86 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में फॉरेन करेंसी एसेट्स यानी विदेशी मुद्रा आस्तियां भी 6.034 अरब डॉलर बढ़कर 568.386 अरब डॉलर तक पहुंच गई हैं। फॉरेन करेंसी एसेट्स को विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माना जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी भी दी कि 15 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के गोल्ड रिजर्व की कीमत 42.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 51.14 अरब डॉलर हो गई है। रिजर्व बैंक ने बताया कि इस दौरान एसडीआर में भी बढ़ोतरी देखने को मिली, जो कि 6.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.276 अरब डॉलर हो गया है। उधर अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष आईएमएफ के पास भारत का आरक्षित जमा फॉरेक्स रिजर्व 12.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.689 अरब डॉलर हो गया है।

फ़ज़ल ने डचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (डीएमडी) के खिलाफ अपने 5 वर्षीय बेटे की लड़ाई के लिए समर्थन मांगा

लखनऊ। फज़ल अपने 5 वर्षीय बेटे, यूनुस के लिए जीवन रक्षक उपचार सुरक्षित करना चाह रहे हैं, जिसे डचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (डीएमडी) का निदान किया गया है। यह दुर्बल स्थिति यूनुस के जीवन को खतरे में डालती है, और परिवार इम्पैक्ट गुरु के माध्यम से उसके इलाज के लिए तत्काल समुदाय से सहायता मांग रहा है।

डीएमडी एक दुर्लभ और क्रूर आनुवंशिक विकार है जो धीरे-धीरे मांसपेशियों को कमजोर कर देता है, जिससे अक्सर जीवन-घातक जटिलताएं पैदा होती हैं। चुनौतियों के बावजूद, फ़ज़ल अपने बेटे को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करने के अपने दृढ़ संकल्प पर अटल है। परिवार की उम्मीदें अब एक अभूतपूर्व जीन थेरेपी इंजेक्शन पर टिकी हैं, जिसे एलेविडिस के नाम से जाना जाता है, जिसे यूनुस के छह साल का होने से पहले दिया जाना आवश्यक है।

हालाँकि, इस उपचार के लिए 26 करोड़ रुपये की चौंका देने वाली लागत परिवार की वित्तीय क्षमता से कहीं अधिक है। शुरुआती इलाज में अपने संसाधन ख़त्म होने के बाद, फ़ज़ल और उनका परिवार अब ज़रूरत के समय में सहायता के लिए समुदाय की ओर रुख कर रहे हैं।

हार्दिक निवेदन में, फज़ल ने यह सुनिश्चित करने के लिए करुणा और एकजुटता के महत्व पर जोर दिया कि यूनुस को वह उपचार मिले जिसकी उसे तत्काल आवश्यकता है। हर योगदान, आकार की परवाह किए बिना, उनके जीवन में गहरा बदलाव लाने की क्षमता रखता है।

फ़ज़ल कहते हैं, हम केवल वित्तीय सहायता के लिए नहीं, बल्कि करुणा और एकजुटता के लिए एक गंभीर अनुरोध के रूप में आप तक पहुंच रहे हैं। आपकी उदारता न केवल वित्तीय बोझ को कम करेगी बल्कि हमारे परिवार में नई जान भी फूंकेगी।

दान की सुविधा के लिए, supportyunusv~@yesbankld नाम से एक UPI खाता स्थापित किया गया है।

सैमसंग टेक-सेवी भारतीय उपभोक्ताओं के लिए एआई और हाइपर कनेक्टिविटी का तोहफा लेकर आएगा: जेएच हान

मुंबई। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के वाइस चेयरमैन, सीईओ और डिवाइस एक्सपीरियंस डिवीजन के हेड जोंग-ही (जेएच) हान ने स्टोर के उद्घाटन के बाद जियो वर्ल्ड प्लाजा, मुंबई में सैमसंग बीकेसी का पहली बार दौरा किया। उन्होंने अपने टेक-सेवी उपभोक्ताओं के लिए एआई और हाइपर कनेक्टिविटी लाकर भारतीय बाजार के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने उपभोक्ताओं को टेलीविजन और डिजिटल उपकरणों से लेकर स्मार्टफोन तक अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में सैमसंग के नए एआई इनोवेशन का अनुभव करने के लिए आमंत्रित किया। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के वाइस चेयरमैन, सीईओ और डिवाइस एक्सपीरियंस डिवीजन के हेड जोंग-ही (जेएच) हान ने कहा ÷एआई लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में सुधार लाने के लिए कनेक्टेड टेक्नोलॉजीज को सक्षम बनाएगी और हमेशा बैकग्राउंड में रहेगी तथा दूसरों को

कोई नुकसान नहीं पहुंचाएगी। खुले सहयोग के अपने मॉडल के साथ, हम अपने सभी उपभोक्ताओं के लिए एआई और हाइपर-कनेक्टिविटी लाना चाहते हैं। भारत एआई के लिए अगला बड़ा मैदान है और हमारा प्रमुख सैमसंग बीकेसी स्टोर हमारे एआई फॉर ऑल नजरिए का प्रतीक है। ये वन सैमसंग का प्रदर्शन करेगा। स्टोर के विभिन्न जोन में, उपभोक्ता हमारे एआई नजरिए को वास्तविकता में देख सकते हैं और यह अनुभव कर सकते हैं कि स्मार्ट और बेहतर अनुभव हमारे जीने के तरीके को फिर से कैसे परिभाषित करेंगे।

इस साल की शुरुआत में, हान ने सीईएस में सैमसंग के एआई फॉर ऑल विज़न को पेश किया था जिसमें दिखाया गया था कि कैसे एआई लोगों को अपने उपकरणों को पहले से कहीं अधिक सहज और सुविधाजनक तरीके से इस्तेमाल करने की सुविधा देगा। अपने एआई फॉर ऑल विजन के तहत, सैमसंग ने जनवरी में अपनी नई गैलेक्सी स-24 स्मार्टफोन सीरीज में गैलेक्सी एआई की पेशकश की थी।

हान ने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है और यह सैमसंग के लिए एक बड़ा अवसर प्रदान करता है।

हान ने कहा भारत में टेक-सेवी युवा उपभोक्ताओं की एक बड़ी आबादी है जो हमें कुछ नया करने के लिए प्रेरित करती है। यहां, हजारों उद्यमशील युवा एआई जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को दुनिया के सामने लाने के लिए हमारे आरएंडडी सेंटर्स पर काम करते हैं। हमें उन पर गर्व है। सैमसंग ने हाल ही में लाइफस्टाइल एक्सपीरियंस स्टोर सैमसंग बीकेसी का उद्घाटन किया था जहां उपभोक्ता वन सैमसंग का अनुभव ले सकते हैं। इसमें सैमसंग के नए एआई इनोवेशंस शामिल हैं। यहां यह देखा जा सकता है कि कंपनी के कनेक्टेड डिवाइस इकोसिस्टम को एआई कैसे शक्ति प्रदान करता है।

होली को दीजिये सेहत से भरा ट्विस्ट: त्यौहार के लिये बादाम को अपना भरोसेमंद स्नैक

कानपुर। होली एक खुशनुमा त्यौहार है, इस मौके पर अपने प्रियजनों के साथ उपहारों का आदान-प्रदान करना और स्वादिष्ट पकवानों पर टूट पड़ना लोकप्रिय परंपरा है। ऐसे में मुट्ठीभर बादाम को अपने आहार में शामिल करने से स्वाद तो बढ़ेगा ही, सेहत को फायदे भी मिलेंगे। इस तरह से उत्सव संतुलित और मजेदार हो जाएगा।बादाम 15 अनिवार्य पोषक-तत्वों का स्रोत होते हैं, जैसे कि विटामिन 'ई' मैग्नीशियम, प्रोटीन, राइबोफ्लेविन और ज़िंक। चाहे आप उपहार के तौर पर दें, पारंपरिक रेसिपीज में शामिल करें या स्नैक के रूप में मजा लें, बादाम समृद्धि और तंदुरुस्ती का प्रतीक होती हैं। उनका शानदार स्वाद और उन्हें चबाने से मिलने वाला संतोष होली के कई पकवानों के फ्लेवर में चार चांद लगा सकता है, जैसे कि मीठी गुजिया या स्वादिष्ट आलमंड चाट। और तो और, बादाम का उपहार सेहत और प्रसन्नता की शुभकामनाएं देता है। होली के त्यौहार में बादाम को शामिल करने से हर कोई सेहतमंद जीवनशैली को अपनाते हुए इस मौके का आनंद बढ़ा सकता है।

होली के उत्सव पर अपने विचार रखते हुए, बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान ने कहा अपने परिवार के लिये आमंड ब्रिटल बनाना मेरी परंपरा है। वह स्वाद और पोषण का एक खुशनुमा संगम होता है। यह डेज़र्ट न सिर्फ त्यौहार को लेकर हमारा मजा बढ़ा देता है, बल्कि शक्कर वाली चीजों का बेहतर विकल्प देकर सेहत भी बेहतर बनाता है।''

मैक्स हेल्थकेयर- दिल्ली में डायटेटिक्स की रीजनल हेड ऋतिका समद्दर ने कहा, ''होली मनाने के दौरान स्नैक्स को लेकर सोच-समझकर फैसले करने से हमारी सेहत पर बड़ा असर हो सकता है। अस्वास्थ्यकर स्नैक्स के बजाए बादाम जैसे पोषक विकल्पों को चुनकर आप न सिर्फ त्यौहार का उत्साह बढ़ा सकते हैं, बल्कि अपनी सेहत भी अच्छी कर सकते हैं। बादाम अच्छे फैट्स और प्रोटीन्स से भरी होती हैं। वह वजन कम करने वाले मील प्लान के लिये आदर्श हैं। उनसे संतोष और पोषक-तत्व मिलते हैं। इसके अलावा, अध्ययन बताते हैं कि अपने दैनिक आहार में बादाम को शामिल करने से डीस्लिपिडेमिया को कम करने में मदद मिल सकती है। यह कार्डियोवैस्कुलर डिसीज के जोखिम का एक कारण होता है। इस तरह होली के जश्न में बादाम को शामिल करने का महत्व पता चलता है। मैं और मेरा परिवार सोच-समझकर होली के पकवानों का लुत्फ उठाते हैं और मुट्ठीभर बादाम से अपनी स्वाद इंद्रियों को आनंद देते हैं। हम न केवल त्यौहार की खुशी मनाते हैं, बल्कि अपनी सेहत का भी ध्यान रखते हैं।''

होली के दौरान त्वचा की सेहत को बनाये रखने के बारे में त्वचा विशेषज्ञ एवं कॉस्मेटोलॉजिस्ट डॉ. गीतिका मित्तल गुप्ता ने कहा, ''होली के दौरान सावधानियाँ रखना महत्वपूर्ण है, क्योंकि चटकीले रंग त्वचा को नुकसान पहुँचा सकते हैं। त्यौहार के दौरान इस्तेमाल होने वाले सिंथेटिक डाइज में अक्सर कठोर केमिकल्स होते हैं। इनसे खुजली, रूखापन और एलर्जिक रियेक्शन होते हैं, खासकर संवेदी त्वचा को। मेरी सलाह है कि उत्सव के बाद त्वचा को हल्के-फुल्के और हाइड्रेटिंग क्लीनजर के साथ सौम्यता से साफ करना चाहिये। इस तरह प्राकृतिक तेलों को हटाये बिना रंग और पसीना निकल जाएगा। इसके अलावा, मैं पूरी त्वचा को मॉइश्चराइज करने की सलाह देती हूँ। खूब पानी भी पीना चाहिये, ताकि हाइड्रेशन बना रहे और त्वचा की मरम्मत हो सके। इसके अलावा, अपने आहार में मुट्ठीभर बादाम शामिल करने चाहिये। बादाम में विटामिन 'ई', कॉपर, ज़िंक और पॉलीफेनॉल्स होते हैं, जो त्वचा की सेहत को सुधारने में योगदान दे सकते हैं।''

न्यूट्रीशन एण्ड वेलनेस कंसल्टेन्ट शीला कृष्णस्वामी ने कहा, ÷त्यौहारों और खास मौकों के वक्त बादाम सार्थक और शुभ उपहारों का काम करते हैं। उनमें उपहार देने वालों का अपने प्रियजनों के प्रति स्नेह और फिक्र झलकती है।

फेक न्यूज़ फ़ैक्टरियों की एनाटॉमी: ब्रांड्स को होने वाले नुकसान का खुलासा

आज के डिजिटल युग में, फेक न्यूज़ का प्रसार एक खतरनाक समस्या बन गयी है, जो व्यक्ति, संस्था और यहां तक कि पूरे उद्योगों को नष्ट कर सकता है। इस महामारी की समस्याओं में वे ब्रांड भी शामिल हैं, जो अक्सर गलत जानकारी के जाल में फंस जाते हैं, जिससे उनकी प्रतिष्ठा ख़राब होती है और ग्राहकों का भरोसा कम होता है।फेक न्यूज़ फ़ैक्टरियाँ गुप्त तरीके से काम करती हैं, सोशल मीडिया, क्लिक बेट हेडलाइन और वायरल कंटेंट का उपयोग करके चौंका देने वाली झूठी जानकारी फैलाते हैं। ये फैक्ट्रियां ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म की अंतर्निहित कमजोरियों का फायदा उठाती हैं, जहां सनसनीखेज खबरे अक्सर सटीकता पर हावी हो जाती है, और गलत जानकारी जंगल की आग की तरह फैलती है। डॉ. मीना मेहता, एसोसिएट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ पोस्ट ग्रेज्युएट स्टडीज एंड रिसर्च इन होम सायन्स और डिपार्टमेंट ऑफ फूड सायन्स एंड न्यूट्रिशन, एस.एन.डी.टी. वुमन युनिव्हर्सिटी में वर्तमान में विजिटिंग फैकल्टी के पद पर कार्यरत हैं, उन्होंने कहा ÷हम पाम ऑयल के संबंध में गलत जानकारी से उत्पन्न चुनौतियों को पहचानते हैं। गलत जानकारी का प्रसार न केवल ग्राहकों को गुमराह करता है बल्कि

MPOC

पाम ऑयल उद्योग की ईमानदारी को भी खतरे में डालता है। गलत जानकारी के जाल को खत्म करने के लिए एकजुट होना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हम सटीक, वैज्ञानिक रूप से समर्थित जानकारी के प्रसार के लिए काम करते हैं, जो ग्राहकों को अच्छी तरह से सूचित निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाता है। गलतफहमियों को दूर करके और खुले संवाद को बढ़ावा देकर, हम भारत के विविध उद्योगों को समृद्ध करते हुए पाम ऑयल के योगदान, फायदे और टिकाऊ प्रथाओं के बारे में अधिक विस्तृत जानकारी दे सकते हैं।।

फेक न्यूज़ के प्रभाव का एक ज्वलंत उदाहरण तब सामने आया जब हांगकांग की एक मल्टीनेशनल कंपनी डीपफेक टेक्नोलॉजी का उपयोग करके 25.6 मिलियन डॉलर के चौंका देने वाले घोटाले का शिकार हो गई। आधुनिक धोखाधड़ी रणनीति के परिष्कार को रेखांकित करते हुए, एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कर्मचारियों से बात की गई।

अन्य क्षेत्र भी फेक न्यूज़ के घातक प्रसार का शिकार हुए हैं। उदाहरण के लिए, सॉफ्ट ड्रिंक्स रातों-रात दांत खराब कर सकता है, यह समझ कई बार गलत साबित होने के बावजूद कायम है, जो ग्राहकों में गलत सूचना को फैलाते है।

पाम ऑयल उद्योग के ब्रांड के लिए, वनों की कटाई और श्रमिकों के शोषण के झूठे आरोपों से ग्राहक शोषण और आर्थिक नुकसान हो सकता है।

24 घंटे के भीतर महिला की हत्या का खुलासा, प्रेमी ही निकला कातिल

किसी दूसरे से अवैध संबंध होने की बात कबूलवा रहा था प्रेमी

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र बसडीला गांव के रामजानकी मंदिर के पास शुक्रवार को गेहूं की खेत से एक महिला का अर्धनग्न शव पुलिस ने बरामद किया था। हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि महिला की हत्या उसके प्रेमी ने अवैध संबंध में गला दबाकर अपने दो अन्य साथियों के साथ किया है। पुलिस तीनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

शनिवार को घटना का खुलासा करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि अभियुक्त गुड्डु का मृतका पिंकी से अवैध सम्बन्ध था। बीते 21 मार्च को मृतका को गुड्डु बुला कर ले गया था तथा मृतका से कहने लगा कि तुम्हारा मेरे सिवाय किसी

घटना का खुलासा करते सीओ अभिषेक प्रताप

और से भी सम्बन्ध है, इसी बात को लेकर मृतका से कहा सुनी होने लगी जिस पर मृतका शोर मचाने लगी।

इस वजह से अभियुक्त गुड्डु ने अपने अन्य सहयोगी विश्वजीत व संदीप के साथ मिलकर मृतका का गला दबा कर हत्या कर दिया। इस मामले में तुर्कपट्टी थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0 87/24 धारा 302 भादवि से संबंधित अभियोग में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दिनांक 22 मार्च 2024 को एक महिला की हत्या कर शव को फेंक दिया गया था।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल द्वारा घटना को तत्काल संज्ञान लेकर, पुलिस टीमों का गठन कर

फिर घटना को दिया अंजाम

घटना के शीघ्र अनावरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे जिसके क्रम में शनिवार को थाना तुर्कपट्टी, स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा खरदर पुल के पास से 24 घण्टे के अन्दर घटना का सफल अनावरण कर घटना मे सम्मिलित तीन शातिर अभियुक्तों गुड्डु चौहान पुत्र शिवसरन निवासी श्रीपतखाड़ टोला दमवतिया थाना तुर्कपट्टी कुशीनगर, विश्वजीत चौहान उर्फ गांधी पुत्र मलिक प्रसाद निवासी रुदवलिया थाना तुर्कपट्टी कुशीनगर व संदीप चौहान पुत्र राजेश चौहान निवासी रुदवलिया थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया गया।

दहेज हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार, तीन गिरफ्त से बाहर

अवधनामा संवाददाता

फाजिलनगर, कुशीनगर। चौराखास पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि शेष आरोपियों के गिरफ्तारी में जुटी हुई है। उक्त थाना क्षेत्र भानपुर में बीते शुक्रवार की रात्रि एक नव विवाहिता का संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पिता ने पति, सास, ससुर तथा ननद के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दिया था जिसके अनुसार पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुट गई थी। घटना के बाद ससुराली घर छोड़कर फरार हो गए थे। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर मृतका के पति आजाद अंसारी को बाढू चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस सम्बंध थानाध्यक्ष चंद्रभूषण प्रजापति ने बताया की मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा बाकी आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

वृहद रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। अमर बलिदानी स्वर्गीय भगत सिंह जी, राजगुरू एंव सुखदेव जी के बलिदान दिवस के अवसर पर गुरू श्री गोरक्षनाथ रक्त कोष में एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इन तीनों बलिदानी वीरों के बलिदान दिवस के अवसर पर गुरू श्री गोरक्षनाथ रक्त कोष के प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने इन महात्माओं के प्रति अपनी अश्रुपूर्ण श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए। उन्होंने आगे बताया कि मात्र 23 साल की उम्र में देश के लिए अमर होने वाले तीनों क्रांतिकारी वीर भी थे। भगत सिंह के लिए क्रांति का अर्थ अन्याय से पैदा हुए हालात को बदलना था। जिस दिल में देश के लिए मर-मिटने का जज्बा होगा, उस दिल में इन तीन वीरों का नाम होगा। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्यालय के निदेशक मेजर जनरल डॉ. दिपचन्द ठाकुर ने उन वीरों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किए तथा उन्होंने बताया कि भगत सिंह ने क्रांतिकारी आंदोलन को एक नई दिशा दी। उनका तत्कालीन लक्ष्य ब्रिटिश

साम्राज्य का विनाश करना था। ऐसे काल में जब गांधी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ही देश की स्वतंत्रता के लिए एक मात्र विकल्प के रूप में प्रस्तुत किये जा रहे थे, तब अपनी दूरदर्शिता और संकल्प के कारण राष्ट्रीय आंदोलन के दूसरे नेताओं से हटकर जाने जानेवाले भगत सिंह एक नयी सोच के साथ एक दूसरे विकल्प के रूप में उभर कर देश के सामने आये। इस अवसर पर उपस्थित ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. ममता जयसवाल भी उपस्थित रही। उन्होंने रक्तदाताओं को रक्तदान से संबंधित आवश्यक जानकारीयों एंव सावधानियों से अवगत कराया, उनकी उपस्थिति से रक्त दाताओं में भारी उत्साह वर्धन हुआ तथा रक्तदान के संबंध में अनावश्यक भ्रांतियों को भी दूर किया गया। इस अवसर पर कुल 30 रक्त दाताओं ने रक्तदान किया जैसे- निरज गुप्ता, राजबहादुर, शशि, रोहित कुमार, राजन, राकेश, गौरव, अश्वनी पाण्डेय तथा अन्य लोगो ने रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में रक्त कोष टेक्नीशियन अमित मिश्रा, चन्द्रेश्वर, जसवीर सिंह, निधि नायक, गार्गी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर चिकित्सालय के चिकित्सक गण भारी संख्या में रक्तदाता तथा नगर के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। रक्त दाताओं के रक्तदान के उपरांत सम्मान पत्र, की रिंग, मग से सम्मानित किया गया तथा स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम के अतं मे चिकित्सालय के अपर निदेशक डॉ. कामेश्वर सिंह ने उपस्थित समस्त रक्तदाताओं तथा नगर के गणमान्य व्यक्तियों, चिकित्सक गण का हृदय से आभार व्यक्त किए तथा धन्यवाद ज्ञापित किए।

वार्षिकोत्सव में पुरस्कृत हुए मेधावी छात्र-छात्राएं

अवधनामा संवाददाता

अहिरौली बाजार, कुशीनगर। सुकरौली विकास खण्ड क्षेत्र के अहिरौली बाजार, बेन्दुआर में स्थित जीएस वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक गिरजेश सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कॉलेज के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। छात्र-छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंत में विद्यालय के संरक्षक जयराम सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल पाण्डेय ने किया।

इस दौरान विद्यालय के अध्यापक संजय मोदनवाल अध्यापिका गोल्डी सिंह शिवदयाल सर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष अयोध्या भाई जितेश उपाध्याय पवन तिवारी मन्टूल तिवारी सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं व अभिभावकगण उपस्थित रहे।

सांसद ने खेली पत्रकारों संग होली

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। पडरौना नगर के एक होटल में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय सांसद विजय कुमार दुबे द्वारा आयोजित किए गए होली मिलन कार्यक्रम में अबीर-गुलाल और फूलो की होली खेली गई। होली मिलन समारोह मे आयोजक सांसद विजय दूबे ने जिले भर के पत्रकारों का स्वागत व शुभकामनाए देते हुऐ कहा होली वैमनस्य भुला कर पारस्परिक प्रेम सौहार्द बढ़ाने का पर्व है। उन्होने कहा की आज हम सब राष्ट्र विकास में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास रंगों को अपनाने का संकल्प लेते आगे बढ रहे हैं। होली भाईचारे का पर्व है।

आपस में मिल-जुलकर होली मनाने में

- पेश किया पांच साल का रिपोर्ट कार्ड
- होली मिलन समारोह में पत्रकारों को सांसद ने किया सम्मानित

सुखद अनुभूति होती है। इससे समाज में भाईचारा भी कायम रहता है। इस दौरान सांसद श्री दूबे ने पत्रकारों के बीच अपने पांच साल का रिपोर्ट कार्ड रखते हुए कराए गए तमाम विकास कार्यो पर चर्चा की। अंत में पत्रकारों के साथ अबीर-गुलाल लगाकर फूलो की होली खेली गई। इस अवसर मिथिलेश्वर पाण्डेय, ओमप्रकाश द्विवेदी, ज्योतिभान मिश्रा, संजय चाणक्य, कृष्ण मोहन पाण्डेय, अशोक शुक्ला, मनीष मिश्रा, अजय मिश्रा बीबी त्रिपाठी, दीपक

अवधनामा के ब्यूरो चीफ शकील अहमद को सम्मानित करते सांसद

मिश्रा, आरके भट्ट, शम्भू मिश्रा,कुन्दन मिश्रा, पवन मिश्रा, हेमंत चौरसिया, प्रमोद गोड, शैलेन्द्र गुप्ता, संतोष गोड, परमेश्वर यादव, अजय त्रिपाठी, विनय उपाध्याय, विष्णु श्रीवास्तव, शकील अहमद, शाजिद अंसारी, गौरीशंकर गुप्ता, आदित्य श्रीवास्तव, उपेन्द्र कुशवाहा, सत्येन्द्र पाण्डेय, अभय मिश्रा, अशोक सिंह, उपेन्द्र तिवारी, राजेन्द्र गुप्ता, मो. नईम, संजय पाण्डेय, दीपक जायसवाल, उमर फारुख, मुकेश पटेल, विष्णु प्रभाकर, प्रदीप यादव, तेज नारायण श्रीवास्तव टीपू सुल्तान, अजित कुमार भोलू, सुनील मिश्रा, संतोष मिश्र, नीरज साहा के अलावा आयोजक मण्डल के नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, चिंटू शुक्ला, रितिक सिंह, हेमंत मिश्रा, आकाश वैभव, विजय पाण्डेय, रत्नेश पाण्डेय समेत जिले भर प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के लोग उपस्थित रहे।

रोजा इफ्तार पार्टी में दिखी गंगा जमुनी तहजीब

कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो। पूरे देश में मुसलमानों का पाक महीना रमजान माह की शुरुआत हो चुकी है। हर मुसलमान रोजा रख रहा है खुदा की इबादत और गरीबों की मदद में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहा है। ऐसे में कुशीनगर के दरोगाडीह में भी रोजदारों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन हुआ जिसमें गंगा जमुनी की तहजीब देखने को मिली। ज्ञात हुआ की समाजसेवी टीपू सुल्तान के तरफ से शाम को अपने गांव दरोगाडिह के मस्जिद के प्रांगण में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया था जहां सैकड़ों लोगों ने इफ्तार में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस इफ्तार पार्टी में हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक और सपा नेता उदय नारायण गुप्ता भी शामिल हुए और भाईचारगी का परिचय देते हुए गंगा जमुनी तहजीब को आगे बढ़ाने का काम किया। डॉक्टर उदय नारायण गुप्ता ने बताया की आज इस देश में नफरत की राजनीति हो रही है और नफरत के बीच ऐसे आयोजन ही मोहब्बत का बढ़ावा देगा उन्होंने इसके लिए आयोजन कमेटी को धन्यवाद भी ज्ञापित किया। इस आयोजन में मुख्य रूप से जिला पंचायत प्रतिनिधि डॉक्टर इरफान, पत्रकार आसिफ खान, प्रधान आलमगीर खान, शम्स रजा शमसी आदि लोग उपस्थित होकर रोजा खोला और भारत देश की तरक्की और आपसी भाईचारा के लिए दुआएं मांगी।

खोया के प्रतिदिन बढ़ रहे हैं दाम फिर भी नहीं शुद्धता की गारंटी

उरई (जालौन)। होली के मौके पर हर घर में मुख्य पकवान खोया की गुजिया बनती है। घर घर गुजिया बनने के कारण हर व्यक्ति खोया खरीदता है। खोया की बढ़ती मांग के चलते खोया के दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। 300 रूपए प्रति किलोग्राम बिकने वाला खोया 400 तक पहुंच गया। इसके बाद भी भी शुद्धता की कोई गारंटी नहीं है। त्योहार पर मिष्ठान्न बनाने की पुरानी परम्परा है। होली पर घर में मेदा, बेसन के व्यंजनों के साथ खोया से बनने वाली मिठाई भी खूब बनायी जाती है।गुलाब जामुन के बाजार में पैकेट उपलब्ध होने के बाद भी लोग के बने गुलाब जामुन बनाना ज्यादा पसंद करते हैं। इसके साथ ही होली के मुख्य पकवान गुजिया में खोया का प्रयोग होता है। खोया की बढ़ती का खोया व्यापारी भरपूर लाभ उठा रहे हैं। अभी तक 300 रूपए किलोग्राम में बिकने वाला खोया 400 रूपय तक पहुंच गया है। मजे की बात यह है कि कीमत बढ़ने के बाद भी शुद्धता की कोई गारंटी नहीं है। अभी त्योहार में 2 दिन का समय है।

डीएम व एसएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। रविवार को होलिका दहन समिति के तत्वाधान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निकाली जाने वाली शोभायात्रा के मार्ग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर निरीक्षण किया।

इस दौरान ड्रोन कैमरे से मुख्यमंत्री योगी के शोभायात्रा के मार्ग का भी जायजा लिया गया। जिसमें कुछ लोगो के छतों पर इट पत्थर पाये गये। जिसको हटाने के लिए सम्बंधित थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया। इसके अलावा एसएसबी जवानों के साथ सभी मार्गो का निरीक्षण किया गया।

आपको बता दे कि 24 मार्च को होलिका दहन समिति के द्वारा पाण्डेयहाता से निकलने वाली शोभायात्रा में गोरक्षपीठाधीश्वर व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। यह शोभायात्रा कई वर्षो से निकाली जाती है। शोभायात्रा पाण्डेयहाता से घंटाघर, नार्मल, मदरसा चौक, घासीकटरा, ईदगाह रोड, आर्यनगर, नखास चौक, घंटाघर होते हुए पाण्डेयहाता पर समाप्त होगी। जिसके बाद होलिका दहन देर रात 12.23 से 1 बजे के बीच जलाया जायेगा। इस अवसर पर एसपी सीटी कृष्ण कुमार विश्नोई, सीओ कोतवाली राजघाट थाना प्रभारी कोतवाली थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी भी शामिल रहे।

रंगों के त्यौहार होली को लेकर सजे बाजार

अमेठी। आपसी भाईचारे का प्रतीक रंगों के पवित्र त्यौहार होली को लेकर जनपद में बाजार सज गये हैं। त्यौहार को लेकर लोगों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है बाजारों में महंगाई को दरकिनार कर जमकर खरीददारी हो रही है।आर्थिक तंगी से गुजर रहे लोग त्यौहार के उत्साह में महंगाई को दरकिनार कर जमकर खरीददारी कर रहे हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार खाद्य तेल वनस्पति घी सूजी मैदा मेवा गुझिया आदि की सामग्री के मूल्यों में कोई खास अंतर नहीं हैं। वही पिचकारी रंग अबीर और गुलाल काफी मंहगे हुये हैं। त्यौहार के उत्साह में लोग पूरी तरह से तैयारी में हैं।होलिका लगाने की भी लोग तैयार करने में जुटे है।जो निर्धारित मुहूर्त में जलाई जाएगी। वहीं बाजारों में इन दिनों नकली खाद्य सामग्री जैसे खोवा आदि की बिक्री भी चरम पर हो रही है। मिलावटी रंगों की भी भरमार दिखाई दे रही है लोगों के स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल न पड़े इसके लिए स्थानीय प्रशासन को सक्रिय होकर इसकी जांच की भी जरूरत है।

शहादत दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

मुंशीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता। शहीद-ए-आजम भगतसिंह सुखदेव और राजगुरू के 93वें शहादत दिवस पर शनिवार को महापद्मनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ने संजय गांधी अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। अस्पताल के सीईओ अवधेश शर्मा ने सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और रिबन काटकर शिविर का उद्घाटन किया गया। इसमें कुल 25 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। हास्पिटल की तरफ से रक्तदानियों को उपहार प्रमाण-पत्र एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए एम डब्ल्यू ओ संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि आजादी की लड़ाई में हमारे देश के शहीदों ने प्राणों की आहुति देकर सम्पूर्ण देश को एक दिशा दी। हमें भी देश सेवा के लिए कृत संकल्पित होना चाहिए। एक स्वस्थ व्यक्ति साल में चार बार रक्तदान कर कई लोगों की जान बचा सकता है। आज क्रान्तिकारी शहीदों की याद में रक्तदान करने वाले सभी साथियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता हूं। रक्तदान करने वालों में पुष्पा शर्मा उपेन्द्र शुक्ल महामंत्री बार एसोशियेशन कैलाश शुक्ल सुधा शर्मा दिव्यांशी शर्मा रंजीत कुमार शर्मा प्रवीन कुमार शर्मा चन्द्रशेखर शर्मा राम नेवल बृजेश कुमार वर्मा आशीष कुमार वर्मा बजरंग राजू दीपक कुमार अर्जुन सिंह मुकेश कुमार नवीन सिंह विकास शर्मा श्रीकांत शर्मा रईस अहमद, योगेन्द्र शर्मा सन्दीप शर्मा अम्बिका प्रसाद शिवम् शर्मा संजीत शर्मा विशाल कुमार गुप्ता शामिल रहे।

बाजारों में जमकर हो रहा प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग

अमेठी। प्रतिबंधित पॉलिथीन के प्रयोग आज भी बाजारों में धड़ल्ले से होते दिखाई दे रहे हैं। इन दिनों त्योहारों का समय है किराने की दुकानों सहित फलों और सब्जियों की दुकानों पर बड़ी तादाद में इनका प्रयोग किया जा रहा है। जनपद में स्थानीय प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली के कारण प्रतिबंधित पॉलिथीन के प्रयोग पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। दुकानदार ग्राहकों को धड़ल्ले से प्रतिबंधित पॉलिथीन में सामान की बिक्री कर रहे हैं। वहीं बाजारों में प्रतिबंधित पॉलिथीन की बिक्री भी जारी है। पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार का उठाया गया कदम लक्ष्य की ओर बढ़ता नहीं दिख रहा है। प्रतिबंधित पॉलिथीन के प्रयोग से होने वाले नुकसान के प्रति जनमानस को जागरूक करने के लिए जो कदम उठाया गया वह नाकाफी साबित हो रहा है। लिहाजा आम आदमी प्रतिबंधित पॉलिथीन में सामान लेने से परहेज भी नहीं कर रहा है। ठेला खोमचा सहित किराना आदि की दुकानों के अलावा सब्जी विक्रेता भी प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग जमकर कर रहे हैं।

भक्तों की सरलता सहजता पर रीझते हैं भगवान : आचार्य विनोद

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। क्षेत्र के ग्राम सभा परमेश्वरपुर में डीहबाबा के स्थान पर आयोजित श्रीविष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा विशाल आयोजन में कथाव्यास आचार्य विनोद शास्त्री जी महाराज ने व्यासमंच से कहा कि जिस प्रकार स्वांस आपके शरीर को चलाता है, ठीक उसी प्रकार विश्वास आपके संबंधों को चलाता है। बनावट, मिलावट, सजावट से दूर बच्चों की भांति,सरल-सहज ईश्वर में पूर्ण विश्वास ही सच्ची भक्ति है।

जैसे बच्चे को खेलते हुए कभी-कभी माता-पिता हवा में उछाल देते हैं। उछालनें पर बच्चा रोता नहीं है। बल्कि खिलखिला के हंसता है।क्योंकि बच्चे को माता पिता पर पूरा भरोसा होता है कि वे उसे गिरने नहीं देंगे। वल्कि गिरने से पहले बचा लेंगे । ठीक ऐसे ही अपने भगवान पर एक भक्त विश्वास करता है। भक्त के मन में भगवान के प्रति किसी भी प्रकार का संदेह नहीं होता है। हस्तिनापुर के भरे सभागार में जब रानी द्रोपदी के वस्त्र पापी दुःशासन द्वारा खींचा जा रहा था। तो उस समय निर्बल अबला रानी द्रोपदी अपनी लाज बचाने के लिए पूर्ण विश्वास के साथ करुण भाव से भगवान द्वारिकाधीश को पुकारीं हे नाथ मेरी रक्षा करो, भक्त की करुण पुकार सुनते ही क्षणभर में भगवान बस्त्रावतार लेकर अपने भक्त की लाज बचा ली। ऐसे ही अनेका नेक संकटों से भक्त प्रहलाद की रक्षा की। भगवान में विश्वास होना चाहिए। एक मंदिर के द्वार पर एक गरीब बालक फूल माला बेचा करता था, उसके पांव में जूते नहीं थे। धरती गर्म थी, बच्चा छटपटा रहा था। लोग मोलभाव करके फूल माला खरीद रहे थे। एक दयालु इंसान ने बच्चे के पीड़ा का अनुभव किया।

यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के जांच में मिल रहे 200 और 500 के नोट

कुशीनगर। यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं में परीक्षकों को 100 से लेकर 500 तक के नोट मिल रहे हैं। सबसे ज्यादा धनराशि भौतिक विज्ञान, गणित व रसायन विज्ञान की उत्तर पुस्तिकाओं में मिल रही हैं। कुछ परीक्षार्थी अपनी उत्तर पुस्तिका में प्रश्नों के उत्तर की जगह लिखे हैं कि गुरुजी ज्यादा नहीं लिखा, भविष्य मत खराब कीजिएगा, ये मिठाई के पैसे हैं। ऐसी मनुहार से यूपी बोर्ड मूल्यांकन कर रहे परीक्षक भी हैरान हैं। इन उत्तरपुस्तिकाओं में मिलने वाले नोट 100 से लेकर 500 रूपए के नोट मिले हैं। सबसे ज्यादा धनराशि कठिन विषयों भौतिक विज्ञान, गणित व रसायन विज्ञान की उत्तर पुस्तिकाओं में मिल चुकी है। जिले में महावीर इंटर कॉलेज फाजिलनगर व श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज हाटा को हाईस्कूल और उदित नारायण इंटर कॉलेज पडरौना व बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर को इंटर की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं में नोट मिलने से कुछ परीक्षक चौंक गए, तो कुछ की हंसी छूट गई।

आईटीएम गीडा के बच्चो ने आविष्कार किया श्रीराम और राधे कृष्ण नाम की पिचकारी

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। गोरखपुर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर के कंप्यूटर साइंस सेकेण्ड ईयर की दो छात्रा प्रीति रावत और निखिल गुप्ता नें इन्नोवेशन सेल के समन्यवक विनीत राय के निर्देशन मे होली के पवन अवसर पर भगवान श्री राम व राधे कृष्ण नाम से चलने वाली खास पिचकारी बनाया है। ये पिचकारी भगवान श्रीराम और राधे कृष्णा के नाम सें रंगों की बौछार करता है। छात्रों नें विशेष रूप से इस राधे-राधे व श्रीराम नाम सें चलने वाली वॉइस पिचकारी को खास दिव्यांग लोंगो के लिये बनाया हैं। पिचकारी में 2 लीटर का वाटर टैंक लगा है। यह पिचकारी 3.7 वोल्ट बैटरी सें संचालित होता है एक बार चार्ज करने पर चार सें पांच घंटे तक रंगों की बौछार कर सकता है द्य इस वॉइस पिचकारी का रेंज 10 सें 20 मीटर के करीब है। इसे बनाने मे मात्र 6 दिनों का समय लगा 350 रूपये का खर्च आया है तथा इसे बनाने मे वॉयस मॉडुल, रिले मॉडुल 5 वोल्ट, 6 वोल्ट वाटर पम्प, प्लास्टिक कैंटेनर इत्यादि उपकरणों का प्रयोग किया गया हैं। संस्थान के निदेशक डॉ0 एन के सिंह नें बताया होली रंगों के साथ प्रेम और भाईचारे का भी त्यौहार है। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने छात्रों कि इस उपलब्धि पर बधाई देते होते प्रसन्नता व्यक्त किया।

किसानों का हाथ मजबूत होगा तभी देश होगा मजबूत : पवन कुमार मिश्र

अवधनामा संवाददाता

सलेमपुर। सलेमपुर के सिंचाई विभाग स्थित डाकबंगले पर भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी ने एक दूसरे को केसरिया गुलाल लगाकर होली के पावन पर्व की

- भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

शुभकामनाऐं दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि किसानों की वास्तविक होली 8 जून के बाद मनाई जाएगी,जब देश में एक बार फिर तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनेगी।

उन्होंने कहा कि होली पर्व सभी देशवासियों के लिए गम भूलाकर आपस में मिलने और आपसी उमंग को

साझा करने का त्योहार है। कार्यकर्ताओं को एकजुटता के लिए समाज के साथ मिलकर त्योहार मनाने का आह्वान किया एवम किसानों की खुशहाली के लिए कामना की। उन्होंने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है। किसान हितैषी भाजपा सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की अंतिम पंक्ति में खड़े किसान भाईयों तक योजनाओं की जानकारी दें एवं सभी योजनाओं का किसान भाईयों को लाभ दिलाये। उन्होंने कार्यकर्ताओ को होली के पर्व की शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि किसानों का हाथ मजबूत होगा तभी देश मजबूत होगा। उक्त अवसर पर जिलामंत्री अभिषेक जायसवाल, हृदयालाल शर्मा, काशीपति शुक्ल, कन्हैया जायसवाल ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। उक्त अवसर पर जयप्रकाश शाह, अमित सिंह पंवार, अजय दुबे वत्स, रत्नेश मिश्र, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, गब्बर दुबे, सत्यप्रकाश सिंह, हर्षवर्धन पाण्डेय, भान प्रताप सिंह, अनूप मिश्रा, दीपक श्रीवास्तव, श्रवण, सुमन्त चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ स्टैटिक सर्विलांस टीमों का प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता

आदर्श आचार संहिता को लागू कराने की होगी जिम्मेदारी

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से जनपद में विधानसभावार गठित किये गये स्टैटिक सर्विलांस टीमों का कलेक्ट्रेट सभागार बहराइच में प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण सत्र को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि एस.एस.टी. की जिम्मेदारी है कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अत्यधिक प्रचार खर्चो, घूस की वस्तुओं का नकद या वस्तु के रूप में वितरण, अवैध हथियारों, गोला बारूद, मदिरा या असामाजिक तत्वों आदि की आवाजाही पर निगरानी रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गयी मानक प्रचालन प्रक्रिया का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे।

डीएम ने कहा कि सभी एस.एस.टी. टीमें व्यय संवेदनशील बस्तियों में चेक पोस्ट स्थापित कर अपने क्षेत्र में अवैध शराब, रिश्वत की वस्तुओं या भारी मात्रा में नकदी, हथियार एवं गोला-बारूद के लाने एवं ले जाने तथा असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर नजर रखेंगी। टीमों को निर्देश दिया गया है कि जांच के लिए की जाने वाली सम्पूर्ण प्रक्रिया की अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी करते हुए उसका वीडियो तैयार करेंगी या सीसीटीवी में पूरी जॉच प्रक्रिया को रिकार्ड करेंगे। डीएम ने बताया कि टीम में तैनात मजिस्ट्रेटों की जिम्मेदारी होगी कि प्रत्येक दिन आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में जिला निर्वाचन अधिकारी व अन्य को दैनिक कारगुज़ारी की रिपोर्ट प्रेषित करेंगे।

प्रशिक्षण के दौरान डीएम द्वारा एस.एस. टीमों को इस बात की सख्त हिदायत दी गयी है कि कार्यकारी मजिस्ट्रेट की गैर मौजूदगी में कोई जॉच की कार्यवाही नहीं करेंगे। जॉच प्रक्रिया की वीडियोग्राफी के दौरान दिनांक, स्थान एवं टीम संख्या की पहचान के निशान के साथ तैयार किया गया वीडियो/सीसीटीवी का रिकार्ड अगले दिन रिटर्निंग आफिसर को उपलब्ध कराया जायेगा। इस प्रकार के रिकार्ड पूरी तरह से संरक्षित रखें जायेंगे ताकि आयोग द्वारा बाद में आवश्यकता पड़ने पर सत्यापन किया जा सके। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि जांच के दौरान यदि, अभ्यर्थी, उसके एजेंट, या पार्टी कार्यकर्ता को ले जाने वाले किसी वाहन में रू. 50,000/- से अधिक की नकदी पायी जाती है या वाहन में पोस्टर या निर्वाचन सामग्री या कोई ड्रग्स, शराब, हथियार अथवा रू. 10,000/- के मूल्य से अधिक की ऐसी उपहार वस्तुएं ले जाती हुई पायी जायेंगी, जिनका इस्तेमाल निर्वाचकों को प्रलोभन दिए जाने की संभावना हो या वाहन में कोई अन्य गैर-कानूनी वस्तुयें पायी जाती हैं तो वे जब्त किए जाने की शर्त के अधीन होंगी। जांच किये जाने और जब्ती के सम्पूर्ण घटनाक्रम को वीडियो/सीसीटीवी में दर्ज किया जाएगा जो रिटर्निंग अधिकारी को प्रतिदिन प्रस्तुत किया जाएगा। यदि कोई स्टार प्रचारक अनन्य रूप से अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए 1 लाख रू. तक की नकदी ले जा रहा है, या कोई दलीय पदाधिकारी दल के कोषाध्यक्ष के उस प्रमाण-पत्र, जिसमें धनराशि और उसके अभिप्रेत उपयोग को उल्लेख किया गया हो, के साथ नकदी ले जा रहा हो तो स्थैतिक निगरानी दल में प्राधिकारीगण प्रमाण-पत्र की एक प्रति रख लेंगे और नकदी जब्त नहीं करेंगे। यदि वाहन में 10 लाख रूपये से अधिक की नकदी पाई जाती है और किसी अपराध से जुड़े होने या किसी अभ्यर्थी या अभिकर्ता या दलीय पदाधिकारी की सहलग्नता का कोई संदेह होता है तो स्थैतिक निगरानी दल नकदी जब्त नहीं करेगा।

वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देकर किया याद

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। शनिवार को जिला बार एसोसिएशन के सभागार में आजादी के लिए खुद को बलिदान करने वाले भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को अधिवक्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि देकर याद किया गया। साथ ही उनसे प्रेरणा लेने की बात कही गई।

जिला बार एसोसिएशन के महामंत्री ने कहा कि देश की आजादी के नायक भगत सिंह में देशभक्ति बचपन से ही कूट-कूट कर भरी हुई थी, युवा पीढ़ी को क्रांतिकारियों के जीवन के बारे में जानकर देशसेवा की सीख लेनी चाहिए।

वरिष्ठ अधिवक्ता शरद चौबे ने कहा कि शहीद सुखदेव, भगत सिंह और राजगुरु ने न सिर्फ जीते जी देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया बल्कि अपने बलिदान से हर भारतवासी के हृदय में स्वाधीनता की अलख जगाई. यह तीनों राष्ट्रभक्त स्वतंत्रता आंदोलन के अमर प्रतीक हैं जो हमें सदैव राष्ट्र की सेवा और एकता के लिए प्रेरित करते रहेंगे। पूर्व कनिष्ठ उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि जिंदगी लंबी नहीं बल्कि बड़ी होनी चाहिए. यह सिर्फ एक साधारण कथन नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन दर्शन है. इस दर्शन को जिसने भी अपनाया वो हमेशा के लिए अमर हो गया. एक ऐसे ही शख्स थे शहीद-ए-आज़म भगत सिंह. भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर 1907 में हुआ और 23 मार्च 1931 को भारत मां का यह सपूत देश के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गया. अंग्रेजी हुकूमत को अपने अदम्य साहस से झकझोर देने वाले भगत सिंह के रग-रग में देशभक्ति और क्रांति थी. वह कहते थे, %%मेरे जज्बातों से इस कदर वाकिफ हैं मेरी कलम, मैं इश्क भी लिखना चाहूँ तो इंकलाब लिखाता हैं। इस दौरान मनोहर चतुर्वेदी,चंद्रप्रकाश संज्ञा, बृजेन्द्र सिंह चौहान, मुरारी कुशवाहा, आनंद प्रजापति,रमेश कुशवाहा, राजेश पाठक, रवि साहू, छोटेलाल कुशवाहा आदि कई अधिवक्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की व अधिवक्ता शशिकांत लोधी ने संचालन किया।

शुद्ध वायु वायरस मुक्त पर्यावरण के लिए मनाएं वैदिक होली

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। प्रकृति के प्रति हम श्रद्धा भाव रखें। सदैव यह ध्यान रहे कि हमारा आचरण प्रकृति के विरुद्ध न हो। हमें यह प्रण लेना चाहिए कि भले ही हमारे प्राण चले जाय पर हमारे कारण प्रकृति का नुकसान न हो । यह बातें पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के काशी प्रांत प्रभारी कृष्ण मोहन ने कहीं। उन्होंने शहर के एक निजी प्रतिष्ठान पर प्रेस वार्ता कर ये बातें कही। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि विभाग सुल्तानपुर के संयोजन में प्रकृति के संरक्षण हेतु प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता में कृष्ण मोहन ने कहा कि वृक्ष प्राकृतिक सौंदर्य के देवता हैं । इन्हें संरक्षित करना हमारा दायित्व है। उन्होंने आगे कहा कि प्रकृति की सुरक्षा हेतु जल संरक्षण आवश्यक है। उनके द्वारा प्राकृतिक रंगों के बारे में चर्चा की गई। आने वाले दिनों में होली का पर्व है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण फैलाने वाली वस्तुओं को होलिका दहन में न जलाया जाए। गोबर की बनी कंडी का ही होलिका दहन में उपयोग किया जाय। पुराने समय में इन्हीं से होलिका दहन किया जाता था। इससे वातावरण शुद्ध रहता है। प्रकृति में ऑक्सीजन का बढ़ावा देना चाहिए न कि कार्बन डाइऑक्साइड की बढ़त हो। हमे आगे के भविष्य के लिए शुद्ध वायु की जरूरत होगी और इसके लिए आवश्यक है कि हम सभी अपनी अपनी जिम्मेदारी समझे। प्रकृति को दूषित होने से बचाने में अपना योगदान दें और लोगों को जागरूक करें। अंतिम में उनके द्वारा बताया गया कि शुद्ध वायु और वायरस मुक्त पर्यावरण के लिए वैदिक होली मनाई जाए। इस अवसर पर सौरभ सी ए, विष्णु प्रकाश वरिष्ठ अधिवक्ता, एडवोकेट आशीष अग्रवाल, अनिल सिंह, राकेश तिवारी, उमेश तिवारी, दिनेश यादव सुंदरम संतोष पाण्डेय, रामजी विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

आचार संहिता के नियमों का पालन करानें के उद्देश्य से की गई गश्त

सुल्तानपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष,शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी कादीपुर महोदय द्वारा थाना दोस्तपुर क्षेत्र में पुलिस बल व अर्धसैनिक बल के साथ एरिया डोमिनेशन के तहत रूट मार्च/फुट पेट्रोलिंग की गई। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अरुणचन्द के पर्यवेक्षण मे होली आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन करानें तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष,शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी कादीपुर व दोस्तपुर पुलिस व अर्धसैनिक बल के साथ एरिया डोमिनेशन के तहत थाना दोस्तपुर के मुख्य मार्गो तथा संवेदनशील स्थानो पर रूट मार्च/फुट पेट्रोलिंग किया गया।

विद्यालय में बच्चों ने मनाई होली

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। रंगों का त्योहार होली बच्चों ने उत्साह से मनाया। इसे लेकर चहुंओर उल्लास का माहौल है। हर कोई होली के रंग में रंगा नजर आ रहा है। विकासखंड बार के उच्च प्राथमिक विद्यालय वस्त्रावन के बच्चों ने होली के अवकाश के लिए विद्यालय बंद होने से पूर्व शनिवार को हर्षोल्लास पूर्वक होली मनाई । इस अवसर पर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। जहां बच्चों ने शिक्षकों को गुलाल लगाकर आशीर्वाद ग्रहण किया वहीं बच्चों ने आपस में खूब गुलाल लगाई और आपस में गले मिलकर सभी ने आपस में शुभकामनाएं दीं। बच्चों ने फूलों से भी खूव होली मनाई। बच्चों ने खूब अबीर-गुलाल लगाकर रंगों के इस प्यारे पर्व पर जीवन में हमेशा रंगों की तरह जीवन को रंगीन, खुशी और हर्ष से परिपूर्ण करने के लिए शिक्षित होने का संदेश दिया। त्योहार को लेकर बच्चों में खासा उत्साह नजर आया। विद्यालय स्टाफ और बच्चों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि होली पर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर यह पर्व मनाया जाता है। यह पर्व हमें भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। बुराई पर अच्छाई की जीत के इस पर्व पर होलिका दहन में अपनी बुराइयों के दहन करने का संकल्प लें। होली मेल मिलाप का त्योहार है। इसमें सभी गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे को गले लगाना चाहिए। केमिकल रंगों से होली न खेलें, इसके लिए हर्बल रंगों, गुलाल का प्रयोग करें। आंखों आदि का ध्यान रखें।

संक्षिप्त समाचार

अधिवक्ताओं ने उड़ाई अबीर गुलाल

ललितपुर। अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी,कचहरी की छुट्टी होने से पूर्व अधिवक्ताओं की टोली ने कचहरी परिसर में घूमकर अधिवक्ताओं को गुलाल लगाई व वरिष्ठ अधिवक्ताओं का आशीर्वाद लिया, होली का हुल्लड़ शुरू होते ही कई अधिवक्ता अबीर गुलाल से अपने को बचाते नजर आएं।इस दौरान अधिवक्ताओं ने जमकर होली स्पेशल गुझिया का भी मजा लिया। इस दौरान अंकित जैन, शेर सिंह यादव, पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, विंद्र घोष, आकाश यादव, शशिकांत राजपूत, आकाश झा, मुकेश कुशवाहा, बृशभान यादव, उमाशंकर कुशवाहा, कृष्ण गोपाल कुशवाहा, रामलखन यादव, गौरव सेन, अवतार लोधी,सुनील शंकर, आदि अधिवक्ताओं ने जमकर गुलाल उड़ाते हुए एक दूसरे को बधाई दी।

गौ माता के गोबर से निर्मित पूजन सामग्री किऐ भेंट

सुलतानपुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदय को गौ माता के गोबर से निर्मित पूजन सामग्री भेट कर पर्यावरण को शुद्ध करने की पहल करते हुए, होली की शुभकामनाऐं प्रेषित की। जिलाधिकारी महोदया व पुलिस अधीक्षक महोदय ने इस पहल की सराहना करते हुऐ संगठन को होली की शुभकामनाऐं दी। जिलाधिकारी महोदया ने आगामी लोकसभा चुनाव में व्यापारियों से शत प्रतिशत मतदान करने हेतु व्यापारी संगठनों को जागरूकता अभियान चलाने का आवाहन किया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने होली के त्योहार को सकुशल संपन्न कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर संगठन के जिला युवा पदाधिकारी व गौ सेवा समिति के सच्चिदानंद कसौधन(माधव),प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय,क्षेत्रीय प्रभारी अमर बहादुर सिंह,जिलाअध्यक्ष विजय प्रधान,वरिष्ठ जिला महामंत्री अम्बरीश मिश्रा,जिला युवा महामंत्री अंकित अग्रहरी,मनोज कसौधन, धन्नजय मुखर्जी, एंव विशाल अग्रहरी आदि कई पदाधिकारी गण उपस्थिति रहे।

पलक पाण्डेय ने लगातार तीन वर्षों से प्राप्त किया गोल्ड मेडल

अपनी कक्षा में लगातार अर्जित किया सर्वाधिक अंक

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले के के एन आई सी ई करौंदिया विवेक नगर में वर्ष 2024 का परीक्षा फल वितरित किया गया। इस उपलक्ष्य में पीटीएम का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों के अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। सभी विद्यार्थियों के अंक उनके अभिभावकों को बताए गए और कक्षा अध्यापक द्वारा अंक पत्र और प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। कक्षा 9 की छात्रा पलक पाण्डेय प्रारंभ की कक्षाओं से ही अपने कक्षा की मेधावी छात्रा रही है। 22 मार्च 2024 को वितरित हुए कक्षा 9 के अंक पत्र में पलक पाण्डेय ने कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर एन डी सिंह और कक्षा अध्यापक हसनात सर ने पलक पाण्डेय को गोल्ड मेडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। संस्थान की उप प्रधानाचार्य तन्वी गोयल और कोऑर्डिनेटर रेनू सिंह ने पलक को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। पलक ने बताया कि वह कठिन परिश्रम करके भविष्य में आईपीएस बनना चाहती है। पलक के पिता संतोष पाण्डेय जी जिले सुल्तानपुर में पत्रकार हैं।

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तरीय समन्वय समिति की बैठक एवं संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन स्थानीय एक होटल में किया गया। शुभारम्भ अपर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलन कर एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। सर्वप्रथम डॉ.आशीष अग्निहोत्री अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी / नोडल अधिकारी एन.टी.सी.पी. द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों एवं कोटापा अधिनियम में वर्णित दण्ड के प्रावधानों से अवगत कराया। राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश लखनऊ से पधारे कार्यक्रम के राज्य सलाहकार सतीश त्रिपाठी द्वारा उपस्थित जनपद के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व प्रतिनिधियों को पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से कोटपा एक्ट 2003 के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। उन्होने तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत बनाये जाने हेतु दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। वालेंट्री हेल्थ एसोसिएशन लखनऊ स्वास्थ्य भवन उ.प्र. के प्रतिनिधि पुनीत श्रीवास्तव ने उपस्थित अधिकारियों से अपेक्षा की कि जनपद को तम्बाकू मुक्त बनाने हेतु सब मिलकर प्रयास करें। उन्होने आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोटपा एक्ट के प्रावधानों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। डा. सौरभ सक्सेना डिस्ट्रिक पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट द्वारा उपस्थित सभी को अधिनियम की धारा-4 के अनुसार सार्वजनिक स्थल जैसे स्टेशन, बस स्टैण्ड, होटल, विद्यालय, कॉलेज या अन्य सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करना वर्जित है तथा नियम तोड़ने वाले को 200 रुपये का जुर्माना देना होगा। कार्यक्रम के जनपद सलाहकार ड. रूपद्रप्रताप सिंह बुन्देला द्वारा सभी को बताया गया कि धारा-5 के अन्तर्गत विज्ञापन संबंधित कानून को तोड़ने पर जुर्माना एवं सजा का प्राविधान है। इसी तरह धारा-6 के अन्तर्गत 18 वर्ष की उम्र से कम आयु वाले लोगों को तम्बाकू उत्पाद बेचने या उनके द्वारा बिकवाने पर भी सजा / जुर्माने का प्रावधान है। एडीएम एफआर अंकुर श्रीवास्तव द्वारा सभी कार्यालयों के कार्यालयध्क्षों को भी निर्देशित किया गया कि वह भी अपने कार्यालय परिसर में धूम्रपान निषेध का बोर्ड निर्धारित प्रारूप के अनुसार ही लगायें एवं उल्लंघन करने वाले कर्मचारियों-अधिकारियों का जुर्माना किया जाये। प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुये मुख्य चिकित्सा अधिकारी ललितपुर द्वारा सभी से कोटपा नियम का अनुपालन करने हेतु अपेक्षा की गयी उन्होने बताया कि राष्ट्रीय कार्यक्रम के लक्ष्यों को पाने के लिये सभी को मिलकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम के अंत में नोडल अधिकारी एन.सी.डी. द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान सीएमएस डा. मीनाक्षी सिंह, एसीएमओ डा. वीरेन्द्र सिंह, उप सीएमओ डा. प्रदीप यादव, डा. राजेश भारती, डा. विशाल पाठक, डा. सिद्धार्थ जैन, डॉ.केतन यादव, डा. स्वाति खरे, डीपीएम रजिया फिरोज, डा. शशांक गुप्ता, डा. देशराज दोहरे, डा. पंकज सुखदेव, दीपक जैन, संजय त्रिपाठी, मंजूलता यादव, पवन कुमार, अनुराग श्रीवास्तव एवं अन्य कर्मचारियों की भी उपस्थिति रहें।

स्कूलों में धूमधाम से मना होली उत्सव

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। जिले के विभिन्न स्कूलों में शनिवार को विद्यार्थियों द्वारा हर्षोल्लास के साथ होलिकोत्सव मनाया गया। रंगों के त्योहार होली पर छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर इस उत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को गले लगकर होली की बधाई दी। माई छोटा स्कूल व एसबीएन कान्वेंट स्कूल के डायरेक्टर अशोक सेन एवं प्रधानाचार्या आराधना शर्मा ने होली के रंगों का महत्व और उस दौरान बरती जाने वाली सावधानी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली भारतीयों द्वारा अत्यधिक पसंद किया जाने वाला त्यौहार है और आज के समय यह त्यौहार देश के सभी समुदायों द्वारा काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। शिक्षिका रानी कुशवाहा ने बच्चों को टीका लगाया और सभी को होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि होली उत्सव का दिन है। यह वह दिन है, जिसे पूरे भारत के लोगों द्वारा और दुनिया के कई अन्य हिस्सों में रंगों के साथ बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाता है। होली के त्यौहार के समय हमें एक दूसरे के प्रति आपसी मनमुटाव को भुलाकर एक-दूसरे के साथ होली का त्यौहार मानना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। वहीं जेबी पब्लिक एकेडमी मड़वारी स्कूल में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ की ओर से नृत्य, भाषण एवं विचार आिद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रबन्धक अरविन्द कुशवाहा ने बताया कि हिन्दू संस्कृति में रंगों का पावन पर्व होली का त्योहार हर वर्ष की भांति विद्यार्थियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर तथा रंग बिरंगे फूलों से होली खेलते हुए नृत्य व होली गीत के साथ महोत्सव मनाया गया। पानी व स्वच्छता के महत्व को ध्यान में रखते हुए गुलाल व फूलों से होली खेली गई। विद्यालय के समस्त विद्यार्थी व स्टाफ ने एक दूसरे को कुमकुम का तिलक लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती राजकुमारी कुशवाहा ने बताया कि होली पर्व के मद्देनजर स्कूल में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल की शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व को उल्लास से मनाया।

होली पर्व पर मिलावट के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा विभाग जागा

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार होली पर्व पर मिलावट के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा ललितपुर नगर पालिका, महरौनी व मड़ावरा क्षेत्र में खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर भरे संदिग्ध खोया, मल्टी सोर्स एडिबल वेजिटेबल ऑयल, सोयाबीन तेल, नमकीन व गुलाब जामुन मिक्स पाउडर, पैकेज ड्रिंकिंग वाटर के भरे नमूने, विशेष अभियान में अब भरे 30 नमूने अभियान लगातार जारी।जनपद ललितपुर में मिलावट के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा होली पर्व पर चल रहे विशेष अभिसूचना आधारित अभियान के क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त खाद्य चितरंजन कुमार ने अवगत कराया है कि जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थो की रोकथाम हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रशांत मलैया व खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय कुमार श्रीवास द्वारा अलग-अलग स्थान पर छापेमारी करते हुए खास तौर पर खोया निर्माण स्थल, डेयरी एवं थोक तेल विक्रेताओं व प्रमुख प्रतिष्ठानों से नमूने एकत्र किए गए है। खाद्य सुरक्षा खाद्य सुरक्षा अधिकारी की गठित टीम द्वारा ललितपुर नगर पालिका,महरौनी व मड़ावरा क्षेत्र में संचालित थोक तेल विक्रेता व डेयरी संचालक व प्रमुख खाद्य विक्रेता पर की छापेमारी भरे मल्टी सोर्स एडिबल वेजिटेबल ऑयल, सोयाबीन तेल, गुलाब जामुन मिक्स पाउडर, नमकीन ,खोया, पैकेज ड्रिंकिंग वाटर के लिए नमूने अभी तक लिए 30 नमूने लिए जा चुके जा चुके है। सहायक आयुक्त द्वितीय ने यह भी बताया कि पूर्व में जिन प्रतिष्ठानों के नमूने मानकों के अनुरूप नहीं पाए थे उन पर भी टीम द्वारा पुन- नमूना संग्रहण किया जा रहा है और यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

नोडल अधिकारियों के साथ प्रगति समीक्षा बैठक हुई आयोजित

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता व उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ला व अन्य नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, सकुशल, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु नियुक्त सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में सौंपे गये उत्तरदायित्वों की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में आदर्श आचार संहिता, सी-विजल एप/वेब व्यवस्था, निर्वाचन व्यय लेखा अनुवीक्षण प्रकोष्ठ, प्रभारी अधिकारी यात्रा भत्ता, एम.सी.एम.सी. एवं प्रेस मीडिया सेल व्यवस्था आदि विषयों पर प्रगति समीक्षा की गयी। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी महोदया द्वारा समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि पुलिस क्षेत्राधिकारियों के साथ अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण करें तथा आगमी त्यौहार के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की सूचना तत्काल मुख्य राजस्व अधिकारी को उपलब्ध करायें। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि पोलिंग सेन्टरों का एक बार अवश्य भौतिक निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि यदि कहीं वाल राईटिंग आदि है, तो उसे तत्काल मिटवाया जाय और आयोग के मंशानुरूप आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सम्बन्धित नोडल अधिकारी से सी-बिजिल एप के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि सभी आधारभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गयी हैं। सी-बिजिल एप का संचालन सभी सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सी-बिजिल एप शुरू किये जाने के सम्बन्ध में सभी आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गयी है तथा कार्मिकों की तैनाती कर उन्हें प्रशिक्षण दिलाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्राप्त होने वाली शिकायतों का तत्काल सम्बन्धित को हस्तानान्तरित कर निस्तारण समय से कराया जा रहा है। मुख्य कोषाधिकारी/नोडल निर्वाचन व्यय लेखा अनुवीक्षण प्रकोष्ठ अरविन्द सिंह द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया गया कि व्यय प्रेक्षक रिपोर्ट, उड़दस्ते द्वारा नगदी अन्य मदों की जब्ती तथा सम्बन्धित शिकायतों पर दैनिक/गतिविधि रिपोर्ट, आदर्श आचार संहिता सम्बन्धित शिकायतों पर उड़दस्ते द्वारा दैनिक गतिविधि रिपोर्ट, स्थैतिक निगरानी द्वारा दैनिक रिपोर्ट, वीडियो निगरानी दलों के लिये क्यू शीट, प्रिन्ट व इलेक्ट्रानिक मीडिया में राजनैतिक दलों द्वारा दिये जाने वाले विज्ञापनों पर कड़ी नजर रखने, कॉल सेन्टर सूचना पर रिटर्निंग अधिकारी की दैनिक कार्यवाही रिपोर्ट भेजने आदि के सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिलाया जा चुका है।

यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

(1) रेल गाड़ी के डिब्बों एवं इंजन पर गोबर, कीचड़ और पत्थर आदि न फेंके। आपके ऐसा करने से चालक/गार्ड व यात्री गम्भीर रूप से घायल हो सकते हैं। ऐसा करना कानूनन अपराध है।
(2) स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छता बनाये रखें।
(3) रेलवे ट्रैक एवं इसके आस-पास भीड़ एकत्रित न करें, यह खतरनाक हो सकता है।
(4) रेल यात्रा के दौरान कोई भी ज्वलनशील अथवा विस्फोटक वस्तु को साथ लेकर यात्रा न करें। यह भारतीय रेल अधिनियम के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है।
(5) गाड़ी की छत एवं पायदान पर यात्रा न करें, यह जानलेवा एवं दण्डनीय है।
(6) स्टेशन पर एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिये पैदल उपरिगामी पुल का प्रयोग करें।

पूर्वोत्तर रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
मुजाधि/संरक्षा–03
nerailwaygkp nerailwaygkp nerailwaygkp
@n.e.railwaygkp www.ner.indianrailways.gov.in @nerailwaygkp

टप्पेबाज महिला चोर गिरोह से लोग परेशान

- पुलिस की सक्रियता पर उठे सवाल
- चार दिन पूर्व ऐसे ही मामले में पकड़ी महिलाओं को बिना कार्यवाही किये छोड़ दिया गया था

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। जनपद में महिला टप्पेबाज चोर गिरोह के आतंक से आमजन त्रस्त हो गए है।आये दिन जेबकतरी,छिनैती के जरिये लोगो के मोबाइल, जेवरात व पैसों को दिन दहाड़े लूटा जा रहा है। बीते दिवसों पूर्व हुई ऐसी ही टप्पेबाजी की घटनाओं ने लोगो को हिला कर रख दिया है।यह घटनाएं महिला गैंग द्वारा ज्यादातर अपने गंतब्य को आ जा रहे व भीड़भाड़ जैसे स्थलों पर पुरुषों व महिलाओं को निशाना बना उनके जेवरात मोबाइल व पैसे निकाल कर टप्पे बाजी कर लेती है।बीते दिवस एक पड़ोसी जनपद जालोंन के थाना कदौरा थाना अंतर्गत आने वाले गांव इटौरा निवासी महिला रेखा पत्नी पुष्पेंद्र जनपद के सुमेरपुर स्थित अपने मायके से ऑटो पर सवार हो ससुराल इटौरा जा रही थी जैसे ही मुख्यालय पहुँची तो उसके जेवरात कानो के झाले,गले का हार और 4 हजार रुपये की टप्पेबाजी महिला गैंग द्वारा कर ली ।तेजी से हो रही वायरल वेडियो में महिला चीख चीख कर कह रही है कि मेरे जेवरात और नगदी दो महिलाओं मतलब एक महिला व एक लड़की जो दो बच्चों को साथ लिए थी उनके द्वारा ऑटो में सवार हो मुख्यालय के फायर ब्रिग्रेड के समीप इस घटना को अंजाम दिया है।कह रही है कि अब उनके ससुराली जन उसे घर मे नही घुसने देगे।इस मामले को लेकर पुलिस मीडिया सेल हमीरपुर द्वारा बताया गया कि आज्ञात महिलाओं द्वारा समान निकाल लिया गया महिला को पता ही नही चला।मिली तहरीर के आधार पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। पर ऐसा ही कुछ मामला मुस्करा थाना क्षेत्र में 19 मार्च को घटित हुआ था जब तीन महिलाओं और एक लगभग 15 वर्षीय नाबालिक बच्ची जो अपने साथ दो छोटे बच्चों को लिए बस में सवार हो चिकासी थाना क्षेत्र के ग्राम अतरा निवासी बीरपाल पुत्र स्व हरचरण रोडवेज में सवार हो किसी कार्य से जनपद मुख्यालय जा रहे थे तभी उनका मोबाइल फोन महिलाओं द्वारा निकाल लिया।जब उसके द्वारा मोबाइल चोरी की आवाज लगाई गई तो तीन महिलाओं के साथ मौजूद नाबालिक बच्ची द्वारा मोबाइल बीरपाल के थैले में डाल भागने लगी जिन्हें लोगो ने देख व चौराहे पर मौजूद पुलिस कर्मियों की मदद से उन्हें मुस्करा कोतवाली में लाया गया।पीड़ित ने उक्त घटना से संबंधित शिकायती पत्र सौप उक्त महिलाओं के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की मांग की।कुछ देर चली पुलिसिया पूछताछ के उपरांत उक्त सभी महिलाओ को बिना कोई कार्यवाही किये उन्हें छोड़ दिया गया।चर्चा का विषय तो जनपद में यह भी है कि आये दिन इस महिला चोर गिरोह द्वारा अक्सर ऐसी घटनाओं को लगातार अंजाम दिया जा रहा है। जब इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक से पकड़े गयी महिलाओं पर कार्यवाही न किये जाने और उक्त महिलाओ को छोड़े जाने की बात पूछी गयी तो उन्होंने जांच चल रही होने की बात कह मामले से इति कर ली। सोचने वाली बात तो यह है कि जब जनपद में ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा हो और पुलिस द्वारा ऐसे ही घटनाओं से संबंधित मामले में कोई गिरोह हाथ लग जाता है तो बिना किसी जांच के उन्हें छोड़ देना शायद न्याय संगत नही होगा। वायरल वीडियो में टप्पेबाजी की शिकार महिला के बताए निसान देही और पकड़ी गई महिलाओं की निसान देही एक ही है।जिससे यह प्रतीक होता है कि कही मुस्करा पुलिस द्वारा छोड़ी गई महिलाओं द्वारा ही तो नही ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा।हालाकि महिलाओं को बिना कार्यवाही छोड़े जाने को लेकर लोग तरह तरह की बात करते देखे जा रहे है।

संगठन के चुनाव को लेकर नगर उद्योग व्यापार मंडल ने की बैठक

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। विगत दिवस को त्रि वार्षिक चुनाव के संबंध में साबरी गेस्ट हाउस में नगर के समस्त व्यापारियों की एक आम मीटिंग हुई जिसकी अध्यक्षता जिला महामंत्री सूर्यकुमार तिवारी ने की आमसभा को संबोधित करते हुए तिवारी ने बताया कि नगर उद्योग व्यापार मंडल आराजनीतिक संगठन है जो व्यापारियों के हित के लिए सदैव खड़ा रहता है हर 3 वर्ष बाद संगठन का चुनाव संपन्न होता है अभी तक संगठन में पांच पद थे कमेटी की मांग के अनुसार अब सात पदों पर चुनाव संपन्न होंगे जो निम्नव त हैं अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री एवं मंत्री पद में चुनाव संपन्न होंगे आज जिला महामंत्री ने पुरानी कमेटी को भंग करके कार्यवाहक के रूप में इसी वर्तमान कमेटी को कार्य करने के लिए चुनाव तक कार्यवाहक में नियुक्त किया नगर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने 554 सदस्यों की सूची एवं धनराशि बैंक में जमा कर के जिला महामंत्री को सौंपी आगामी चुनाव की तिथि की घोषणा हुई जो निम्नवत है नगर महामंत्री राकेश साहू ने 3 वर्ष का विवरण प्रेषित किया और बताया कि 20 मार्च को सदस्यता पूर्ण करके जिला कमेटी को सौंप दिया है नगर अध्यक्ष धीरेंद्र गुप्ता ने बताया की अग्रिम कार्यवाही जिला महामंत्री के सूर्यकुमार तिवारी की अध्यक्षता में कार्य होते रहेंगे जब तक चुनाव संपन्न नहीं हो जाते तब तक किसी भी व्यापारी की समस्या का निदान कारवाहक अध्यक्ष के रूप में करता रहूंगा इस मौके पर सभी व्यापारियों के प्रतिष्ठानों में एजेंडा घूमा करके सूचित किया गया और शाम 8:00 बजे मीटिंग संपन्न हुई इस मीटिंग में धर्मेंद्र दीक्षित, युवा रोहित तिवारी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा, पुष्पेंद्र पुरवार, अंकित सचान, अभिषेक सोनी, मकबूल अहमद साबरी, भारत श्रीवास्तव, शाश्वत, रोहित गुप्ता, अनिल गुप्ता, रविंद्र सचान, योगेंद्र गुप्ता, नरेंद्र वाजपेई, सुभाष साहू, विनय बाजपेई, आदि सैकड़ो व्यापारी उपस्थित रहे... नगर उद्योग व्यापार मंडल का अग्रिम प्रोग्राम भी जो है प्रेषित किया गया।

अपर जिलाधिकारी ने धर्मगुरूओं के साथ की बैठक

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में होली पर्व को परस्परिक सहायोग, सौहार्द के साथ मनाये जाने एवं पवित्र माह रमजान/ईद के दौरान विधि व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी धर्मगुरूओं (पीस कमेटी) की बैठक की गयी। होली पर्व व माह रमजान को सकुशल सम्पन्न कराने के मकसद से धर्मगुरूओं व अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की गयी, बैठक में अपर जिलाधिकारी ने होली पर्व के मद्देनजर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष होलिका दहन 24 मार्च, 2024 को तथा 25 मार्च, 2024 को रंग भरी होली के रूप में मनाया जायेगा, यह पर्व सम्पूर्ण जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, इस त्यौहार पर विभिन्न स्थानों पर लोग समूह में रंग खेलते हुए चलते हैं, ऐसे स्थलों पर जहां पर लोग अधिक संख्या में एकत्रित होते हैं, वहां संभावित घटनाओं का पूर्वानुमान लगाया जाना और किसी घटना के घटित होने पर नियंत्रण हेतु तत्परता पूर्वक प्रभावी कार्यवाही करना आवश्यक होता है, उल्लेखनीय है कि विधि एवं शांति व्यवस्था के अन्तर्गत निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा-144 सोनभद्र के सम्पूर्ण क्षेत्र में प्रभावी है।

तीनों शहीद सही मायने में मां भारती के जमीनी जांबाज थे

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर सुमेरपुर। जंगे-आजादी मे देशभक्तों के अभीष्ट योगदान को देखते हुये वर्णिता संस्था के तत्वावधान मे विमर्श विविधा के अन्तर्गत जरा याद करो कुर्बानी के तहत देश की आजादी के संघर्ष के बेमिसाल बलिदानी भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु की पुण्यतिथि 23 मार्च पर संस्था के अध्यक्ष डा भवानीदीन ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये कहा कि ये तीनों शहीद सही मायने मे मा भारती के जमीनी जाबांज थे,इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है,भगतसिंह का 28सितंबर 1907 को पंजाब के लायलपुर जिले बंगा नामक गाव मे सरदार किशन सिंह और मा विद्यावती के घर हुआ था,ये बचपन से ही क्रातिधर्मी विचारों के थे, शिक्षा काल मे ही भगतसिंह ने भारत नौजवान सभा का गठन कर लिया था,सुखदेव का जन्म 15 मई 1907 को पंजाब के लुधियाना मे रामलाल थापर और रल्ला देवी के घर हुआ था, ये कुशल संगठन कर्ता थे,शिवराम हरि राजगुरु का जन्म 24अगस्त 1908 को पुणे के खेडा गाव मे हरिनारायण और पार्वती के घर हुआ था ये बचपन से ही वीर और साहसी थे। ये तिलक से बहुत प्रभावित थे, ये अच्छे निशानेबाज थे। इन तीनों का अंग्रेज अधिकारी सान्डर्स की हत्या, असेम्बली मे बम फेकने सहित कई महत्वपूर्ण क्रातिकारी घटनाओं मे प्रभावी योगदान था, ये हमेशा देश की आजादी के बारे मे सोचते थे।ये तीनों युवावीर गोरों की नजरों मे चढे थे, सान्डर्स की हत्या लाहौर केस के रूप मे जानी गयी, पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लेने के बाद न्याय का नाटक हुआ, ये तीनों लगभग 23-24 वर्ष की युवा उम्र मे लाहौर की सेन्ट्रल जेल मे फासी के फन्दे पर झूल कर अमर हो गये। कार्यक्रम मे अवधेश कुमार गुप्ता एडवोकेट, अशोक अवस्थी, बाबू लाल, प्रेम, महावीर प्रजापति, आशीष, कल्लू, दस्सी, भोलू, रिचा और धीरज आदि शामिल रहे।

एनटीपीसी विंध्याचल में मनाया गया विश्व गौरैया दिवस

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/विंध्याचल। एनटीपीसी विंध्याचल पर्यावरण प्रबंधन विभाग द्वारा परियोजना के सुभाष चन्द्र लेकपार्क में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। इस वर्ष की थीम थी ÷मुझे गौरैया से प्यार है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा द्वारा कृत्रिम घोंसले बनाकर लेक पार्क में पेड़ों पर लटकाए गए साथ ही सभी नगरवासियों को पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया, जो पक्षियों की सुरक्षा और संरक्षण हेतु एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री समीर शर्मा ने अपने उद्बोधन में सभी नगरवासियों को पक्षियों व पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बताया एवं पक्षियों व पर्यावरण संरक्षण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता निभाने हेतु जागरूक किया। उन्होने यह भी कहा कि घरों में गौरैया की चहचहाट सुनाई पड़ने के कारण हमें प्रकृति से जुड़े रहने का अहसास दिलाती थी, जो वह आजकल खत्म सी हो गयी है। इसलिए हम सबका कर्तव्य है कि हम अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करें तथा पक्षियों के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उनके संख्या में बढ़ोत्तरी हेतु अपना योगदान दें। आने वाली गर्मियों में पक्षियों को पानी और दाने के लिए होने वाली परेशानी को दूर करने का प्रयास करें एवं घरों की बालकनी या छत पर पानी भरा मिट्टी का बर्तन, गौरैया के घोंसले के लिए डिब्बे की व्यवस्था करें जो उनके संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल होगा।

जनपद में हो रही सड़क दुर्घटनाओं से आम जनमानस की मृत्यु का जिम्मेदार कौन

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। जनपद में वर्तमान में लगातार ट्रको से दुर्घटना होती जा रही है । उन घटनाओं में कुछ दिनों पूर्व मौदहा मे पुलिस की परीक्षा देने जा रहे भाई-बहन को डंपर ने टक्कर मार दी थी, जिससे मौके पर ही बहन की मौत हो गई थी। उसी प्रकार मौदहा में ही एक डीसीएम चालक ने नशे में ट्रक चलाया और सात लोगों को टक्कर मारी थी, जिनमें तीन लोगों की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मौदहा नगर इकाई के द्वारा एसडीएम मौदहा को लिखित रूप से ज्ञापन देकर ट्रकों से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में बताया गया था तथा तुरंत संज्ञान लेने के लिए भी कहा गया था,परंतु प्रशासन और पुलिस के द्वारा इस मामले को पैसे लेकर रफा-दफा कर दिया गया था। उसके बाद अज्ञात वाहन ने कुछ दिन पूर्व नेशनल हाईवे में बाइक सवार को टक्कर मारी थी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई थी।

पांच दिन पूर्व ही स्कूटी सवार सगे दो भाइयों को डंपर ने रौंद दिया था,जिससे छोटे भाई की मौत हो गई थी।इन सब घटनाओं की वजह से अब आम जनमानस भयभीत है, हमीरपुर जनपद में ऐसी घटनाएं रुकने का नाम ही नहीं ले रही हैं और नेशनल हाईवे में लगातार बालू से भरे ओवरलोड ट्रक चल रहे हैं अधिकांश घटनाएं इससे ही होती हैं। प्रशासन की साठ- गाठ होने के कारण ट्रकों पर भी कोई कार्यवाही नहीं होती है ।इसी वजह से हमीरपुर जनपद में दुर्घटनाएं के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं और आम जनमानस का हाईवे में चलना मुश्किल हो गया है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा लगातार हो रही ट्रकों से दुर्घटनाओं को लेकर आज मौदहा के हाथी दरवाजा के पास में हस्ताक्षर अभियान चलाया है जिसके माध्यम से हम यह संदेश देना चाहते हैं कि ओवरलोड ट्रक पर पाबंदी लगनी चाहिए तथा दिन के समय नगर के अंदर ट्रक की एंट्री पर भी पाबंदी लगनी चाहिए।हस्ताक्षर अभियान में लोगों ने भी भाग किया। इस दौरान नवनीत चौहान, अक्षय गहोई, अंश सोनी, आर्यन गुप्ता, आयुष निगम, अभय? शिवहरे, श्रेयांस, शेखर, गोपालू, अहसान, ऋषि गोस्वामी, राज सोनी, संजू, अभिजीत, आनंद गुप्ता, अनुपम आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

युवती ने रस्सी से गले में फंदा कसकर की खुदकुशी

बदौसा। थाना क्षेत्र के खटेहटा गांव में शुक्रवार की रात को युवती ने छल्ले में रस्सी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आधी रात को परिजनों ने देखा तो कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है। खटेहटा गांव निवासी मंजू (32) पत्नी बुद्धविलास ने शुक्रवार की रात को घर की छत पर लगे छल्ले में रस्सी फंसाकर गले में फंदा कसकर खुदकुशी कर ली। बड़े बेटे आदर्श ने मां का शव फंदे पर लटकते हुए देखा तो चीख पड़ा। शोर सुनकर मौके पर घरवाले भी पहुंच गए। परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। खबर पाकर प्रभारी निरीक्षक सविता श्रीवास्तव हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में ले लिया। परिजनों से पूछतांछ भी की गई। उपनिरीक्षक गुलाब यादव ने पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रानी दुर्गावती मेडिकल मेडिकल कालेज भेज दिया।

तीन अदद ट्रक बरामद व 6 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र द्वारा अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी पिपरी के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह थाना पिपरी के कुशल नेतृत्व में दिनांक 29/02/2024 को थाना पिपरी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 42/2024 धारा 407 भा0द0वि0 थाना पिपरी जनपद सोनभद्र से सम्बन्धित हिण्डालको कम्पनी का माल एल्यूमिनियम कुल भार 62803 KG (कीमती 16068822.01/- रूपया) जो वाहन संख्या GJ03BV4632 पर कुल 28893 KG, 1276 पीस एल्यूमिनियम इन्गट (कीमत करीब 7392589.74 रूपया), व वाहन संख्या GJ03BY7862 पर माल 33910 KG एल्यूमिनियम (कीमती करीब 8676232.27 रूपया) लोड कर हिण्डालको रेनूकूट से JSW स्टील डोल्वी रायगढ महाराष्ट्र भेजा गया था। उसे रास्ते में वाहन स्वामी की साजिश से वाहन चालकों द्वारा गायब कर दिया गया था, को अभियोग के अनावरण, अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी हेतु गठित SOG/सर्विलांस तथा थाना पिपरी की संयुक्त टीम द्वारा 6 नफर अभियुक्तगण को दिनांक 17.3.2024 को समय करीब 10.50 बजे थाना क्षेत्र नारोल जिला अहमदाबाद गुजरात से गिरफ्तार कर सम्पूर्ण माल की शतप्रतिशत बरामदगी कर अहमदाबाद स्थित मा0 न्यायालय से ट्रांजिट रिमाण्ड प्राप्त कर माल व मुल्जिमान को जनपद सोनभद्र लाया गया।

संक्षिप्त समाचार

सीआरपीएफ व पुलिस द्वारा किया गया भ्रमण गांव

हमीरपुर। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीआरपीएफ व कुरारा थाना पुलिस द्वारा बर्नवेल गांव का भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक किया तथा भय मुक्त होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। कुरारा क्षेत्र के बर्नवेल गांव कस्बा कुरारा सहित झलोखर, पतारा,लहरा, बेरी गांव में बर्नबेल व्यक्तियों के संवाद कर उन्हे जागरूक किया मतदाताओं को भरोसा दिलाते हुए भय मुक्त मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान थाना प्रभारी योगेश तिवारी,उपजिलाधिकारी सदर पवन कुमार पाठक, सी ओ सदर राजेश कमल, थाना पुलिस बल सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहे।

ओलावृष्टि एवं आंधी तूफान से पारा क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति लाइन के टूटे पोल

हमीरपुर। एक माह पूर्व कुरारा क्षेत्र के गावों में हुई ओलावृष्टि व आंधी तूफान से पारा क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति लाइन के पोल टूट गए थे। जिससे नलकूप से गेंहू की फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है। तथा जायद की फसल की तैयारी नही हो पा रही है। एक माह पूर्व पारा क्षेत्र में ओलावृष्टि के साथ तेज तूफान आने के कारण जल्ला फीडर से पारा , कंडोर, आदि गांवों में विद्युत आपूर्ति लाइन क्षति ग्रस्त हुई थी।विभाग द्वारा इस विद्युत लाइन को ठीक नही किया गया है। क्षेत्र के पारा गांव निवासी सनत श्रीवास्तव, प्रभात श्रीवास्तव, कालका प्रसाद तिवारी,आदि किसानो ने बताया कि निजी नलकूप के लिए गई विद्युत आपूर्ति लाइन के पोल टूट जाने से नलकूप की विद्युत आपूर्ति बाधित चल रही है। इस से आधा दर्जन निजी नलकूप ठप हो गए हैं। जिससे गेंहू की फसल की आखिरी सिंचाई नहीं हो पाई है। जिससे फसल खराब हो गई है।तथा जायद की फसल की तैयारी नही हो पा रही है। किसानो ने विद्युत आपूर्ति बहाल कराए जाने की मांग विद्युत विभाग से की है।

पाइपलाइन लीक होने से पानी हो रहा बर्बाद



हमीरपुर। कस्बा कुरारा के नगर पंचायत के सामने जलसंस्थान की पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण पानी बहकर बर्बाद हो रहा है। नगर पंचायत के सामने से निकली पेयजल आपूर्ति पाइप लाइन के लीकेज होने के कारण पानी बहकर बर्बाद हो रहा है। जल संस्थान विभाग द्वारा इसको ठीक नहीं किया जा रहा है। इस जगह पर कई बार पाइप लाइन टूट चुकी है। लोगो ने पाइप लाइन का लीकेज ठीक कराए जाने की मांग की है।

पांच किलो सूखे गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

कमासिन। अरसे से मादक पदार्थो की तस्करी में लिप्त एक हिस्ट्रीशीटर सहित दो युवक बाइक से लोहरा की तरफ से कमासिन आ रहे थे, तभी जमरेही चैराहा के पास पुलिस ने चेकिंग के दौरान बाइक रोक ली। तलाशी के दौरान डिग्गी से पांच किलोग्राम सूखा गांजा बरामद किया। इसी बीच एक हिस्ट्रीशीटर मौके का फयदा उठाकर भाग निकला। जबकि नवल सिंह पुत्र बृजेश सिंह निवासी लोहरा को गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से फरार हिस्ट्रीशीटर विक्रम सिंह उर्फ दिगंबर सिंह पुत्र राजकरण सिंह निवासी लोहरा की तलाश की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक ऋषि देव सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। एक आरोपी को जेल भेज दिया गया है। दूसरे को गिरफ्तार कर जल्द जेल भेजा जाएगा।

विवेचनाओ में बेहतर कार्य पर अधिकारियों हुए सम्मानित: कालू सिंह

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। पुलिस लाइन कर स्थित सभागार में जेडी अभियोजन एवं प्रॉसिक्यूटर कार्यालय मुंशीयों के साथ कार्यशाला गोष्ठी का आयोजन किया गया। एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह यह दस्त में करशाला में मौजूद जेडी अभियोजन एवं प्रॉसिक्यूटर कार्यालय मुंशीयों को जिले में बेहतर विवेचकों के कार्य प्रणाली वी किए गए कार्यो को लेकर प्रपत्र के साथ सम्मानित करते हुए उनका हौसला वर्धन किया गया वहीं एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह ने बताया कि नए कानून भारतीय न्याय संगीता भारती नागरिक सुरक्षा संहिता वह भारतीय साक्ष्य अधिनियम के विभिन्न जानकारी देते हुए उनमें बेहतर कार्य प्रणाली करने को होस्लावर्धन किया गया जिसके तहत मौजूद अधिकारी कर्मचारी पुलिस कार्यालय मुंशीयों अथवा विवेचकों को प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया और उनके द्वारा संबंधित मामलों में चर्चा कर संबंधितों को जानकारी दी गई इस मौके पर जेडी राम समुझ, एस पी ओ सतीश वर्मा, डीजीसी ज्ञानेंद्र शरण राय, सदर सिओ संजीव कटिहार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पांच सैकड़ा स्थानों पर होगा होलिका दहन, पुलिस सतर्क

बांदा। इस वर्ष जनपद में पांच सैकड़ा से भी ज्यादा स्थानों पर होलिका दहन होगा। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सभी जगह रंगों के इस त्योहार के लिये तैयारियां शुरू हो गई हैं। होरियारों ने होलिका दहन के लिये लकड़ियां चुनने और ढेर लगाकर इसे होलिका का रूप देने का काम शुरू कर दिया है। प्रशासन इस बात को लेकर पहले ही आगाह कर चुका है कि होलिका दहन किसी नये स्थान पर नहीं होगा। जहां पहले से होलिका दहन होता आया है वहीं होली जलायें। इधर, होलिका दहन से ही रंगबाजी का सिलसिला शुरू हो जाता है। इसको लेकर प्रशासन सतर्क है।

शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सभी जगह रंगों के त्योहार होली की तैयारियां आरंभ हो गई हैं। होली की तैयारियों में सबसे पहला काम लकड़ियां एकत्र करने का है।

उत्तर पुस्तिकाएं का अध्यापकों द्वारा किये जा रहे मूल्यांकन का निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। इस दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न कक्षों में किये जा रहे मूल्यांकन का बारी-बारी से जायजा लिये और अध्यापक/अध्यापिकाओं को निष्पक्ष तरीके से उत्तर पुस्तिकाओं को जॉचने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा जॉची गयी कुछ उत्तर पुस्तिकाओं को गंभीरता पूर्वक देखा और संतोष व्यक्त किया गया, जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि मूल्यांकन सम्बन्धी कार्यों को सुचारू रूप से कराया जाये, इसमें किसी प्रकार की समस्या न आने पायें, इस बात का विशेष ध्यान दिया जाये। जिलाधिकारी ने परीक्षकों से वार्ता करते हुए मूल्यांकन कार्य में किसी प्रकार की होने वाली असुविधा का भी जायजा लिया, तो परीक्षक द्वारा बताया गया कि किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है, सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक श्री आर0पी0 यादव ने बताया कि मूल्यांकन कार्य सही से चल रहा है, इस कार्य में किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं है, कापियों के मूल्यांकन की निगरानी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर बने कन्ट्रोल रूम से भी किया जा रहा है। इस दौरान विद्यालय के लैब कक्ष, स्टोर रूम का भी जायजा लिया और बेहतर गुणवत्ता के साथ बनाने, परिसर में साफ-सफाई बनाये रखने के निर्देश सम्बन्धित को दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने राजकीय बालिका इण्टर कालेज परिसर में निर्माणाधीन भवन व भवन के मरम्मत कार्य के प्रगति का भी आकस्मिक निरीक्षण किये, भवन को जल्द से जल्द बेहतर गुणवत्ता के साथ तैयार करने के निर्देश दिये, उन्होंने कहा कि निर्माण/मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा किया जाये, किसी प्रकार की समस्या होने पर सम्बन्धित से समन्वय स्थापित करते हुए निर्माण/मरम्मत के कार्य प्रगति में तेजी लाया जाये, इस कार्य में शिथिलता न बरती जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि परिसर में जो भी निर्माण कार्य कराया जाये, उस कार्य की कार्ययोजना बनाते समय इस बात का ध्यान रखा जाये कि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न होने पाये और खाली पड़ी भूमि का सही तरीके से उपयोग में लाया जा सके।

रमज़ान पर किये गये सवालों के जवाब

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में मंगलवार से रमजान हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा के पैनल ने दिये। सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9335929670, 9415102947, 7007705774 और 9140427677 के साथ ही ई-मेल ramzanhelplinewz@gmail.com और वेबसाइट www.farangimahal.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

सवाल: क्या रोजे की हालत में मेडिकल टेस्ट के लिए इंडोस्कोपी कराई जा सकती है?

जवाब: जी हां, करा सकते हैं।

सवाल: फितरा किस पर वाजिब है?

जवाब: जो जकात के निसाब का मालिक हो उस पर वाजिब है।

सवाल: कितनी दूर और कितने दिन का कयाम करने पर नमाज कस्र होगी और इस दौरान रोजे का क्या हुक्म है?

जवाब: अगर कोई अपने घर से 77 किलोमीटर से अधिक का सफर करे और पन्द्रह दिन से कम ठहरने का इरादा हो तो नमाज कस्र होगी। चाहे तो सफर में रोजा रखे या बाद में कजा करे।

सवालः क्या रोजे की हालत में मां अपने बच्चे को दूध पिला सकती है?

जवाब: जी हां, पिला सकती है।

सवालः दहेज में देने के लिए जो जेवर बनवाए हैं क्या उन पर भी जकात वाजिब है?

जवाब: जी हां, उन पर भी जकात वाजिब है।

इसी तरह इदारए शरैय्या फिरंगी महल की हेल्पलाइन पर मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा ने लोगों के सवालों के जवाब दिये। सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9807404508 और 9918117798 तथा ई-मेल firangimahel@gmail.càæm पर सम्पर्क किया जा सकता है।

सवाल: जकात के मुस्तहक अपने करीबी रिश्तेदार की बेटी को शादी में जेवर बनवा देने से जकात अदा होगी या नहीं?

जवाब: जकात अदा हो जाएगी।

सवाल: कोई जान कर रोजा न रखे और मजाक में बातें तो क्या हुक्म है?

जवाब: बिना मजबूरी रोजा छोड़ने, कजा न करने और मजाक करने वाले का काफिर हो जाना और सजा साफ तौर पर जहन्नुम है। खिलाने वाला भी गुनहगार होगा।

सवाल: वित्र की नमाज में दुआए कुनूत न पढ़ी बाद में याद आया तो सज्दा सहू कर लिया क्या नमाज पूरी होगी?

जवाब: सज्दा सहू कर लेने से वित्र की नमाज अदा हो जाएगी।

सवाल: सज्दा किन परिस्थितियों में वाजिब है?

जवाब: नमाज के अरकान में किसी वाजिब हिस्से को छोडने या उसमें देरी, फर्ज को आगे-पीछे करने, आहिस्ता नमाज को जोर से पढने, ईद की दूसरी रकअत में रूकू की तकबीर छोडने, रुकू के बाद खड़ा न होने और सज्दा करने आदि कमी या ज्यादती पर सज्दा सहू करने से नमाज सही होगी नहीं तो दोहराना होगी।

मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने दिये जवाब

कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से हेल्पलाइन सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने दिये। हेल्पलाइन पर सवाल मोबाइल नम्बर 9415580936, 9839097407 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक या ई-मेल masael@gmail.com पर पूछे जा सकते हैं। महिलाओं के सवालों के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

सवालः बूढ़ा व्यक्ति या रोगी किस हद तक रोजा छोड़ सकता है?

जवाबः जब किसी की जान को खतरा हो या बीमारी बढने की आशंका हो तो रोजा छोड़ा जा सकता है।

सवालः क्या रोजे के दौरान दांत का इलाज कराया जा सकता है?

जवाबः रोजेदार दांत का इलाज करा सकता है। जानबूझ कर खून निगल ले तो रोजा टूट जाएगा।

सवालः किसी औरत ने हाथों में मेंहदी और नेल पॉलिश लगाई हो तो क्या वजू सही होगा?

जवाबः मेंहदी लगाई है तो वजू और गुस्ल सही होगा लेकिन नेल पॉलिश को पहले साफ करना होगा फिर वजू किया जाएगा।

सभी देश व प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

पवन अग्रवाल
समाजसेवी
अध्यक्ष उत्तर प्रदेश फुटवियर एसोसिएशन

गीता पासी
सपा नेता
विधायक सोरावं विधानसभा
प्रयागराज

सभी देश व प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

अफजाल मुजीब
युवा समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी शहर दक्षिणी प्रयागराज

सभी देश व प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

हलीम अंसारी
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
फूलपुर लोकसभा
प्रयागराज

सभी देश व प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

शशांक त्रिपाठी
समाजसेवी, सपा नेता
पूर्व पत्याशी शहर उत्तरी प्रयागराज



सभी देश व प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

बृजेश पांडेय
समाजसेवी, अपनादल
निदेशक पांडेय क्लासेज प्रयागराज
भदोही लोकसभा भदोही

सभी देश व प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

अतुल द्विवेदी
भाजपा नेता (समाजसेवी)
पूर्व प्रत्याशी फूलपुर लोकसभा प्रयागराज

सभी देश व प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

एक्यूरा क्रिटिकल
केयर सेण्टर
लोकसेवा आयोग चौराहा प्रयागराज

सभी देश व प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

डॉ सुशील सिन्हा
समाजसेवी, बीजेपी नेता
अध्यक्ष कायस्थ पाठशाला प्रयागराज

निदेशक द्वारिका अस्पताल प्रयागराज